CMYK

अधिकतम :40°C
न्यूनतम: 27°C
81,186.44
24,683.90
96,380
97,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुरादाबाद, बुधवार 21 मई 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 22 अंक 281 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2082 22 ज़ीक़ादा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

# पोस्टर वॉर: कांग्रेस ने जयशंकर को जयचंद कहा

## भाजपा ने राहुल को मीर जाफर बताया था, पाक आर्मी चीफ के साथ चेहरा किया मिक्स

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर पर भाजपा और कांग्रेस के बीच पोस्टर वार जारी है। भाजपा के राहुल गांधी को मीर जाफर बताने के जवाब में कांग्रेस ने विदेश मंत्री एस. जयशंकर को जयचंद करार दिया। मंगलवार को शुरुआत भाजपा नेता अमित मालवीय ने की।

उन्होंने दो पोस्टर जारी किए। एक में राहुल गांधी का चेहरा पाकिस्तान के आर्मी चीफ आसिम मुनीर के साथ मिक्स किया। हालांकि, पोस्ट में उन्होंने मुनीर के नाम का जिक्र नहीं किया। इसके जवाब में कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने दोपहर 3 बजे पोस्टर जारी किया। इसमें विदेश मंत्री एस. जयशंकर को जयचंद करार दिया। अमित मालवीय ने लिखा कि राहुल ने प्रधानमंत्री को ऑपरेशन सिंदूर के सफल होने की बधाई तक नहीं दी। वह बार-बार पूछते हैं कि हमने कितने एयरक्राफ्ट खो दिए, लेकिन राहुल ने कभी यह नहीं पूछा कि भारतीय सेना ने इस लड़ाई में कितने पाकिस्तानी जेट मारे या कितने हवाई अड्डों को तबाह किया। मालवीय ने दूसरा पोस्टर जारी करते हुए राहुल को आज के समय का मीर जाफर बताया। इस पोस्टर में राहुल, पाकिस्तान की सीमा के अंदर पीएम शहबाज शरीफ की पीठ पर चढ़े हुए हैं। वे भारतीय बॉर्डर में झांकते हुए पूछ रहे हैं कि हमने कितने एयरक्राफ्ट खोए? नीचे शहबाज कहते हैं कि तेज आवाज में पूछो। 19 मई को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा था कि विदेश मंत्री की चुप्पी निंदनीय है और इससे सब साफ हो रहा है। मैं फिर से पूछूंगा कि उन्हें ऐसा करने का अधिकार किसने दिया, उनके ऐसा करने से हमारी वायुसेना ने कितने विमान खो दिए। 17 मई -शेष पृष्ठ दो पर



- राहुल ने पीएम को ऑपरेशन सिंदूर के सफल होने की बधाई तक नहीं दी: भाजपा
- कांग्रेस ने भाजपा को सिंदूर का सौदागर बताया

# यूट्यूबर ज्योति के फोन स्टोरेज से मिला बीएसएफ मूवमेंट का वीडियो

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में गिरफ्तार यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा से सोमवार को एनआईए, जम्मू-कश्मीर पुलिस और इंटेलिजेंस टीम ने पूछताछ की। उससे आतंकी संपर्कों को लेकर सवाल-जवाब किए गए।

इस पूछताछ के दौरान उसके स्मार्टफोन और लैपटॉप की डिजिटल फोरेंसिक जांच की गई। उसके क्लाउड स्टोरेज में बीएसएफ मूवमेंट, रडार लोकेशन और हाई सिक्योरिटी जोन दिखाने वाले कई वीडियो मिले। वहीं, उसके कॉल डिटेल रिकॉर्ड्स से पता चला कि ज्योति एक अंतर्राष्ट्रीय नंबर और दिल्ली स्थित पाकिस्तानी उच्चायोग के लगातार संपर्क में थी। इसके साथ ही वह भारत से निष्कासित पाकिस्तान उच्चायोग के कर्मी दानिश से जुड़े फेक प्रोफाइल्स के साथ चैट और ग्रुप में जुड़ी थी। उसके वीडियो के मेटा डेटा दिखाते हैं कि कई रिकॉर्डिंग पाक की उन जगहों पर हुईं, जहां आम लोग नहीं जा सकते। ये भी पता चला कि ज्योति के जीमेल अकाउंट में पाकिस्तानी आईपी से कई बार लॉग इन हुआ। हाई रैंकिंग खुफिया सूत्रों के मुताबिक, संदिग्ध यात्राएं, विदेशी संपर्क और यूट्यूब चैनल पर अपलोड हुए संवेदनशील वीडियो के चलते ज्योति कई महीने से खुफिया एजेंसियों के रडार पर थी। डिजिटल फोरेंसिक जांच में उसकी विदेश यात्राओं के साथ-साथ पठानकोट, नाथू ला पास और अरुणाचल के सीमावर्ती क्षेत्रों में संदिग्ध गतिविधियों के प्रमाण मिले। ज्योति के स्मार्टफोन और लैपटॉप की लोकेशन हिस्ट्री, फोटो मेटा डेटा और क्लाउड स्टोरेज ने रणनीतिक और सीमाई क्षेत्रों में वीडियो रिकॉर्डिंग की ओर एजेंसियों का ध्यान खींचा। ज्योति ने पूछताछ में क्या बताया, इस पर अधिकारियों ने चुप्पी साध रखी है।



- यूट्यूबर से एनआईए, जम्मू-कश्मीर पुलिस और इंटेलिजेंस टीम ने की पूछताछ

उसका इंस्टाग्राम अकाउंट सस्पेंड कर दिया गया है। वह जून 2023, नवम्बर 2023 और अप्रैल 2024 में पाकिस्तान गई थी। वहीं, ज्योति की ट्रैवल ब्लॉग पार्टनर ओडिशा की प्रियंका सेनापति ने सोशल मीडिया पर लिखा कि अगर पता होता कि वह दुश्मन देश की जासूस है, तो संपर्क नहीं करती। ज्योति ने पाकिस्तान, चीन और बांग्लादेश के अलावा पाकिस्तान व चीन से लगते संवेदनशील बॉर्डर एरिया के वीडियो भी सोशल मीडिया पर अपलोड किए थे। उसने राजस्थान के थार में बॉर्डर के पास एक गांव में वीडियो बनाई थी। यहां महिलाओं से पूछा था कि पाक कितना दूर है। पुलिस रविवार देर रात ज्योति को उसके घर ले गई। वह चार-पांच जोड़ी कपड़े लेकर गई। इस दौरान, मेज पर रखी नोट बुक में लिखकर गई, मैं जल्दी आ जाऊंगी। ज्योति जब भारतीय जत्थे के साथ पाकिस्तान के गुरुद्वारे गई तो आईएसआई और दानिश के कहने पर सूचनाएं लीक की गईं। उसके मोबाइल में पाकिस्तानी ऑफिसर के साथ चौट मिली है। उसने वाघा बॉर्डर पार करते हुए बताया था कि यहां किस-किस को प्रोटोकॉल मिला।



### ब्रिटेन, फ्रांस और कनाडा ने की नेतन्याहू की घेराबंदी

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



### अभिषेक शर्मा पर मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

### न्यायिक सेवा के लिए तीन साल की वकालत अनिवार्य: शीर्ष अदालत

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने न्यायिक सेवा के संबंध में एक महत्वपूर्ण फैसले में सिविल जज (जूनियर डिवीजन) के अभ्यार्थियों के लिए कम से कम तीन साल की वकालत करने की अनिवार्यता मंगलवार को बहाल कर दी। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई, न्यायमूर्ति एजी मसीह और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने फैसला सुनाते हुए स्पष्ट किया कि न्यूनतम अनुभव की शर्तें वर्तमान में चल रही न्यायिक भर्ती प्रक्रियाओं पर लागू नहीं होंगी। यह सिर्फ भविष्य में होने वाली परीक्षाओं पर ही लागू होगीं। शीर्ष अदालत ने कहा कि न्यूनतम वकालत करने की जरूरत उन जगहों पर लागू नहीं होगी, जहां उच्च न्यायालयों ने सिविल न्यायाधीशों (जूनियर डिवीजन) की नियुक्ति प्रक्रिया पहले ही शुरू कर दी है। ये सिर्फ अगली नियुक्ति प्रक्रिया शुरू में लागू होगी। पीठ ने यह भी कहा कि अभ्यार्थियों को न्यूनतम अनुभव बार में 10 साल का अनुभव रखने वाले अधिवक्ता द्वारा प्रमाणित किया जाना चाहिए। शीर्ष अदालत ने कहा कि इस संबंध में न्यायाधीशों के लॉ क्लर्क के रूप में काम करने की अवधि को भी न्यूनतम तीन साल की अवधि के अनुभव के समय में शामिल किया गया है।

### परमाणु वैज्ञानिक एमआर श्रीनिवासन का निधन

**चेन्नई।** परमाणु वैज्ञानिक और परमाणु ऊर्जा आयोग के पूर्व अध्यक्ष डा. एमआर श्रीनिवासन का मंगलवार को तमिलनाडु के उधगमंडलम में निधन हो गया। वह 95 वर्ष के थे। देश के सिविल न्यूक्लियर एनर्जी प्रोग्राम के प्रमुख वास्तुकार डा. श्रीनिवासन ने परमाणु ऊर्जा विभाग (डीएई) में करियर सितम्बर 1955 से शुरू किया और पांच दशकों से भी ज्यादा समय तक अपनी सेवा दी थी। उन्होंने डा. होमी भाभा के साथ मिलकर देश के पहले परमाणु अनुसंधान रिएक्टर अप्सरा के निर्माण में काम किया, जो अगस्त 1956 में शुरू हुआ था। वर्ष 1959 में उन्हें देश के पहले परमाणु ऊर्जा स्टेशन के लिए प्रधान परियोजना इंजीनियर नियुक्त किया गया। वर्ष 1974 में वे डीएई के पावर प्रोजेक्ट्स इंजीनियरिंग डिवीजन के निदेशक बने और एक दशक बाद न्यूक्लियर पावर बोर्ड के अध्यक्ष का पद संभाला।

### प्रसिद्ध खगोल वैज्ञानिक व विज्ञान लेखक जयंत का निधन

**पुणे।** प्रख्यात खगोल वैज्ञानिक एवं विज्ञान लेखक डा. जयंत विष्णु नार्लीकर का मंगलवार को यहां उनके आवास पर दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह 86 वर्ष के थे। पारिवारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। डा.नार्लीकर का जन्म महाराष्ट्र के कोल्हापुर में 19 जुलाई,1938 में हुआ था। उनके पिता विष्णु वासुदेव नार्लीकर सुप्रसिद्ध गणितज्ञ एवं बनारस विश्वविद्यालय के गणित विभाग के प्रमुख थे। उनकी मां सुमति संस्कृत की विद्वान थीं। वाराणसी में स्कूली शिक्षा पूरी करने के बाद डा. नार्लीकर ने विज्ञान में डिग्री हासिल की और फिर उच्च शिक्षा के लिए ब्रिटेन के कैम्ब्रिज चले गए।

# हवाला की तरह अवैध है बिटकॉइन

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा: यह अर्थव्यवस्था को कर सकता है प्रभावित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बिटकॉइन ट्रेड को हवाला कारोबार की तरह ही अवैध व्यापार करार दिया। जस्टिस सूर्यकांत और एन. कोटिश्वर सिंह की बेंच ने कहा कि क्रिप्टोकरेंसी के लिए एक समानांतर अंडर-मार्केट है और यह अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर सकता है।

कोर्ट ने केंद्र सरकार से पूछा कि आप क्रिप्टोकरेंसी को रेगुलेट करने के लिए स्पष्ट नीति क्यों नहीं बनाते। बेंच ने केंद्र की ओर से पेश एडिशनल सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी से कहा कि क्रिप्टोकरेंसी को रेगुलेट करके, सरकार व्यापार पर नजर रख सकती है। बेंच ने केंद्र सरकार को याद दिलाया कि उसने लगभग दो साल पहले डिजिटल करेंसी को लेकर भारत की नीति पर स्पष्टता मांगी थी। इसके बावजूद सरकार इसे रेगुलेट करने में विफल रही। यह एक महत्वपूर्ण मुद्दे पर आंखें मूंदने के समान है। कोर्ट ने केंद्र से कहा कि आपसे कोई नहीं कह रहा है कि बिटकॉइन ट्रेड पर रोक लगा दीजिए, क्योंकि आपने पहले कहा था कि क्रिप्टोकरेंसी अवैध नहीं है और इस पर बैन लगाना अर्थव्यवस्था के लिए बुद्धिमानी नहीं होगी। बैन लगाने से शायद आप जमीनी हकीकत से आंखें मूंद लेंगे, लेकिन इसे रेगुलेट करने के बारे में क्या सोचा है। सुप्रीम कोर्ट ने क्रिप्टोकरेंसी पर यह टिप्पणी गुजरात में अवैध बिटकॉइन ट्रेड के एक मामले में गिरफ्तार आरोपी शैलेश बाबूलाल भट्ट की जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान की। शैलेश भट्ट पर कई राज्यों में क्रिप्टोकरेंसी से संबंधित धोखाधड़ी का आरोप है। कोर्ट ने कहा कि वह यह पता नहीं लगा सकती कि आरोपी पीड़ित है या लोगों को प्रताड़ित करने वाला। दरअसल, एडिशनल सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने दावा किया था कि आरोपी गुजरात में बिटकॉइन के सबसे बड़े व्यापारियों में से एक था और उसने हाई रिटर्न का वादा करके दूसरों के साथ धोखाधड़ी और किडनैपिंग की। आरोपी शैलेश भट्ट के वकील मुकुल रोहतगी ने पहले तर्क दिया था कि भारत में बिटकॉइन ट्रेडिंग अवैध नहीं है, खासकर 2020 से जब सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय रिजर्व बैंक के उस सर्कुलर को रद्द कर दिया था, जिसने बैंकों को क्रिप्टो-संबंधित लेनदेन की सुविधा देने से रोक दिया था। उन्होंने तर्क दिया था कि क्रिप्टोकरेंसी को लेकर कानून के अभाव में भट्ट की गिरफ्तारी गलत थी। सुप्रीम कोर्ट इससे पहले 5 मई को सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले पर सुनवाई की थी। तब कोर्ट ने कहा था कि भारत में बिटकॉइन ट्रेडिंग हवाला कारोबार के नए तरीके से निपटने जैसा है।



- कोर्ट ने कहा: सरकार क्रिप्टोकरेंसी पर स्पष्ट नीति क्यों नहीं बनाती

## वक्फ कानून पर आज फिर सुनवाई

**नई दिल्ली।** वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की सांविधानिक वैधता को चुनौती वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को सुनवाई हुई।

कोर्ट ने कानून को लेकर अंतरिम आदेश पारित करने को लेकर तीन घंटे तक सुनवाई की। सुनवाई के दौरान सीजेआई बीआर गवई और जस्टिस जॉर्ज आगस्टीन मसीह की पीठ ने कहा कि कानून पर रोक लगाने और अंतरिम राहत के लिए मजबूत मामला पेश करने की जरूरत है। अन्यथा संवैधानिकता की धारणा बनी रहेगी। याचिकाकर्ता के वकीलों की दलीलों को सुनने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार का पक्ष सुनने के लिए बुधवार (आज) को सुनवाई तय की है।

- सुप्रीम कोर्ट ने कहा: अंतरिम राहत के लिए मजबूत मामला पेश करने की जरूरत

### संसदीय दलों की विदेश यात्रा आज से शुरू

**नई दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले एवं ऑपरेशन सिंदूर को लेकर वैश्विक कूटनीतिक समर्थन जुटाने के लिए गठित सात संसदीय दल 21 मई (आज) से पांच जून तक 33 देशों की यात्रा करेंगे और इन दलों में शामिल 51 राजनेता एवं आठ राजनयिक पाकिस्तान में मौजूद वैश्विक आतंकवादी ढांचे और उसके समर्थकों की पोल दुनिया के सामने खोलेंगे। सूत्रों के अनुसार भाजपा के उपाध्यक्ष बैजयंत पांडा के नेतृत्व वाला पहला समूह 23 मई को बहरीन, 25 मई को कुवैत, 27 मई को सऊदी अरब और 30 मई को अल्जीरिया जाएगा। इस समूह में अन्य सदस्य भाजपा के निशिकांत दुबे, भाजपा के फांगनोन कोन्याक, भाजपा की रेखा शर्मा, ऑल इंडिया मजलिसे इत्तेहादुल मुस्लमीन के असद्दुदीन ओवैसी, नामांकित सतनाम सिंह संधु और गुलाम नबी आज़ाद हैं। पूर्व विदेश सचिव हर्ष वर्धन श्रृंगला भी इस समूह में जाएंगे। भाजपा के डा. रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व वाला दूसरा समूह 25 मई को फ्रांस, 27 मई को इटली, 29 मई को डेनमार्क, एक जून को ब्रिटेन और पांच जून को जर्मनी जाएगा। समूह के अन्य सदस्य भाजपा की डा. डी. पुरन्देश्वरी, शिवसेना (उद्धव ठाकरे) -शेष पृष्ठ दो पर

# मुठभेड़ में एक लाख का इनामी सोनू उर्फ भुर्रे ढेर

शाह टाइम्स संवाददाता

**गोंडा।** उप्र में गोंडा जिले के उमरी बेगमगंज थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक सशस्त्र मुठभेड़ में एक लाख रुपये के इनामी बदमाश को मार गिराया। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने मंगलवार को बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने उमरी बेगमगंज कस्बा में बदमाश सोनू उर्फ भुर्रे को घेर कर आत्मसमर्पण की चेतावनी दी, जिस पर बदमाश ने पुलिस पर फायरिंग करते हुए भागने का प्रयास किया।

जवाबी कार्रवाई में बदमाश को गोली लगी। बदमाश को अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। मारा गया बदमाश चोरी और हत्या समेत कई जघन्य मामलों में वांछित था। उन्होंने बताया कि गत 24 अप्रैल को चोरी के दौरान उसने एक व्यक्ति की हत्या कर दी थी। तब से वह फरार चल रहा था। भुर्रे के खिलाफ हत्या, लूट, डकैती जैसे 48 से ज्यादा मुकदमे दर्ज थे। मृतक बदमाश ने उमरी बेगमगंज थाना क्षेत्र के धन्नीपुरवा गांव के रहने वाले शिवदीन की हत्या कर दी थी।



- मारा गया बदमाश चोरी और हत्या समेत कई जघन्य मामलों में था वांछित

### कमजोर लोगों के स्वास्थ्य पर ध्यान देने की जरूरत: मोदी

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने जनेवा में विश्व स्वास्थ्य सभा के 78वें सत्र को वीडियो कॉन्फ्रेन्स से संबोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ विश्व का निर्माण इस बात पर निर्भर करता है कि हम सबसे कमजोर लोगों के स्वास्थ्य की देखभाल कितनी अच्छी तरह से करते हैं। श्री मोदी ने इस वर्ष के थीम 'स्वास्थ्य के लिए एक विश्व' का उल्लेख करते हुए इस बात पर जोर दिया कि यह वैश्विक स्वास्थ्य के लिए भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप है। उन्होंने वर्ष 2023 में विश्व स्वास्थ्य सभा में अपने संबोधन को याद करते हुए 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य' के बारे में बात की। एक स्वस्थ दुनिया का भविष्य समावेश, एकीकृत दृष्टिकोण और सहयोग पर निर्भर करता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि समावेश भारत के स्वास्थ्य सुधारों के मूल में है। उन्होंने दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना आयुष्मान भारत का जिक्र करते हुए कहा कि यह 58 करोड़ लोगों को मुफ्त उपचार की सुविधा प्रदान करती है।

# मुंबई में दो कोरोना पॉजिटिव की मौत

## डाक्टर बोले- पुरानी बीमारियों से जान गई, सरकार सतर्क

मुंबई/नई दिल्ली, वार्ता

**मुंबई के केईएम** अस्पताल में सोमवार को 2 कोविड पॉजिटिव मरीजों की मौत हुई है। हालांकि डाक्टरों का कहना है कि इनकी मौत कोविड से नहीं, बल्कि पुरानी बीमारियों की वजह से हुई है। एक मरीज को मुंह का कैंसर था और दूसरे को किडनी से जुड़ी बीमारी नेफ्रोटिक सिंड्रोम थी।

सिंगापुर और हॉन्गकांग में कोविड संक्रमण के मामले बढ़ने के बाद केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय देश में अत्यधिक सतर्कता बरत रहा है और स्थिति पर निरंतर नजर रखी जा रही है। मंत्रालय में कोविड संक्रमण के मामलों से जुड़े उच्च पदस्थ सूत्रों ने मंगलवार को यहां बताया कि स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है और सरकार सतर्कता बरत रही है। उन्होंने कहा कि फिलहाल देश में चिंता की कोई बात नहीं है। सूत्रों के अनुसार हॉन्गकांग और सिंगापुर के घटनाक्रमों के मद्देनजर, स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक की अध्यक्षता में राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र, आपातकालीन चिकित्सा राहत प्रभाग, आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ, भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद और केंद्र सरकार के अस्पतालों के विशेषज्ञों की समीक्षा बैठक बुलाई गई। बैठक में कहा गया है कि भारत में वर्तमान में कोविड-19 स्थिति नियंत्रण में है। आंकडों के अनुसार 19 मई, 2025 तक, भारत में सक्रिय कोविड-19 मामलों की संख्या 257 है, जो देश की बड़ी आबादी को देखते हुए बहुत कम आंकड़ा है। इनमें से लगभग सभी मामले हल्के हैं।



- सिंगापुर में संक्रमण के तीन हजार नए मामले सामने आ चुके

### 'ऑपरेशन सिंदूर' में पुंछ ब्रिगेड की थी प्रमुख भूमिका : ब्रिगेडियर महाजन

**जम्मू।** भारतीय सेना ने कहा कि पुंछ ब्रिगेड ऑपरेशन सिंदूर का सिर्फ हिस्सा ही नहीं रही, बल्कि इसमें उसकी प्रमुख भूमिका रही थी। पुंछ ब्रिगेड के कमांडर ब्रिगेडियर मुदित महाजन ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि जैसा कि आप जानते हैं, पुंछ ब्रिगेड नियंत्रण रेखा के पार से पाकिस्तान द्वारा बिना किसी उकसावे के किए गए हमलों को रोकने के लिए ऑपरेशन सिंदूर के दौरान गहन और निरंतर अभियानों में लगी हुई थी। ब्रिगेडयर महाजन ने कहा कि हमने प्रतिक्रिया देने के लिए इंतजार नहीं किया, हमने हमले का जवाब देने के लिए तैयारी की। तैयारी इस हद तक की, मैं कहूंगा कि पुंछ ब्रिगेड 'ऑपरेशन सिंदूर' का हिस्सा नहीं, बल्कि उसका दिल था। पहलगाम में पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकी हमले का भारतीय सशस्त्र बलों ने सोची-समझी प्रतिक्रिया के साथ मुकाबला किया।

# प्रमुख ग्रंथी ने सेना के दावे को किया खारिज

## ऑपरेशन सिंदूर के दौरान एयर डिफेंस गन तैनात करने की नहीं दी थी अनुमति: अमरजीत

अमृतसर, वार्ता

**सचखंड श्री हरमंदिर** साहिब के अतिरिक्त प्रमुख ग्रंथी ज्ञानी अमरजीत सिंह ने भारतीय सेना के लेफ्टिनेंट जनरल सुमेर इवान डी.कुन्हा के उस दावे को सिरे से खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने कहा कि हरमंदिर साहिब के प्रमुख ग्रंथी ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान एयर डिफेंस गन तैनात करने की अनुमति दी थी।

ज्ञानी अमरजीत सिंह ने स्पष्ट किया कि श्री हरमंदिर साहिब के प्रबंधन ने निर्धारित समय सीमा के भीतर परिसर की बाहरी और ऊपरी लाइटें बंद करके शहर भर में ब्लैकआउट के संबंध में जिला प्रशासन के दिशा-निर्देशों का पालन किया था। हालांकि, जिन स्थानों पर धार्मिक आचार संहिता (मर्यादा) का पालन किया जाता है, वहां लाइटें जलाई गईं और धार्मिक स्थल की पवित्रता को पूरी जिम्मेदारी के साथ बनाए रखा गया। उन्होंने कहा कि सेना अधिकारी द्वारा किया गया दावा कि प्रमुख ग्रंथी ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान एयर डिफेंस गन तैनात करने की अनुमति दी थी, पूरी तरह से झूठ है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस तरह की कोई अनुमति कभी नहीं दी गई थी और न ही इस पवित्र स्थल पर ऐसी किसी तैनाती की अनुमति दी गई थी। उन्होंने दोहराया कि श्री दरबार साहिब, गुरु रामदास जी के लंगर, श्री अखंड पाठ साहिब के स्थान और अन्य संबंधित गुरुद्वारों में दैनिक धार्मिक अनुष्ठान सख्त प्रोटोकॉल के अनुसार किए जाते हैं और किसी को भी उनमें हस्तक्षेप करने का अधिकार नहीं है। हाल के दिनों में तनावपूर्ण स्थिति के बावजूद, श्री हरमंदिर साहिब में पूरी धार्मिक आचार संहिता समर्पण और अनुशासन के साथ जारी रही। अतिरिक्त प्रमुख ग्रंथी ने स्पष्ट किया कि ब्लैकआउट के दौरान भी किसी भी धार्मिक स्थल पर लाइट बंद नहीं की गई, जहां मर्यादा मनाई जा रही थी। उन्होंने आश्चर्य और चिंता व्यक्त की कि सेना अधिकारी द्वारा ऐसा बयान क्यों दिया गया और विश्वास के साथ कहा कि बंदूकें लगाने की कभी कोई अनुमति नहीं दी गई थी।



- हरमंदिर साहिब के प्रबंधन ने निर्धारित समय सीमा के भीतर ब्लैकआउट के संबंध में जिला प्रशासन के दिशा-निर्देशों का किया था पालन

### हाईकोर्ट की रिपोर्ट

# मुर्शिदाबाद हिंसा में टीएमसी नेता की भूमिका

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में अप्रैल में सांप्रदायिक हिंसा को लेकर कलकत्ता हाईकोर्ट की तरफ से गठित जांच समिति ने गंभीर खुलासे किए हैं। इसमें कहा गया है कि हिंसा में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के स्थानीय नेता की भूमिका थी।

हमलों का नेतृत्व स्थानीय पार्षद महबूब आलम ने किया। रिपोर्ट के अनुसार हिंसा में खासतौर पर हिंदू समुदाय को निशाना बनाया गया। इस दौरान स्थानीय पुलिस पूरी तरह से निष्क्रिय रही। पीड़ितों ने कई बार पुलिस को कॉल किया, लेकिन कोई मदद नहीं पहुंची। दरअसल, 17 अप्रैल को हाईकोर्ट ने तीन सदस्यीय समिति का गठन किया था। इसमें राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, पश्चिम बंगाल मानवाधिकार आयोग और राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के एक-एक सदस्य शामिल थे। पश्चिम बंगाल में 11-12 अप्रैल को नए वक्फ बोर्ड कानून के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान भीड़ उग्र हो गई थी। इसके बाद मुर्शिदाबाद में हिंसा हुई।

- पीड़ितों ने कई बार पुलिस को कॉल किया, लेकिन नहीं आई

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर तिरंगा रैली

## हर भारतीय का मस्तक गर्व से ऊंचा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** भारतीय सेना द्वारा हाल ही में सफलतापूर्वक चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की उपलब्धि से देशभर में जश्न का माहौल है। इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी के आह्वान पर धामपुर में तिरंगा रैली का आयोजन किया गया, जिसमें नगरवासियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और देशभक्ति का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया।

रैली का शुभारंभ नगर के बड़ी मंडी क्षेत्र स्थित भाजपा मंडल अध्यक्ष जितेंद्र गोयल के प्रतिष्ठान से किया गया। वहां से तिरंगा यात्रा लोहा मार्केट, भगत सिंह चौक, नगीना चौराहा होते हुए सुभाष चौक पहुंचकर संपन्न हुई।

रैली के दौरान भारत माता की जय, वंदे मातरम् और जय हिंद जैसे नारों से नगर गूंज उठा। रैली का मुख्य उद्देश्य देश के नागरिकों में देशभक्ति की भावना को और अधिक सशक्त करना तथा भारतीय सेना के शौर्य पर गर्व प्रकट करना था।

पूर्व विधायक डॉ. इंद्रदेव सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारतीय सेना की वीरता और रणनीतिक कौशल का प्रतीक है, और इस सफलता ने हर भारतीय का मस्तक गर्व से ऊंचा कर दिया है।

कार्यक्रम के अंत में सुभाष चौक पर राष्ट्रगान गाकर रैली का समापन किया गया। इस अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बल की भी तैनाती रही। आयोजकों ने रैली को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी नगरवासियों का आभार प्रकट किया।

तिरंगा रैली में पूर्व विधायक डॉ. इंद्रदेव सिंह, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव सिसोदिया, वरिष्ठ भाजपा नेता महेंद्र धनोरिया, सुभाष चौहान, पुरुषोत्तम अग्रवाल, राघव शरण गोयल, भूपेंद्र सैनी, अवनी सिंह, दीप सौरभ सिंह, विपिन अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, सुमित महेश्वरी, अनिल शर्मा समेत बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

# छात्राओं ने निकाली जागरूकता रैली



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** जिला विद्यालय निरीक्षक बिजनौर के निर्देशानुसार रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती के उपलक्ष्य में एम. क्यू. इन्टर कालेज में एक भाषण प्रतियोगिता आयोजित हुई, जिसका विषय रानी अहिल्याबाई होल्कर के जीवन सिद्धांतों पर प्रकाश डालना और नारी सशक्तिकरण की रूपरेखा तैयार करना था।

प्रधानाचार्य मंसूर इशरत सिद्दीकी ने भाजपा कार्यक्रम संयोजक अमित कुमार वर्मा, भाजपा सभासद पूनम रानी पत्नी राधे प्रजा. पति, शोभित उपाध्याय, भाजपा बूथ अध्यक्ष और एमक्यू इन्टर कालेज की मेधावी छात्राएं उपस्थित रही।

वहीं व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भाजपा नेता अरुण कुमार वर्मा के पुत्र अमित कुमार वर्मा इस दो दिवसीय कार्यक्रम के संयोजक ने कहा है कि इस कार्यक्रम से लोगों को जागरूक किया गया है और नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए एक रैली भी निकाली गई है। जिसमें जगह-जगह पर लोगों को कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही महिला सशक्तिकरण को लेकर बल दिया गया। इनमें तीन छात्राऐं प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय श्रेणी में विजयी घोषित हुई जिनके नाम क्रमश: काकुल, स्वाति रानी और अलीशा है।

## एक नजर

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण



**स्योहारा।** बिजनौर से आई स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जिसमें नवनियुक्त जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. केपी सिंह और यूएनडीपी से वीसीसीएम राजीव केसर द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर कोल्ड चैन रूम और वैक्सीन रखरखाव का निरीक्षण किया गया। टीम ने उनके रखरखाव व एक्सपायरी डेट और स्टॉक रजिस्टर आदि की जांच की साथ ही निर्देश दिए कि वैक्सीन की एक्सपायरी डेट पर विशेष ध्यान दिया जाए और कोई भी एक्सपायरी वैक्सीन बच्चों को न लगाई जाए। निरीक्षण के दौरान जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. केपी सिंह ने बताया कि इस निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य बच्चों के लिए उपलब्ध वैक्सीन की गुणवत्ता और कोल्ड चैन प्रबंधन को दुरुस्त करना था, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं में और अधिक सुधार किया जा सके। निरीक्षण के दौरान कुछ छोटी मोटी कमियां पाई गई जिनको तुरंत सुधार के निर्देश दिए गए। साथ ही स्वास्थ्य कर्मियों को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया कि वैक्सीन सही तापमान पर सुरक्षित रखी जाएं और उनके रिकॉर्ड सही ढंग से अपडेट किए जाएं। सभी रिपोर्ट प्रतिदिन पोर्टल पर अपडेट की जाए। टीकाकरण की रिपोर्ट भी उसी दिन यूं विन पोर्टल पर फीडिंग की जाए। इस दौरान आईओ वीर सिंह, एआरओ आलोक कुमार, हैल्थ सुपरवाइजर राजेश कुमार, डीओ राशि अनम, डॉ. राकेश कुमार फार्मासिस्ट, योगेश कुमार, हरीश कुमार, प्रदीप रावत, एएनएम अनीता, धीरेन्द्र सिंह, प्रदीप कुमार, सुजौदीन आदि मौजूद रहे।

### चार वारंटी गिरफ्तार



**स्योहारा।** आला अधिकारियों के दिशा निर्देश पर थाना प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार के दिशा निर्देश पर चल रहे वारंटी पकड़ अभियान के अंतर्गत क्षेत्र के वारंटियों खलबली मची हुई है। मंगलवार को पुलिस के द्वारा पकड़े गए वारंटी नन्हे पुत्र शेर सिंह, कृपाल पुत्र शेर सिंह, राहुल पुत्र नन्हे निवासी गण ग्राम अमीनाबाद, जयपाल पुत्र वनवारी निवासी भगवानपुर रैनी थाना स्योहारा को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष भेजा जायेगा। इस कार्रवाई को अंजाम देने वाले पुलिस टीम उ.नि. राजेश कुमार, उ.नि. हरिओम सिंह, हेड कांस्टेबल मनोज, पुष्पेन्द्र, पंकज आदि मौजूद रहे।

### दौड़ एवं रंगोली प्रतियोगिता

**कोतवाली देहात।** अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती के अवसर पर जनता इण्टर कॉलेज महुआ में छात्राओं की दौड़ एवं रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गयी। प्रतियोगिता की विजेता छात्रों को सम्मानित किया गया। जनता इंटर कॉलेज महुआ में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य शिवेंद्र पाल सिंह ने अहिल्याबाई होल्कर के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला तथा देश के लिए उनके योगदान के बारे में विस्तार से बताया।इस अवसर पर आयोजित दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मिस्बा, द्वितीय स्थान सोनी तथा तृतीय स्थान सृष्टि त्यागी ने प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में कुमारी चंचल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण किए गए ।कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के प्रवक्ता रजनीश कुमार, कुलदीप कुमार, संजीव कुमार आदि का सहयोग रहा।

### तहसीलदार ने की अंडरपास निर्माण की जांच

**कोतवाली देहात।** पानीपत खटीमा राजमार्ग पर महेश्वरी जट में अंडरपास का निर्माण हो रहा है। अंडर पास का एक रास्ता ग्राम महेश्वरी जट को जाने वाली सड़क के सामने बनाया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि अंडरपास का एक छोटा गेट ग्राम बिश्नोईवाला मार्ग के सामने बनाना चाहिए। महेश्वरी जट में दर्जन भर गांव के लोग आते हैं, जिनका मुख्य मार्ग बिश्नोईवाला मार्ग है। इसी मार्ग पर दो विद्यालय स्थित है। यदि इस स्थान पर अंडरपास का निर्माण नहीं किया जाता तब दुर्घटनाएं होने की संभावना रहेगी। ग्रामीण प्रेषक चौधरी, अंकित डलवाल आदि का कहना है कि यदि बिश्नोई वाला मार्ग के सामने अंडरपास का निर्माण नहीं किया जाता है तब ग्रामीणों को दुर्घटनाओं का दंश झेलना पड़ सकता है। इसको लेकर ग्रामीणों द्वारा अंडरपास निर्माण रुकवा दिया गया था। मामले की जांच करने के लिए सोमवार शाम को तहसीलदार नगीना आशीष सक्सेना पहुंचे और उन्होंने ग्रामीणों से बात की। तहसीलदार आशीष सक्सेना ने बताया कि वह अपनी रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजेंगे। उन्होंने ग्रामीणों से बात की है। इस दौरान पूर्व ग्राम प्रधान हरिओम सिंह, सुरेश भगत, मोहित, शमी अहमद, दिलशाद, वाहिद, मतलूब, सलीम आदि मौजूद रहे।

# आरजेपी में अहिल्याबाई होलकर जयंती पर दौड़ प्रतियोगिता



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** राजा ज्वाला प्रसाद आर्य इंटर कॉलेज बिजनौर में रानी अहिल्याबाई होलकर जी की 300 जयंती के उपलक्ष में दौड़ एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन प्रधानाचार्य कैप्टन बिशन लाल के निर्देशन में किया गया।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य कैप्टन बिशन लाल ने कहा कि अहिल्याबाई होलकर का जीवन और कार्य एक प्रेरणा है, जो आमजनमास को सामाजिक, धार्मिक और प्रशासनिक क्षेत्रों में योगदान करने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने एक महान शासिका के रूप में अपनी पहचान बनाई और इतिहास में अमर हो गई। भाजपा नगर अध्यक्ष अंकुर गौतम ने कहा कि अहिल्याबाई ने अपने राज्य में विभिन्न परोपकारी गतिविधियों को आगे बढ़ाया। जिनमें मंदिरों का निर्माण, घाटों का निर्माण और अन्नक्षेत्रों का संचालन किएं थे।

नगर मंत्री मनदीप चौधरी ने कहा कि अहिल्याबाई ने अपने राज्य में सुशासन और व्यवस्था स्थापित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 100 मीटर दौड़ में अनस प्रथम, युग भारती द्वितीय, मनीष तृतीय व भाषण प्रतियोगिता में उमैर प्रथम रहे।

इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य गयूर आसिफ, सुधांशु वत्स, नरेंद्र कुमार, बृजेश कुमार, चंद्रहास सिंह, विरेन्द्र कुमार, अजय कुमार आदि ने संबोधित किया।

# उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान समारोह

## विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण वातावरण सृजित करने का आह्वान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** ब्लॉक संसाधन केंद्र नहटौर पर शैक्षिक संवर्धन संगोष्ठी एवं उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। शुभारंभ मुख्य अतिथि राकेश चौधरी (ब्लॉक प्रमुख), विशिष्ट अतिथि शोभित त्यागी (वरिष्ठ भाजपा नेता), खंड शिक्षा अधिकारी शेर सिंह एव डायट प्रवक्ता श्री मति मेघा शर्मा ने मां शारदे को पुष्प अर्पित कर किया।

कार्यक्रम में पूर्व ए.आर.पी. विनय कुमार, प्रदीप कुमार, डॉ. संतोष कुमार, शकील अहमद व अब्दुल्लाह सिद्दीकी को विदाई दी गई। वहीं नवनियुक्त ए.आर.पी. हेम. राज सिंह आर्य, सुखबीर सिंह व अभिषेक भटनागर का स्वागत हुआ। खंड शिक्षा अधिकारी ने शिक्षकों से शासनादेशों का ईमानदारी से पालन कर विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण वातावरण सृजित करने का आह्वान किया। नवोदय प्रवेश परीक्षा में सफलता हेतु सलोनी रानी (प्रा.वि. ककराला) व धीरज कुमार (प्रा.वि. खेड़ी जट) को सम्मानित किया गया। सर्वाधिक नामांकन हेतु रामअवतार सिंह (उ.प्रा.वि. इब्राहिमपुर साधो), हेमराज सिंह (उ.प्रा.वि. पडला), रानी चौधरी (कं.वि. नारायणखेड़ी), अर्जुन सिंह (कं.वि. मुस्सैपुर पाली), सरताज परवीन (प्रा.वि. इब्राहिमपुर साधो), सोनिया शर्मा (प्रा.वि. बैरमाबाद द्वितीय) को सम्मानित किया गया। एनएमएमएस परीक्षा में सफल छात्रों के विद्यालयों में अल्लेदादपुर मुबारक से कृष्ण पाल, सुनपता से पारुल, सीकरी बुजुर्ग से मनीष त्यागी, खेतापुर से शूरवीर सिंह, हमीदपुर से जयवर्धन, जलालपुर आसरा से शशि रानी, मंडोरी से भूपेंद्र शर्मा, नारायणपुर से तिलका रानी तथा इब्राहिमपुर साधो के छात्र शामिल रहे। इंस्पायर अवार्ड योजना अंतर्गत भी आफताब, मुकेश कुमार, आदेश कुमारी,मनोज, शोभांजलि, उषा रानी और संजीव त्यागी आदि शिक्षकों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि शिक्षा क्षेत्र में किसी भी समस्या को बाधा नहीं बनने देंगे।

कार्यक्रम में समस्त शिक्षक संकुलों के साथ मुनीश कुमार, वीरेंद्र सिंह, सूरजमल, मौ. नौशाद, सुधीर कुमार आदि का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन राज्यपाल शिक्षक पुरस्कार प्राप्त रामअवतार सिंह ने किया।

# श्री श्याम आराधना महोत्सव का आयोजन

## गायकों ने भजनों से मचाई धूम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** श्री श्याम नवयुवक सैनी संगठन की ओर से चतुर्थ वार्षिक श्री श्याम आराधना महोत्सव का विशाल आयोजन किया गया।

इस अवसर पर कानपुर से पधारी शर्मा हमारा सिस्टर्स के रूप में दूर-दूर तक विख्यात बेटू आलिया तथा फरीदाबाद हरियाणा से पधारे बाबा खाटू श्याम के दरबार के प्रसिद्ध भजन गायक आकाश अरोड़ा ने अपने भजनों की प्रभावी प्रस्तुतियों से केवल धूम मचा दी, बल्कि श्रद्धालुओं को बार-बार दोनों हाथ उठाकर श्याम बाबा की जय तथा बाबा खाटू श्याम की जय जयकार करते रहने को मजबूर कर दिया। इसके अतिरिक्त गजरौला से पधारे मिंटू मस्ताना के भजनों को भी श्रद्धालुओं ने बेहद सराहा। इन चारों भजन गायको के अलावा नगर पालिका परिषद धामपुर के अध्यक्ष चौधरी रवि कुमार सिंह एवं पूर्व अध्यक्ष राजू गुप्ता तथा संकट मोचन श्री सिद्धेश्वर बालाजी धाम के महंत राहुल अग्रवाल जी महाराज को बाबा खाटू श्याम के पारंपरिक जयकारों की गूंज के बीच विशेष सम्मान भी प्रदान किया गया। नगीना मार्ग स्थित दशहरा वाले बाग रामलीला ग्राउंड मे आयोजित इस विशाल चतुर्थ श्री श्याम आराधना महोत्सव के मुख्य अतिथि स्वयं श्री श्याम बाबा रहे।

इस अवसर पर राजस्थान स्थित बाबा खाटू श्याम के दरबार से लाकर प्राचीन सिद्ध पीठ मंदिर कालिया वाला में विराजमान की गई पावन ज्योति को जय जयकार के बीच संस्था के सदस्यों एवं श्रद्धालुओं द्वारा रामलीला ग्राउंड तक लाया गया। ज्योति को कार्यक्रम स्थल पर स्थान विराजमान कर दिया गया। विशाल चतुर्थ श्री श्याम आराधना महोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ सामूहिक पूजन से किया गया। इस पूजन कार्यक्रम के मुख्य यजमान सात विवाहित जोड़े रहे, जिन्होंने पूर्ण श्रद्धा भावना के साथ पूजन में सहभागिता की। पूजन कार्यक्रम नगर के प्रसिद्ध पुरोहित एवं श्रीमद् भागवत कथा वाचक आचार्य पंडित गौरव कृष्ण भारद्वाज जी महाराज तथा पंडित माधव कृष्ण भारद्वाज ने प्रभावी मंत्र उच्चारण के बीच संपादित कराया।

# ससुरालियों पर जबरन दहेज भर कर ले जाने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हीमपुर दीपा।** हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के ग्राम सब्दलपुर निवासी एक युवक ने थाने में तहरीर देते हुए ससुरालियों पर गंभीर आरोप लगाए है। जहां पीड़ित की पत्नी का बिना तलाक कही और निकाह करने की तैयारी करने तो जबरन उसके घर में घुसकर दहेज भरकर ले जाने का पीड़ित ने आरोप लगाया है। उधर प्रार्थना पत्र मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार हीमपुर दीपा थानां क्षेत्र के ग्राम सब्दलपुर निवासी और कुवैत में कार्यरत इरशाद पुत्र इब्राहिम ने बताया कि उसकी शादी झालू के मोहल्ला पीरजादगान से करीब तीन साल पूर्व हुई थी। उक्त महिला से इरशाद को एक लड़का भी है। इरशाद ने बताया कि कुछ माह पूर्व जब वह कुवैत में था और उसके घर पर केवल उसके बुजुर्ग पिता मौजूद थे। उस समय उसके ससुरलियाँ घर पर आए और उसके पिता को धमकाते हुए अपना दिया दहेज और उसके भाई की बुलेट बाइक को डीसीएम में भरकर अपने साथ ले गए। इरशाद ने बताया कि उक्त बाइक उसके भाई सुहैल के नाम है।

पीड़ित का कहना है कि उसके ससुरलियाँ न तो उसकी पत्नी को ही वापस आने दे रहे हैं और उसकी शादी भी कहीं और करने की फिराक में लगे है। वहीं उसके बेटे और उसके भाई की बुलेट बाइक को भी साथ ले गए है।

पीड़ित ने हीमपुर दीपा पुलिस से न्याय की अपेक्षा रखते हुए उचित कार्रवाई की मांग की है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**पोस्टर वॉर...** को राहुल गांधी ने एक्स पर निजी न्यूज चैनल का वीडियो शेयर कर जयशंकर पर पाकिस्तान को जानकारी देने का आरोप लगाया था। राहुल ने कहा कि विदेश मंत्री ने सार्वजनिक रूप से स्वीकारा कि सरकार ने ऐसा किया। उन्हें किसने अधिकार दिया? इसके चलते हमें वायुसेना को कितने विमान गंवाने पड़े? विदेश मंत्रालय ने इसका खंडन किया था। वहीं, डीजीएमओ राजीव घई ने कहा था कि ऑपरेशन शुरू होने के बाद हमने पाकिस्तान को चेतावनी दी थी कि हम आतंक के अड्डों पर हमला करेंगे। पाकिस्तान ने बातचीत से इन्कार कर दिया और जवाबी कार्रवाई की धमकी दी थी। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने 19 मई को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। इसमें उन्होंने भाजपा को 'सिंदूर का सौदागर' कहा। उन्होंने कहा कि ट्रम्प दावा करते रहे कि उन्होंने युद्ध रुकवाया। भारत को व्यापार बंद करने की धमकी दी। यानी सिंदूर का सौदा होता रहा और पीएम चुप रहे। इसके साथ ही खेड़ा ने विदेश मंत्री एस. जयशंकर से राहुल गांधी के सवाल दोहराए। उन्होंने कहा कि विदेश मंत्री ने स्वीकारा है कि उन्होंने एयर स्ट्राइक से पहले पाकिस्तान को जानकारी दे दी थी। अब सरकार बताए, इस वजह से हमने कितने विमान गंवाए। ये कोई गलती नहीं थी, ये एक अपराध था, पाप था। देश को सच्चाई जानने का हक है।

**संसदीय दलों...**

की प्रियंका चतुर्वेदी, नामांकित गुलाम अली खटाना, कांग्रेस के डा. अमर सिंह, भाजपा के समिक भट्टाचार्य और श्री एमजे अकबर हैं। इस समूह में राजदूत पंकज सरन भी शामिल होंगे। जनता दल यूनाइटेड के अध्यक्ष संजय झा के नेतृत्व वाला तीसरा समूह 22 मई को जापान, 24 मई को दक्षिण कोरिया, 27 मई को सिंगापुर, 28 मई को इंडोनेशिया और 31 मई को मलेशिया जाएगा। इस समूह के अन्य सदस्य भाजपा की अपराजिता सारंगी, तृणमूल कांग्रेस के यूसुफ पठान, भाजपा के बृजलाल, माकपा के जॉन ब्रिटास, भाजपा के प्रधान बरुआ, भाजपा के हेमांग जोशी और सलमान खुर्शीद हैं। राजदूत मोहन कुमार भी इस समूह का हिस्सा होंगे। शिवसेना के श्रीकांत एकनाथ शिन्दे के नेतृत्व वाले चौथा समूह 21 मई को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), 24 मई को कांगो, 28 मई को सिएरा लिओन और 31 मई को लाइबेरिया जाएगा। इस समूह के अन्य सदस्य भाजपा की बांसुरी स्वराज, इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग के ईटी मोहम्मद बशीर, भाजपा के अतुल गर्ग, बीजू जनता दल के सस्मित पात्रा, भाजपा के मनन कुमार मिश्रा और भाजपा के एसएस आहलूवालिया हैं। इस समूह में राजदूत सुजॉन चिनॉय भी शामिल होंगे। कांग्रेस के शशि थरूर के नेतृत्व वाला पांचवां समूह 25 मई को गुयाना, 27 मई को पनामा, 29 मई को कोलंबिया, 31 मई को ब्राज़ील और तीन जून को अमेरिका जाएगा।

इस समूह के अन्य सदस्य लोक जनशक्ति पार्टी की शांभवी, झारखंड मुक्ति मोर्चा के सरफराज अहमद, तेलुगु देशम पार्टी के जीएम हरीश बालयोगी, भाजपा के शशांक मणि त्रिपाठी, भाजपा के भुवनेश्वर कलिता, शिवसेना के मिलिंद देवड़ा और भाजपा के तेजस्वी सूर्या हैं। इस समूह में राजदूत तरणजीत संधू भी शामिल हैं। द्रविड़ मुनेत्र कषगम की कनिमोझी करुणानिधि के नेतृत्व वाले छठवां समूह 22 मई को रूस, 25 मई को स्लोवेनिया, 27 मई को यूनान, 29 मई को लात्विया और 31 मई को स्पेन जाएगा। इस समूह के अन्य सदस्य समाजवादी पार्टी के राजीव राय, नेशनल कॉन्फ्रेंस के मियां अल्ताफ अहमद, भाजपा के कैप्टन बृजेश चौटा, राष्ट्रीय जनता दल के प्रेमचंद गुप्ता और आम आदमी पार्टी के अशोक मित्तल हैं। इस समूह में राजदूत मंजीव पुरी और राजदूत जावेद अशरफ भी शामिल होंगे। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) की सुप्रिया सुले के नेतृत्व वाला सातवां समूह 24 मई को कतर, 27 मई को दक्षिण अफीका, 29 मई को इथिओपिया और एक जून को मिस्र जाएगा। इस समूह के अन्य सदस्य भाजपा के राजीव प्रताप रूड़ी, आम आदमी पार्टी के विक्रमजीत सिंह साहनी, कांग्रेस के मनीष तिवारी, भाजपा के अनुराग ठाकुर, तेलुगु देशम पार्टी के लावू श्री कृष्ण देवरायालु, कांग्रेस के आनंद शर्मा और भाजपा के वी. मुरलीधरन शामिल होंगे। इस समूह में राजदूत सैयद अकबरुद्दीन भी शामिल होंगे।

# सवाल पूछने वालों को चुप कराना भाजपा सरकार की प्राथमिकता: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने मंगलवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी सरकार ने गुजरात समाचार के संचालक को गिरफ्तार करके यह साबित कर दिया है कि उसकी प्राथमिकता पहलगाम हमले के आतंकवादियों को गिरफ्तार करना नहीं, बल्कि उससे इस मुद्दे पर सवाल पूछने वालों का मुंह बंद करना है।

गुजरात विधानसभा में कांग्रेस सदस्य जिग्नेश मेवानी और सेवादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालजी देसाई ने मंगलवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि गुजरात की भाजपा सरकार दलित, पिछड़ा वर्ग, आदिवासियों और अल्पसंख्यकों को निशाना बनाकर उन्हें बेघर कर रही है और जो भाजपा के आलोचक हैं उनको टारगेट किया जा रहा है। इन सब स्थितियों से साफ है कि भाजपा सरकार की प्राथमिकता पहलगाम हमले के गुनहगारों को सजा देना नहीं, बल्कि सरकार से सवाल पूछने वाले गुजरात समाचार जैसे संस्थानों का मुंह बंद करने के लिए उसके संचालक को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के जरिए गिरफ्तार करवाना जैसे काम रह गये हैं। उन्होंने गुजरात प्रदेश कांग्रेस की ओर से 'गुजरात समाचार' पर की गई कार्रवाई की कड़ी निंदा की और कहा कि पिछले कुछ दिनों में भाजपा सरकार ने कई मीडिया संस्थानों पर हमला किया है। उन्होंने कहा कि अब गुजरात सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि क्या वह सवाल पूछने पर अभी और पत्रकारों को भी टारगेट करेगी। सरकार नहीं चाहती कि कोई भी पत्रकार या बुद्धीजीवि सरकार से तीखे सवाल पूछे। 'गुजरात समाचार' ने कांग्रेस के खिलाफ भी लिखा है, लेकिन हमने कभी उनके यहां ईडी या सीबीआई नहीं भेजी या कभी छापेमारी नहीं करवाई। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पहलगाम हमले के बाद देश देखना चाहता है कि कब मोदी सरकार हमले के जिम्मेदार आतंकवादियों को गिरफ्तार करेगी।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।
सम्पादक
एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक
आनन्द बत्रा 'सुमन'
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# धामपुर में दलितों पर लाठीचार्ज

## युवती के हत्यारोपियों की गिरफ्तारी के लिए कर रहे थे प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** सरकड़ा चकराजमल के पास स्थित नहर से एक दलित युवती का शव बरामद हुआ। मृतका की पहचान ग्राम जीतनपुर निवासी देव सिंह की पुत्री रुचिका के रूप में हुई है। शव मिलने की सूचना से परिजनों और क्षेत्रवासियों में आक्रोश फैल गया। परिजनों ने युवती का अंतिम संस्कार करने के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीणों के साथ पहुंचे परिजनों ने कोतवाली धामपुर का घेराव किया और पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। परिजनों ने रुचिका की हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस से हत्या के आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी और फांसी की सजा की मांग की।

गौरतलब है कि 16 मई को मृतका के पिता देव सिंह ने ग्राम हरयाना निवासी शिवम पुत्र रिशिपाल सिंह, सुमेर देवी, चेतन और गोपी के खिलाफ कोतवाली धामपुर में



मुकदमा दर्ज कराते हुए पुत्री के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट दर्ज होने के दो दिन बाद रुचिका का शव नहर से बरामद हुआ। पोस्टमार्टम के लिए शव को जिला चिकित्सालय बिजनौर भेजा गया है।

पुलिस द्वारा की जा रही कार्रवाई से असंतुष्ट परिजनों ने ग्रामीणों के



साथ मिलकर कोतवाली परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया। पुलिस ने गांव के ही एक युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। इस कार्रवाई के बाद मृतका के परिजन और उग्र हो गए। वे हिरासत में लिए गए युवक को फांसी की सजा दिलाने की मांग कर रहे थे। भीड़ की तीव्र प्रतिक्रिया को देखते हुए पुलिस ने आसपास के थानों से अतिरिक्त फोर्स बुला ली। एसपी पूर्वी अमित किशोर श्रीवास्तव, कोतवाली राजेश चौहान सहित पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों को शांत करने का प्रयास किया।

लेकिन जब प्रदर्शनकारी शांत नहीं हुए, तब पुलिस को हल्का बल प्रयोग करते हुए लाठीचार्ज करना पड़ा, जिससे भीड़ तितर-बितर हो गई। इस दौरान अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।

अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि पीड़ित परिवार की शिकायत पर एक आरोपी को हिरासत में लिया गया है। मामले की गहनता से जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

घटना के बाद से इलाके में तनाव का माहौल बना हुआ है। पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चौकसी बढ़ा दी है। परिजनों का कहना है कि उन्हें न्याय मिलने तक वे चुप नहीं बैठेंगे। वहीं प्रशासन का दावा है कि मामले में निष्पक्ष जांच की जाएगी और किसी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

# संदिग्ध परिस्थितियों में मौत



## हत्या की आशंका जताई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडावर।** संदिग्ध परिस्थितियों में एक व्यक्ति की बीती रात मौत हो गई। मृतक का शव मंगलवार की सुबह कमरे में चारपाई पर पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजन हत्या की आशंका जता रहे हैं।

प्राप्त समाचार के अनुसार स्थानीय मौहल्ला शाहविलायत निवासी शहजाद उर्फ बाबू (50 वर्ष) अपनी पत्नी के साथ चुंगी के समीप स्थित अपने मकान पर रहता था। जबकि उसका एक पुत्र विदेश में एवं एक पुत्र दिल्ली में रह कर काम करता हैं।

मंगलवार की सुबह शहजाद उर्फ बाबू के घर से बाहर न निकलने पर मोहलेवासियों ने सुबह उसके मकान का दरवाजा खोल कर देखा, तो शव नीचे के कमरे में चारपाई पर पड़ा था। उसके शरीर पर चोट के निशान थे। जबकि उसकी पत्नी ऊपर बने मकान पर थी। सूचना पर पहुंची पुलिस व फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल का मौका मुआयना कर परिजनों व मौहल्लेवासियों से जानकारी लेते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मोहल्लेवासियों का कहना है कि शहजाद की हत्या की गई है। पिछले कई दिनों से दोनों पति-पत्नी में विवाद चल रहा था। प्रभारी निरीक्षक राजकुमार ने बताया कि अभी तहरीर नहीं मिली है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारणों का पता चल पाएगा।

## बच्चों को दिए गए टिप्स

**राजा का ताजपुर।** आरकेएसएम पब्लिक स्कूल में ग्रीष्म अवकाश के दृष्टिगत बच्चों को जीवन उपयोगी टिप्स दिए गए। बच्चों को होमवर्क देने के साथ ही प्रतिदिन न्यूज पेपर पढ़ कर गुड न्यूज संकलित करने, मेरा गांव, मेरी शान विषय पर स्टोरी तैयार करने को कहा गया। बच्चों से कहा गया कि ग्रीष्म अवकाश धूप की भीषण गर्मी से बचकर स्वमं को स्वस्थ रखने व मस्त रखने के लिए जल्दी उठकर योग व प्राणायाम करना है। परिजनों के साथ हंसी खुशी से रहना है। मोबाइल का आवश्यकता अनुसार कम से कम प्रयोग करना है। नहर, नदी व कुओं पर नहाने नहीं जाना है। विश्व पर्यावरण दिवस पर पांच जून को एक पौधा अवश्य लगाना है। कार्यक्रम में प्रबंधक बलराम सिंह, प्रधानाचार्य आशाराम राजपूत, कोआर्डिनेटर कमलजीत सिंह नूर आदि ने भी विचार व्यक्त किए। बच्चों ने ग्रीष्म अवकाश पर अपनी कविताएं प्रस्तुत की।

# भागूवाला में ग्राम चौपाल का आयोजन

## जिलाधिकारी ने सुनी समस्याएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** भागूवाला में आयोजित ग्राम चौपाल में डीएम ने जन समस्याएं सुनी।

प्राप्त समाचार के अनुसार विकास खंड नजीबाबाद के ग्राम सचिवालय भागूवाला में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। डीएम श्रीमती जसजीत कौर ने ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर मौजूद अधिकारियों के माध्यम से समाधान किया गया। डीएम श्रीमती जसजीत कौर ने अधिशासी अभियंता जल निगम को निर्देशित करते हुए कहा कि ग्राम में प्राथमिकता के आधार पर स्वच्छ पेयजल मिशन के अंतर्गत हो रहे टंकी निर्माण के कार्य को पूर्ण मानक एवं गुणवत्ता के आधार पर पूरा कराना सुनिश्चित करें। सड़कों पर पेयजल पाइप कार्य के लिए किए गए गड्ढों को भी शत प्रतिशत रूप से बंद



कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि ग्राम में वृद्धावस्था, निराश्रित तथा दिव्यांग पेंशन के पात्र लाभार्थी मौजूद हैं, उनको शत-प्रतिशत रूप से पेंशन दिलाने के लिए कैंपों का आयोजन कराया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने ग्रामवासियों का आह्वान किया कि गांव में बने खेल के मैदान में जाने के लिए बच्चों को प्रोत्साहित करें और उनको शारीरिक गतिविधियों, खेलों एवं व्यायाम के लिए प्रेरित करें। विकास कार्यों के सत्यापन के दौरान ग्राम में प्राथमिक विद्यालयों में पेयजल की समुचित व्यवस्था न पाए जाने की शिकायत पर उन्होंने तत्काल शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान आंगनबाड़ी केंद्र, खेल के मैदान तथा नाली, सीसी रोड निर्माण आदि के काम मानक के अनुरुप पूर्ण पाए गए।

डीएम श्रीमती जसजीत कौर ने




ग्राम प्रधान एवं ग्रामीणों द्वारा उठाए गई समस्याओं के संबंध में आश्वस्त करते हुए कहा कि उनके द्वारा सभी समस्याओं को नोट किया गया है और समस्याओं का निराकरण पूर्ण गुणवत्ता कि आधार पर शीघ्रता के साथ किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि ग्राम का कोई भी पात्र व्यक्ति जनकल्याणकारी सरकारी योजनाओं से संतृप्त होने से वंचित न रहने पाए। डीएम द्वारा ग्राम चौपाल कार्यक्रम से पूर्व आंगनबाड़ी पुष्टाहार वितरण तथा बच्चों को अन्नप्राशन भी कराया।

इस अवसर पर एसपी अभिषेक, सीडीओ पूर्ण बोरा, एडीएम प्रशासन विनय कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी, ग्राम प्रधान शाइस्ता परवीन, जिला विकास अधिकारी रचना गुप्ता, जिला पंचायत राज अधिकारी दमनप्रीत अरोड़ा, डीसी मनरेगा सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

## एक नजर

### तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी 23 को



**नगीना।** भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष प्रमोद चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद सेना के पराक्रम को नमन व वंदन करने के लिए नगीना में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह यात्रा 23 मई को प्रात: 10 बजे गाँधी मूर्ति से प्रारम्भ होकर नगर पालिका, मंडी मौलगंज, लुहारी सराय, बड़ा मंदिर, बाजार बारादरी, बड़ा बाजार होते हुए पहाड़ी दरवाजा जाकर समाप्त होगी। प्रमोद चौहान ने सभी माताओं, बहनो, डॉक्टरों, एडवोकेट, अध्यापक, अध्यापिकाओं, सामाजिक संस्थाओं व शिक्षण संस्थाओं के पदाधिकारीओं, राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं व सम्मानित जनता से तिरंगा यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की।

### कार्बेट में टाइगर का शव बरामद



**कालागढ़।** वन विभाग चौकी से रामगंगा बैराज पर जाने वाले मार्ग से मात्र दो मीटर की दूरी पर टाइगर का शव सड़ी गली अवस्था में पाया गया। टाइगर के शव को देखने से प्रतीत हो रहा था कि वह लगभग पन्द्रह से बीस दिन पुराना है। लम्बी व छोटी दूरी के गश्त करने वाले वन विभाग के कर्मचारियों को टाइगर के शव की भनक तक नहीं लगी। सूत्रों की माने तो कुछ महिलाएं जंगल में मिट्टी लेने गई थी। जिनसे सूचना वन विभाग को मिली। सूचना पाकर वन विभाग की टीम घटना स्थल पर पहुची। घटनास्थल पर टाइगर के सड़े गले अवशेष पड़े थे। सूचना आला अधिकारियों को दी गई। आला अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर टाइगर का पोस्टमार्टम कराया। शव का बिसरा जांच के लिए भेज दिया गया। मृतक बाघ के बाकि हिस्सों को जलाकर भस्म कर दिया गया।

# मॉडर्न एरा में वागमिता प्रतियोगिता

## अमृत महोत्सव के तहत कार्यक्रम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल बिजनौर में एक वागमिता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका मुख्य विषय नई रेलवे स्टेशन में सुधार कार्य रहा।

इस अवसर पर भारतीय रेलवे के डी.आर.एम. ऑफिस के मुख्य हित निरीक्षक कार्यालय मंडल रेल प्रबंधक उत्तर प्रदेश मुरादाबाद से आए अवनीश सिन्हा एवं विद्यालय प्रिंसिपल डॉक्टर सीमा विश्वास उपस्थित रहे। इस वागमिता प्रतियोगिता में विद्यालय के मोनेन्दर सिंह, रणदीप कौर, आयात नाज एवं आफिया ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए। इस प्रतियोगिता का



आयोजन अमृत भारत महोत्सव के तहत किया गया। इस प्रतियोगिता का परीक्षाफल एवं पुरस्कार दोनों ही उद्घाटन के दिन वितरण किये जायेगे। इसलिए मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल के इन छात्र-छात्रओं एवं सहायक शिक्षकों को सादर आमंत्रित किया गया है।

मुख्य अतिथि अवनीश सिन्हा ने बच्चों के विचारों पर अपना परामर्श देते हुए कहा कि इस विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं में अनुशासन, पढ़ाई की प्रति रुचि, साथ ही इस प्रकार की प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी विचारों को सुनते हुए ढेरों प्रशंसा की। विद्यालय प्रिंसिपल डॉक्टर सीमा विश्वास ने अपने संबोधन में मुख्य अतिथि का अपना कीमती वक्त देने के लिए आभार व्यक्त किया एवं समस्त प्रतिभागियों को अपने शुभ वचनों के जरिए उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए अपना आशीर्वाद देकर प्रोत्साहित किया।

# नीलगाय से टकराई दो बाइकें, दो युवक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** कालागढ़ मार्ग पर अगवानपुर के समीप मंगलवार सुबह उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब अचानक सड़क पर आई नीलगाय से दो बाइकें टकरा गई। जिस कारण हादसे में दोनों बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम रसूलपुर निवासी हर्ष (21) पुत्र राक.ेश ने बताया वह अपनी बाइक से सड़क पर जा रहा था वहीं, ग्राम कद्राबाद निवासी मनीष पुत्र सुरेश भी दूसरी बाइक से उसी सड़क पर जा रहा था। जैसे ही दोनों की बाइकें अगवानपुर के समीप पहुंची अचानक एक नीलगाय सामने गई जिस कारण तेज रफ्तार में दोनों की बाइकों की

## गंभीर हालत में हायर सेंटर रैफर

आमने-सामने भिड़ंत हो गई, जिससे दोनों युवक नीचे गिर कर गंभीर घायल हो गए। घायलों को। राहगीरों व 108 एंबुलेंस की मदद से इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सक ने हायर सेंटर रेफर कर दिया।

वहीं ग्रामीणों ने बताया इस मार्ग पर नीलगायों की संख्या लगातार बढ़ रही है, जिससे हादसों का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों ने वन विभाग से नील गायों के प्रति ठोस कदम उठाने की मांग की है।

### गढ़ी के मंसूर खान का इंतकाल



**अफजलगढ़।** क्षेत्र के ग्राम कासमपुर गढ़ी निवासी मंसूर खान (50 वर्ष) का देर रात दिल का दौरा पड़ने से इंतकाल हो गया। इस दुखद समाचार से ग्राम और आसपास के इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। मंसूर खान सामाजिक रूप से सक्रिय और लोकप्रिय व्यक्तित्व के धनी थे। वह पूर्व में ग्राम प्रधानी के प्रबल दावेदार रह चुके हैं। उनका भविष्य में भी चुनाव लड़ने का इरादा था। उनके व्यवहार, नेतृत्व क्षमता और सहयोगी स्वभाव के कारण ग्राम में उन्हें विशेष सम्मान प्राप्त था। मंगलवार को जौहर की नमाज के बाद दोपहर डेढ़ बजे पठानों वाली मस्जिद में जनाजे की नमाज अदा की गई। जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों सहित आसपास के क्षेत्रों से आए लोगों ने भाग लिया। नमाज के बाद उन्हें गांव के ही कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया गया। मंसूर खान अपने पीछे एक भरा-पूरा परिवार छोड़ गए। उनके निधन से परिवार ही नहीं, बल्कि पूरे ग्राम में गम का माहौल है।

# खो नदी में डूबने से किशोर की मौत







## प्रशासन की लापरवाही से हादसा

**शेरकोट।** लोकप्रिय हिन्दी दैनिक शाह टाइम्स ने 14 मई के अंक मे गर्मी का सीजन शुरू होते ही खो बैराज पर युवकों द्वारा कई-कई फिट ऊंचाई से कूद कर नहाने को लेकर खबर प्रकाशित कर सिंचाई विभाग व पुलिस प्रशासन को आग्रह किया था। जिसमें पुलिस क्षेत्राधिकारी अफजलगढ द्वारा खो बैराज पर नहाने वालों के खिलाफ कार्यवाही की बात की थी। लेकिन उसके बावजूद भी युवक लगातार खो बैराज पर नहाते दिखाई दे रहे थे और लापरवाही के चलते एक युवक खो बैराज की भेंट चढ़ गया। यदि समय रहते प्रशासन कोई कार्यवाही करता तो यह हादसा नहीं होता।

**अबरार मंसूरी**

**शेरकोट।** सिंचाई विभाग व प्रशासन की लापरवाही के चलते खो नदी में दोस्तों के साथ नहाने गये एक किशोर की पानी डूबने से मौत हो जाने से परिजनो में कोहराम मच गया। मृतक दो बहनों का इकलौता भाई था और इसी वर्ष उसने हाई स्कूल की परीक्षा उत्तीर्ण की थी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला इमामबाड़ा निवासी शाहिद अहमद का पुत्र शीराज



### खो बैराज पर मौत की छलांग लगा रहे युवा

#### गर्मी के मौसम में हर साल होती हैं कई मौते

शाह टाइम्स संवाददाता

शेरकोट। गर्मी शुरू होते ही बैराज पर तांता लगना शुरू हो गया है। नहाने वाले सैकड़ों युवा लड़के काफी ऊंचाई से नहर में कूदते हैं। जबकि इस खो बैराज पर हर वर्ष गर्मी के मौसम में नहाने वालों में से एक या दो मौत होती आई है। लेकिन सिंचाई विभाग व प्रशासन का इस ओर कोई ध्यान नहीं है।

मालूम हो कि गर्मी का मौसम आते ही खो बैराज की पोषक नहर में नहाने वाले युवा लड़कों का नहाना शुरू हो गया है। गर्मी के मौसम में खो बैराज पर शाम को परिवार के साथ मनोरंजन करने आने वाली महिलाओं व युवतियों को देखकर यह युवा लड़के अपनी वाहवाही लुटने के चक्कर में काफी ऊँचाई से नहर में कूदते है। जबकि इस खो बैराज पर अब तक ना जाने कितने माँ के लाल, बहनों के भाई मौत के आगोश में सो चुके है। लेकिन आज तक सिंचाई विभाग ने नहाने वाले युवाओं को रोकने का कोई ठोस कदम उठाना गंवारा नहीं समझा। गर्मी का मौसम आते ही छोटे छोटे नाबालिग बच्चे भी कई कई फिट ऊपर से छलांग लगाते नजर आते है।

बुजुर्ग बताते है की जब से यह खो बैराज बनी है तब से अब तक गर्मी के मौसम में नहाने के कारण हजारों की मौत हो चुकी है। हर वर्ष नहाने के लिए युवा लड़के धामपुर, अफजलगढ़, स्योहारा सहित दूरदराज से नहाने आते है। लेकिन आज तक सिंचाई विभाग के अलावा भी किसी अन्य अधिकारी व किसी राजनेता ने इस ओर ध्यान देना गंवारा नहीं समझा और सिंचाई विभाग आँखे मुंदे तमाशा देखता आ रहा है। बैराज पर तैनात कर्मचारियों का कहना है कि वह नहाने वाले युवा लड़कों को रोकने कि कोशिश करते तो लड़के उनके साथ गाली गलोच करने पर उतारु हो जाते है। सिंचाई विभाग व अन्य उच्चाधिकारियों ने शीघ्र इस ओर

#### ऊंचाई से कूदने वाले युवकों पर होगी कार्यवाही : सीओ

शेरकोट। खो बैराज पर युवाओं द्वारा ऊंचाई से कूदकर नहाने के मामले में पुलिस क्षेत्राधिकारी राजेश सोलंकी से बात की। उन्होंने मामला संज्ञान में ना होने के साथ-साथ सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस कर्मियों को तैनात कर नहाने वाले युवाओं पर कार्यवाही करने की बात कही।

ध्यान नहीं दिया तो कोई भी युवा मौत के आगोश में सो सकता है। नगर के मोहम्मद उमर, सलीम अहमद, सिराज सिद्दीकी, अफजाल अहमद, जुबेर अहमद, जुनैद अहमद, नदीम अहमद, जावेद अहमद आदि ने सिंचाई विभाग सहित अन्य उच्चाधिकारियों से बैराज पर नहाने वाले युवाओं को रोकने के लिए कड़े कदम उठाने की माँग करते हुए बैराज पर सुरक्षा लगाये जाने की गुहार लगाई है।

मंगलवार को दोपहर में अपने दोस्तों के साथ परिजनों से बिना बताये खो नदी पर नहाने गया था। युवक को

#### सैकड़ों युवक सो चुके हैं मौत की आगोश में

**शेरकोट।** गर्मी का मौसम शुरू होते ही खो बैराज पर गर्मी से निजात पाने के उदेश्य से हर वर्ष नहाने वाले युवक इस खो बैराज के आगोश मे सो चुके है। अब तक इस खो बैराज मे सैकड़ों युवक अपनी जान गंवाते आ रहे है। लेकिन आज तक किसी सिंचाई विभाग के अधिकारियों, प्रशासन ने इस ओर ध्यान देना गंवारा नहीं समझा है।

अचानक पानी में डूब देख आसपास नहा रहे युवकों ने उसे बचाने के लिए उसकी तरफ दौड़कर उसे काफी मशक्कत के बाद पानी से बहार निकाल कर उसके परिजनों को मामले की सूचना दी। जिस पर परिजन तुरंत खो बैराज पहुँच गये और युवक को उपचार हेतु धामपुर अस्पताल ले गये। लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मोत से परिजनों मे कोहराम मच गया। बताया जाता है मृतक दो बहनों का इकलौता भाई था, जिसने इस वर्ष हाई स्कूल की परीक्षा पास की थी। मृतक की बहनों का रोते रोते बुरा हाल है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# फुलसंदी के शिवम सहित चार को आजीवन कारावास

## हत्या के मामले में सुनाई गई सजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** न्यायालय एडीजे छह ने हत्या के मामले में फुलसंदी के ओमकार सिंह, शार्दूल, शिवम व शगुन को आजीवन कारावास एवं चार लाख अठ्ठासी हजार रुपए के अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई है।

प्राप्त समाचार के अनुसार थाना नहटौर में वादी ने 16 मई 2021 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि अभियुक्त ओमकार पुत्र महावीर, शार्दूल, शिवम व शगुन पुत्रगण ओमकार निवासीगण ग्राम फुलसंदी ने उनके घर में घुस कर पुत्र के साथ गाली-गलौच व मारपीट करते हुए लोहे की रॉड व सब्बल से वार कर उसकी हत्या कर दी। तहरीर के आधार पर नहटौर पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 139/21 धारा 302, 452, 323, 504 व 506 आईपीसी में रिपोर्ट दर्ज की थी। अभियुक्तों को सजा दिलाने के लिए पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित कर दिया था। पुलिस के द्वारा न्यायालय में प्रभावी पैरवी की गई थी। न्यायालय एडीजे 6 ने आज अभियुक्त ओमकार सिंह, शार्दूल, शिवम व शगुन को आजीवन कारावास एवं प्रत्येक को एक लाख बाइस हजार रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

गौरतलब है कि अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट नंबर छह तालेवर सिंह ने मामूली कहासुनी में युवक की हत्या करने तथा दो को घायल करने के मामले में आरोपित पिता ओमकार तथा उसके पुत्र शार्दुल, शिवम व शगुन को दोषी माना था।

एडीजीसी आनंद जंघाला के अनुसार वादी शूरवीर सिंह पुत्र सोमनाथ सिंह निवासी गांव फुलसंदी, थाना नहटौर ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा था कि उसका पुत्र अंकित कुमार ग्राम में बाबूराम की दुकान पर सामान लेने गया था। वहां पर वादी के भतीजे मुकुल के साथ आरोपी ओम कुमार और उसके पुत्र शार्दुल, शिवम और शगुन कहासुनी कर रहे थे। अमित अपने चेहरे भाई मुकुल को वहां से समझा बूझकर घर ले आया। मुकुल अपने घर चला गया तथा अमित अपने घर चला गया। लगभग 20 मिनट बाद आरोपी ओम कुमार व उसके तीनों पुत्र हथियारों से लेस होकर वादी के घर में घुस आए और आते ही चारों ने अंकित पर जानलेवा हमला कर दिया और उसके सिर व मुंह पर लोहे की रोड व सब्बल से वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। उसे बचाने शोभित कुमार, सत्येंद्र कुमार और वादी की पत्नी तथा गांव के लोग आए। तो आरोपियों ने उन पर भी हमला किया। हमले में शोभित कुमार और सत्येंद्र कुमार भी घायल हो गए। गंभीर हालत में अंकित कुमार को हॉस्पिटल लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया था।

## पीएनबी बरूकी में 22 को धरना प्रदर्शन

**कोतवाली देहात।** ग्राम शाहपुर सैदू में किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा की बैठक में विकास चौधरी ने कहा कि केंद्र सरकार व राज्य सरकार द्वारा काफी योजनाएं चलाई जा रही हैं लेकिन योजनाएं केवल कागजों तक ही सीमित रह रही हैं। बैंकों द्वारा जरूरतमंद लोगों को योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। पीएनबी बरुकी के शाखा प्रबन्धक की कार्यशैली सही नहीं है। बरूकी ब्रांच में फील्ड ऑफिसर का सप्ताह में 1 दिन का समय दिया गया है, जिसके कारण किसानों के केसीसी कार्ड समय से नहीं बन पा रहे हैं और ज्यादातर कार्य रुका हुआ है। केंद्र सरकार व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ दिलाने, बरूकी ब्रांच में फील्ड ऑफिसर को सप्ताह में 3 दिन मौजूद रहने और मैनेजर की कार्यशैली को लेकर किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा 22 मई को पंजाब नेशनल बैंक बरूकी में धरना प्रदर्शन करेगी। इस मौके पर जिलाध्यक्ष विकास उर्फ नूरी, राकेश कुमार, मुनेंद्र सिंह, देवेंद्र सिंह, पीतम सिंह, चंद्रप्रकाश, संजय सिंह, राजीव त्यागी, शुभम कुमार, सत्येंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

# गुलदार के आतंक से रालोद भी खफा

## नागरिकों की जान बचाने की मांग



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जनपद में गुलदार के बढ़ते आतंक से रालोद भी खफा है। गुलदार से नागरिकों की जान बचाने की मांग की गई है।

प्राप्त समाचार के अनुसार आज राष्ट्रीय लोकदल कार्यालय पर किसान प्रकोष्ठ की मासिक बैठक हुई। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह जंघाला ने की तथा संचालन धर्मेंद्र सिंह ने किया। बैठक में जनपद भर से सैकड़ों किसानों ने भाग लिया। बैठक में पार्टी संगठन को मजबूत करने के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी के निर्देश पर ग्राम-ग्राम जाकर किसानों को पार्टी की नीतियों से अवगत कराते हुए सदस्यता अभियान को गति देने पर जोर दिया गया। बैठक में छोटन चेयरमैन कड़ापुरा को जिला सचिव तथा अंकुल बाटपुरा को न्याय पंचायत अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। किसानों की समस्याओं पर चर्चा करते हुए जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह जंघाला ने कहा कि मुख्यालय पर बैठे कुछ विभागों के लापरवाह अधिकारी सरकार की किसानों के बीच विश्वसनीयता को खराब करना चाहते है। राष्ट्रीय लोकदल उनके मनसुबों को सफल नहीं होने देगा, क्योंकि हम सरकार का हिस्सा है और हमारी पार्टी की नीति किसान के हित में स्पष्ट है। जनपद में जंगली जानवरों का आतंक है। नीलगाय जहां फसलों को नुकसान पहुंचाने के साथ ही तेज गति से सड़कों पर वाहनों से टकराकर लोगों को मौत के घाट उतार रही है, वहीं गुलदार हर रोज किसानों व मजदूरों को अपना निवाला बना रहे है। जिससे किसानों व मजदूरों में भय व्याप्त है। वह अपने खेतों पर भी नहीं जा रहे है। अपनी आत्मरक्षा करने में अगर किसानों से गुलदार को चोट लग जाती है, तो वन विभाग के अधिकारी अपने बच्चे को चोटिल होने या मरने की रिपोर्ट दर्ज करा कर किसानों का उत्पीड़न करने का काम करता है। जिससे किसानों में अपनी सुरक्षा के प्रति भय व्याप्त है और वह अपनी ही सरकार से नाराज हो रहे है। ऊपर से बिजली की अघोषित कटौती के कारण किसान फसलों की सिंचाई भी नहीं कर पा रहे है। बजाज बिलाई चीनी मिल किसानों का अरबों रुपया दबाकर बैठ गई है। जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति दिन ब दिन बदत्तर होती जा रही है।

चकबंदी जैसे विभागों में बैठे भ्रष्ट अधिकारी किसानों को लूटने पर लगे है। कोऑपरेटिव समितियां भी पीछे नहीं है। तीन प्रतिशत ब्याज पर किसानों को ऋण देकर अब किसानों से सात प्रतिशत लूट रही हैं।

इन सभी समस्याओं से संबंधित पांच सूत्रीय ज्ञापन आज जिलाधिकारी को सौंपा गया। रालोद नेताओं ने कहा कि सरकार को बदनाम करने वाले अधिकारियों को चिन्हित कर उनके खिलाफ मोर्चा खोला जाएगा।

इस मौके पर अशोक चौधरी, प्रदेश माह सचिव, पूनम चौधरी, संजीव राठी, सोनू चौधरी, ब्रजवीर सिंह आर्य, छोटन चेयरमैन, मास्टर गिरिराज सिंह, मनोज, नेपाल सिंह आदि मौजूद थे।

# ग्राम मेदूवाला में ग्राम चौपाल का आयोजन

## ग्रामवासियों की समस्याओं का समाधान किया




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** डीएम जसजीत कौर द्वारा आज निर्धारित भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत विकासखंड नजीबाबाद की ग्राम मेदूवाला (ग्राम पंचायत मौहम्मद अमीखानपुर) में आयोजित ग्राम चौपाल कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए स्थानीय ग्रामवासियों की समस्याओं का उपस्थित अधिकारियों के माध्यम से समाधान किया गया।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा, मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा, प्रशिक्षू आईएएस कुणाल रस्तौगी, अपर जिलाधिकारी प्रशासन विनय कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी नजीबाबाद, जिला पंचायत राज अधिकारी दमनप्रीत अरोड़ा, जिला विकास अधिकारी रचना गुप्ता, जिला समाज कल्याण अधिकारी जागेश्वर, जिला दिव्यांग जन कल्याण अधिकारी अजय कुमार, डीसी मनरेगा व एनआरएलएम सहित अन्य विभागीय अधिकारी एवं ग्रामीण बंधु मौजूद थे।

डीएम श्रीमती जसजीत कौर ने ग्राम की महिलाओं का आह्वान करते हुए कहा कि अपने बच्चों को स्कूल जरूर भेजे और समय-समय पर मिड डे मिल की क्वालिटी का चेकअप भी करें ताकि बच्चों को मानक के अनुरूप गुणवत्ता पूर्ण भोजन प्राप्त हो सके।

उन्होंने यह भी कहा कि अपने शिशुओं और गर्भवती महिला को आंगनबाड़ी केंद्रों में पंजीकृत कराएं ताकि वहां उनका नियमित स्वास्थ्य चैकअप, समय पूर्वक टीकाकरण और पौष्टिक आहार प्राप्त हो सके। उन्होंने यह भी आह्वान किया कि सभी ग्रामवासी एवं महिलाएं अपने बच्चों को स्कूल के बाद ग्राम में स्थापित लाइब्रेरी में अध्ययन के लिए भेजें और उन्हें किताबें पढ़ने के लिए प्रेरित करें ताकि उनके उज्जवल भविष्य की राह हमवार हो सके।

उन्होंने विकास से संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्राम में जन कल्याणकारी योजनाओं से वंचित लाभार्थियों को शत-शत रुप से संतृप्त करने के लिए कैंपों का आयोजन करें और कोई भी पात्र व्यक्ति शासकीय जन कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहने पाए। समीक्षा के दौरान प्राथमिक विद्यालय सही अवस्था में पाया गया। जिसमें एक लाइब्रेरी भी संचालित पाई गई। इसके अलावा एक अतिरिक्त लाइब्रेरी पंचायत घर में भी संचालित होना बताया गया। लिंक मार्ग क्षतिग्रस्त पाए जाने पर उन्होंने संबंधित अधिकारी निर्देश दिए कि तत्काल उसकी समुचित मरम्मत करना सुनिश्चित करें। गांव में 19 वृद्धावस्था पेंशन, 13 निराश्रित महिला पेंशन तथा 2 विकलांग पेंशन के लाभार्थी पाए गए। जिनके द्वारा समयपूर्वक पेंशन उपलब्ध होना बताया गया। गांव में 286 राशन कार्ड तथा 14 अंत्योदय कार्ड धारक पाए गए तथा राशन का वितरण भी सही होना प्रकाश आया। राजस्व कार्यों के अंतर्गत गांव में शत प्रतिशत रूप से विरासत दर्ज पाई गई तथा राजस्व विभाग का कोई विवादित मामला भी प्रकाश में नहीं आया।

चौपाल के दौरान जिलाधिकारी द्वारा प्रधानमंत्री जन मन आवास योजना के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र, राष्ट्रीय आजीविका मिशन के अंतर्गत गठित महिला स्वयं सहायता समूह की महिला ग्रुप लीडर तथा सफाई कर्मचारी को उत्कृष्ट कार्य पर प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। चौपाल में जिलाधिकारी द्वारा आंगनबाड़ी पुष्टाहार वितरण कर बच्चों को अन्नप्राशन भी कराया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी को सिख समाज के संभ्रांत ग्रामवासियों द्वारा दोशाला, कृपाण तथा स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्राम प्रधान एवं संभ्रांत ग्रामीण बंधु ने जिलाधिकारी को सरकारी नलकूप के लिए विद्युत कनेक्शन, सोलर फैंसिंग सुविधा, नालों का निर्माण, नेटवर्क एवं इंटरनेट के लिए मोबाइल टावर की स्थापना, कच्चे बाईपास का सीसी रोड निर्माण तथा स्वास्थ्य केंद्र उपलब्ध कराने की मांग की गई। जिलाधिकारी द्वारा ग्रामीण वासियों को आश्वस्त करते हुए कहा गया कि उनकी सभी मांगों को शीघ्र ही पूर्ण करने का प्रयास किया जाएगा।

## राजस्व टीम ने जोहड़ी कब्जा मुक्त कराई

**कासमपुर गढ़ी।** शाह टाइम्स में छपी खबर का हुआ असर राजस्व टीम ने जोहड़ी कब्जा मुक्त कराई तथा पिलर लगाकर ग्राम प्रधान की सुपुर्दगी में दी। सात मई को शाह टाइम्स में सरकारी सम्पत्ति पर अवैध कब्जे का प्रयास शीर्षक से खबर छपी थी। जिसका सरकारी तंत्र ने संज्ञान लिया और ग्राम सीरवासुचंद में गत दिवस राजस्व टीम ने मौके पर पहुंचकर एक जोहड़ी को चिन्हित कर उसकी पैमाइश करते हुए उसमें पिलर लगा दिए और उसे ग्राम प्रधान की सुपुर्दगी में दे दिया। ग्रामीणों द्वारा संबंधित अधिकारियों को की गई शिकायत के निस्तारण के परिपेक्ष में रविवार को हलका लेखपाल अनिरुद्ध कुमार साथी लेखपाल के साथ ग्राम सीरवासुचंद में त्रिलो. कपुर/पुक्खेवाला बाईपास मार्ग पर पहुंचे और वहां स्थित (खसरा नंबर 9 रकबा 0.051 हेक्टेयर) जोहड़ी को पैमाइश कर उसे चिन्हित किया गया। हल्का लेखपाल अनिरुद्ध कुमार ने बताया कई ग्रामीणों की जमीन के बीच में मौजूद इस जोहड़ी की पैमाइश पर पिलर लगाकर उसको ग्राम प्रधान सीरवासुचंद के सुपुर्द कर दिया गया है। इस जोहड़ी के संबंध में अग्रिम प्रक्रिया हेतु उच्चाधिकारियों को अवगत करा दिया गया है। बता दें कि जोहड़ी की इस बेशकीमती जमीन को पाटकर इसे कॉलोनी के रूप में महंगे दामों में बेचने की कुछ भूमाफियाओं की मंशा थी।

## एक नजर

### 14 करोड़ रुपए का बजट पारित



**बढ़ापुर।** नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. दिलशाद अंसारी की अध्यक्षता में पंचायत कार्यालय सभागार में आयोजित बोर्ड की बजट बैठक में कोई नया प्रस्ताव पारित नहीं किया गया। बल्कि पुराने प्रस्तावों का अनुमोदन किया गया और मुख्य रूप से बजट पर चर्चा हुई और अनुमानित 14 करोड़ रुपए से विकास कार्य कराने का वार्षिक बजट सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैठक में सभासद योगेश कुमार, परवेज खान, दानिश अली, दानिश कुरैशी, फहीम अहमद, श्याम सिंह, इशरत जहां, अकील अहमद आदि उपस्थित थे।

### आटा चक्की में बिजली चोरी

**बिजनौर।** विद्युत विभाग के प्रवर्तन दल ने आज ग्राम सदनपुर, थाना चांदपुर में मौहम्मद ताहिर पुत्र मौहम्मद हनीफ की आटा चक्की पर छापा मारा। वहां पर उपभोक्ता के मीटर के अतिरिक्त तीन कोर वाली केविल एलटी पोल पर डाल कर 7.5 एचपी की आटा चक्की चलते हुए पाई गई।

### शमशेर गिरफ्तार

**बिजनौर।** शिवाला कलां पुलिस ने ग्राम ढाकी निवासी शमशेर पुत्र जाकिर को जानलेवा हमला करने के मामले में गिरफ्तार किया है। इस मामले में ग्राम निवासी नरेश पाल सिंह ने अपने भाई कावेन्द्र सिंह पर हुए जानलेवा हमला करने के मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

### नगीना में फहीम गिरफ्तार

**बिजनौर।** नगीना पुलिस ने मौहल्ला कलानान निवासी फहीम पुत्र नफीस को हथियार सहित गिरफ्तार किया है।

### 29 मरीज ऑपरेशन के लिए भेजे गए

**नगीना।** हिमालयन अस्पताल जॉलीग्रांट देहरादून के सहयोग से राष्ट्रीय अंधता एवं दृष्टि दोष नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को नूर ऑप्टिकल आई सेंटर बारादरी नगीना में नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में क्षेत्र के सैकड़ों मरीजों ने भाग लिया। जिनमें से 197 लोगों की आंखों की जांच की गई, वहीं मोतियाबिंद से ग्रसित 29 मरीजों को ऑपरेशन के लिए चयनित कर देहरादून भेजा गया। विशेष बात यह रही कि इन ऑपरेशन मरीजों को हिमालयन अस्पताल द्वारा पूरी यात्रा जाना, आना, ठहरने और इलाज सभी सुविधाएं नि:शुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी। इस सेवा से लाभान्वित हो रहे ग्रामीणों और नगरवासियों में विशेष उत्साह देखा गया। इस शिविर का संचालन नूर ऑप्टिकल आई सेंटर के संचालक मुजम्मिल अजीम द्वारा किया गया, जो जिले में एक सामाजिक सेवाभावी व्यक्तित्व के रूप में पहचाने जाते हैं। मुजम्मिल अजीम कई बार इस प्रकार के नेत्र शिविरों का आयोजन कर दर्जनों जरूरतमंदों को चिकित्सा सुविधा दिलवा चुके हैं। उनके इस प्रयास की क्षेत्र में सराहना की जा रही है। शिविर के सफल संचालन में हिमालयन अस्पताल जॉली ग्रांट देहरादून से आई नेत्र विशेषज्ञ डॉ. सुबोध व डॉ. शारद और सहयोगी स्टाफ का विशेष योगदान रहा। सभी ने सेवा भाव से दिनभर जांच और परामर्श कार्य किया। नेत्र रोग विशेषज्ञों ने लोगों से अपील की कि वे समय-समय पर आंखों की जांच अवश्य कराएं और नेत्र स्वास्थ्य को लेकर जागरूक रहें।

# आर्य वैदिक कन्या इंटर कॉलेज में गोष्ठी के माध्यम से प्रतियोगिताएं

## अहिल्याबाई होल्कर के जीवन पर प्रकाश डाला



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** नगर के आर्य वैदिक कन्या इंटर कॉलेज में रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर एक गोष्ठी के माध्यम से विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयोजित रंगोली प्रतियोगिता में मनु कक्षा 9 प्रथम, हुमैरा कक्षा 9 द्वितीय, जैनम कक्षा 9 तृतीया स्थान पर रही। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर अनुष्का कक्षा 7, द्वितीय स्थान पर संजीवनी कक्षा 7, तृतीय स्थान पर अंजलि कक्षा 10 तथा दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर कशिश कक्षा 10, द्वितीय पर शिफा कक्षा 7 एवं तृतीय स्थान पर वंशिका कक्षा 7 रही।

कॉलेज की कुल 125 छात्राओं ने प्रतियोगिताओं में भाग लिया। प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समाज सेवी मानव सचदेवा, भाजपा नेता आशीष कुमार, प्रबंधक विजेंद्र सिंह, अध्यक्ष डॉ सत्येंद्र शर्मा अंगिरस की भी गरिमामई उपस्थिति रही। प्रधानाचार्य मीरा रानी के निर्देशन में उप प्रधानाचार्य डॉ रंजना, दिव्या पांडे, गरिमा सिंह, सुषमा पटेल, सुम्बुल जमील, सुषमा, रचना रानी व शबाना परवीन का कार्यक्रम की सफलता में विशेष योगदान रहा।

इस अवसर पर गोष्ठी को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य मीरा रानी ने बताया कि अहिल्याबाई होल्कर का जन्म वर्ष 31 मई 1725 को महाराष्ट्र के चौँढ़ी नामक गांव में हुआ था। वह एक सामान्य किसान की इकलौती पुत्री थी। इनके पिता का नाम मानकोजी शिंदे था। अहिल्याबाई भगवान में विश्वास रखती थी और प्रतिदिन शिव मंदिर में पूजा करती थी। मराठा संघ के अंतर्गत इंदौर की रानी थी। उन्होंने होलकर राजवंश की राजधानी के रूप में नर्मदा नदी के तट पर महेश्वर मंदिर (मध्य प्रदेश) की स्थापना की थी। इंदौर का नाम इंद्रेश्वर महादेव मंदिर के नाम पर पड़ा है। जहां शिव मुख्य देवता हैं।

डॉ. रंजना ने अहिल्याबाई के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वह साधारण शिक्षित ग्रामीण युवती थी। जो 10 वर्ष की अल्पायु में ही मालवा के इतिहासकार ई मार्सडेन के अनुसार होलकर वंशिय राज्य के संस्थापक मल्हारराव होलकर के पुत्र खंडेराव के साथ परिणय सूत्र में बंध गई थी। इनकी 29 वर्ष की आयु में ही पति का देहांत हो गया था। जिनसे एक पुत्र और एक पुत्री पैदा हुए। सन 1766 ई. में ससुर की मृत्यु के बाद अहिल्याबाई को शासन की बागडोर संभालनी पड़ी। कालांतर में देखते ही देखते पुत्र, पुत्री, दामाद की भी मृत्यु हो गई। अब अहिल्याबाई अपने जीवन में हताश हो गई। परंतु प्रजाहित में राज काज करती रही। 13 अगस्त 1795 को नर्मदा तट पर स्थित महेश्वर के किले में भारतीय इतिहास में अपना नाम स्वर्णाक्षरों में लिखाकर सदैव के लिए महानिद्रा में सो गई। हम सब उनकी जयंती पर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं।

# ऑपरेशन सिंदूर शौर्य गाथा कार्यक्रम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** नगर में स्थित साई इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में महिला समन्वय समिति विभाग बिजनौर द्वारा ऑपरेशन सिंदूर शौर्य गाथा कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया।

मंगलवार को कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की प्रदेश उपाध्यक्ष जूही अग्रवाल ने कहा कि भारतीय सैनिकों द्वारा पाकिस्तान दुश्मनों की चौकियों व आतंकवादियों के आवा. सों पर हमला कर उनके संघर्ष, शौर्य, वीरता, का गुणगान किया। अध्यक्षता कर रही उक्त समिति विभाग की संयोजिका सरिता शर्मा ने मुख्य अखिल भारती व आप्रेशन सिंदूर पर प्रभावशाली संबोधित करते हुए कहा कि अहिल्याबाई होलकर के जीवन व महिला समन्वय समिति के उद्देश्यों से अवगत कराया। महिला सशक्तिकरण की आवश्यकता पर जोड़ देते हुए देते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर केवल एक सैन्य कार्रवाई नहीं, बल्कि भारतीय सैनिक शक्ति के अद्वितीय साहस और मजबूत भारतीय रक्षा प्रणाली की मिसाल है। उन्होंने कर्नल सोफिया कुरैशी व विंग कमांडर व्योमिका सिंह का जिक्र करते हुए कि उन्होंने अपनी बहादुरी से यह साबित किया कि महिलाएं हर मोर्चे पर सक्षम हैं। उन्होंने युवा छात्राओं से आह्वान किया कि वे भी अपने जीवन में किसी न किसी रुप में राष्ट्र सेवा का संकल्प लें। प्रधानाचार्य चंचल वशिष्ठ ने ऑपरेशन सिंदूर और भारतीय रक्षा प्रणाली कितनी मजबूत है और हमारे सैनिकों के साहस से विस्तृत रुप से अवगत कराया। देश भक्ति के गीतों और नारों के साथ तिरंगा यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम का संचालन आयुषी व आकृति चौहान ने संयुक्त रुप से किया।

इस अवसर पर सह संयोजिका उर्मिला प्रजापति व नीतू अग्रवाल सहित ज्योति पांडे, शिवानी राजपूत, अमिता चौहान, अनीता चौहान प्रतिभा वशिष्ठ, स्वाति रस्तोगी, छाया रस्तोगी, नीतू चौहान, प्रियांका, वैशाली, शालिनी, रेखा यादव, तुलसा यादव, मंजू वर्मा आदि मौजूद रहे।

DARGAH-E-ALIA
NAJAF-E-HIND
Jogipura, Najibabad- 246763
Distt. Bijnor, U.P., INDIA
MOB. 9412632908, 8218816488
Website: www.dargahjogipura.com

सूचना

दरगाह ए आलिया नजफ ए आलिया नजफ ए हिन्द जोगीपुरा में दिनांक 22.05.2025 से 25.05.2025 तक मखसूसी का प्रोग्राम होना है। जिसमें बिजनौर प्रशासन द्वारा सी.सी.टी.वी. कैमरे लगवाये जाने के संबंध मौखिक निर्देश दिये गये है। जिसके क्रम में तत्काल इच्छुक फर्म अपना कोटेशन प्रस्तुत करे। जिससे की अविलम्ब सी.सी.टी.वी. कैमरे लगाए जा सके।

गुलरेज हैदर रिजवी
प्रशासक-वक्फ दरगाह ए आलिया नजफ ए हिन्द
नजीबाबाद, जनपद बिजनौर

कार्यालय नगर पालिका परिषद शेरकोट ( बिजनौर )
पत्रांक 130/25 न.प.प.शे./ 2025
दिनांक:- 17.05.2025
सार्वजनिक सूचना

एकद्द्वारा भवन स्वामियों/ क्रेतागणों तथा अन्य व्यक्तियों को सूचित किया जाता हैं कि भूमि/भवन सं. अपंजीकृत मौहल्ला खुराड़ा शेरकोट (बिजनौर) द्वारा उक्त भूमि/भवन पर नाम दर्ज करने के समबन्ध में इस कार्यालय में प्राप्त आवेदन पत्र संलग्न साक्ष्यों/ पंजीकृत बैनामों के आधार पर श्री कमाल अहमद व साहब अहमद पुत्रगण अफजाल अहमद निवासी मौहल्ला शेखान, शेरकोट, बिजनौर के नाम दर्ज/ परिवर्तन की कार्यवाही कर विभाग में विचाराधीन है। सम्बन्धित एवं विक्रेतागणों को नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 ( बी) के अन्तर्गत नोटिस भेजी जा चुकि हैं। अगर किसी आपत्तिकर्ता को आपत्ति हो तो सम्पूर्ण अभिलेखों / साक्ष्यों सहित प्रकाशित होने के दिनांक से एक माह के अन्दर अपना पक्ष/आपत्ति इस कार्यालय को प्रेषित करे। अन्यथा सनियम कार्यवाही करते हुए प्रकरण का निस्तारण कर दिया जायेगा।

अधिशासी अधिकारी

न्यायालय न्यायाधिकारी ग्रामीण न्यायालय, धामपुर
परिवाद सं. 816/2024
शमा परवीन बनाम जान मौहम्मद आदि थाना-धामपुर

साईन पत्नी फयाजुद्दीन निवासी ग्राम शहजादपुर, थाना शेरकोट, तहसील धामपुर, जिला बिजनौर

याची ने घरेलू हिंसा से महिला संरक्षण अधिनियम, 2005 (2005 का 43) की धारा 12, 17, 18, 19, 20, 21, 22, 23, 24 घरेलू हिंसा से महिला का संरक्षण अधि. 2005 के अधीन आवेदन फाइल किया है/ किए है।

आपको यह कारण बताने के लिए क्यों न आवेदक द्वारा मांगे गए अनुतोष (अनुतोषों) को आपके विरूद्ध प्रदान कर दिया जाए। व्यक्तिगत रूप से या इस न्यायालय द्वारा सम्यक रूप से प्राधिकृत काउंसेल के मार्फत तारीख 19 मास 06 सन् 2025 को 10 बजे पूर्वाहन/ अपराहन में इस न्यायालय के समक्ष हाजिर होने का निदेश दिया जाता है, इसमें असफल होने पर न्यायालय एक पक्षीय कार्यवाही करेगा।

नियत दिनांक:- 19.06.2025
न्यायाधिकारी
ग्राम न्यायालय धामपुर
जिला बिजनौर

# हाथियों के झुंड ने गन्ने की फसल रौंदी

## किसान ने की मुआवजे की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बढ़ापुर।** क्षेत्र के मौजा सेजरामपुर में गन्ने के खेत में हाथियों के झुंड ने जमकर उत्पात मचाया। झुंड ने फसल को खा कर और पैरों तले रौंदकर बर्बाद कर डाली। किसान ने मुआवजे की मांग की है।

कस्बे के मुहल्ला नौमी निवासी ललित कुमार पुत्र होरी सिंह की कृषि भूमि ग्राम रामजीवाला मार्ग पर मौजा सेजरामपुर में है। वहां पर उन्होंने गन्ने की फसल बो रखी है। सोमवार की रात हाथियों का झुंड गन्ने में घुस आया और फसल में जमकर उत्पात मचाया। झुंड ने फसल को खाकर और पैरों से रौंद डाली। सुबह होने पर जब किसान खेत पर पहुंचे तो गन्ने की फसल की दुर्दशा देखर दंग रह गए। किसान की सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और मुआयना किया। किसान का कहना है कि हाथियों के झुंड ने उनका लगभग चार बीघा गन्ना रौंद डाला है। वहीं अन्य किसान पप्पू, बबलू, उदय सिंह, शेर सिंह, प्रदीप और मुकेश आदि का कहना है उनकी भूमि आबादी के नजदीक है। अब हाथी आबादी के नजदीक तक पहुंचने लगे है, जिसको लेकर चिंता बनी हुई है। ये किसान परिवार सहित ही पास में रहते हैं।

उन्होंने वन विभाग से हाथियों को रोकने के लिए कारगर कदम उठाने की मांग की है।



### जीप खराब होने से रात्रि गश्त में आ रही दिक्कत

मौजा सेजरामपुर में हाथियों के झुंड द्वारा किसान की गन्ने की फसल उजाड़ दी। किसान की सूचना पर बढ़ापुर वन रेंज के वनकर्मी मौके पर पहुंचे। इस दौरान वन कर्मियों ने किसान को बताया कि रेंज की गाड़ी (जीप) खराब पड़ी हुई है। गाड़ी खराब होने के चलते रात्रि गश्त करने में दिक्कत आ रही है। हालांकि वन कर्मी बाइकों से ही गश्त कर रहे है, अब ऐसे में वन कर्मियों की जान पर भी खतरा बना हुआ है।

"किसान की सूचना पर वन कर्मियों को मौके पर भेजा गया है। हल्का लेखपाल द्वारा जांच कराकर किसान को नुकसान का उचित मुआवजा दिलाया जायेगा। खराब वाहन का मामला वन अफसरों के संज्ञान में है। वनकर्मियों को बाइक द्वारा गश्त बढ़ाने के लिए सूचित किया गया है।"

**सचिन शर्मा**
**बढ़ापुर वन क्षेत्राधिकारी**

# कांग्रेस जिलाध्यक्ष का नगीना में स्वागत

## रंग लाई शेख मौ. अंजार की मेहनत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** कांग्रेस की नवनियुक्त जिला अध्यक्ष हेनरीता राजीव सिंह का नगीना में प्रथम बार आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। रविवार की शाम जिला अध्यक्ष हेनरिता राजीव नगीना पहुंची जहां पर नगीना बिजनौर मार्ग पर शेख मोहम्मद अंजार, इश्तियाक अहमद बाबू, अभिषेक मिश्रा एड., शावेज अंजार, वाहिद अंसारी, मनोज शर्मा, रईस राज ने फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया।

इसके उपरांत अंबेडकर पार्क पहुंचकर सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बाबा भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके उपरांत गांधी तिराहा पहुंचकर गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनका काफिला मौहल्ला शाहजहीर स्थित शेख मोहम्मद अंजार के निवास स्थान पर पहुंचा। जहां पर एक जनसभा का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष हेनरीता राजीव सिंह ने कहा कि देश और प्रदेश की सरकार के लिए अब जनता का रुझान कांग्रेस पार्टी की तरफ है। उन्होंने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की ऐतिहासिक जीत होगी। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री ओमवती देवी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जो कहती है वह करती है। उन्होंने सभी लोगों से कांग्रेस को और अधिक मजबूत करने का आह्वान किया। पूर्व आई एस आरके सिंह ने कहा कि देश और प्रदेश की जनता जान चुकी है कि उनके हित कांग्रेस में ही सुरक्षित है। क्योंकि कांग्रेस ही ऐसी पार्टी है जो भाजपा की भ्रष्ट नीतियों से छुटकारा दिला सकती है।

इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता आरिफ खा एडवोकेट, फरीद खान एडवोकेट, काजी अरशद मसूद, कांग्रेस अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला महामंत्री मास्टर अली हसन, सेवा दल के वरिष्ठ नेता प्रदीप ठाकुर, वाहिद अंसारी, अकील शमसी, वसीम अख्तर सिद्दीकी, अजमल उस्मानी, मनोज शर्मा सहित सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता बाबू इश्तियाक अहमद लाठी वालों ने की तथा सफल संचालन शेख मोहम्मद अंजार ने किया।

# विद्या मंदिर में मेधावी सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान से सम्बद्ध सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज रामलीला बाग नगीना में आज प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें नगीना क्षेत्र के विद्यालयों में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाली बहिनों को उपजिलाधिकारी आशुतोष जयसवाल द्वारा सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पार्चन कर किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य महेश सिंह एवं प्रबंध समिति से अध्यक्ष प्रदीप गर्ग, प्रबंधक डॉ. संदीप शर्मा, कोषाध्यक्ष डॉ. बालेश विश्नोई, सदस्य हर्ष गोयल, संजीव गुप्ता ने कार्यक्रम में आये अतिथियों का स्वागत बैज लगाकर एवं अंग वस्त्र भेंट कर किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आशुतोश जयसवाल उपजिलाधिकारी नगीना ने नगीना क्षेत्र की मेधावी छात्राओं को पुरस्कार वितरित किया और सभी को काउंसलिंग के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर रितु गर्ग, अंजली मित्तल, डॉ. ललिता शर्मा, राजकुमार विश्नोई, सौरभ मित्तल, योगेंद्र शर्मा, गर्वित चौधरी, नीरज विश्नोई, मोमराज, प्रधानाचार्य एमएम इंटर कॉलेज शाहिद अली गौहर और एके मुस्लिम इंटर कॉलेज के प्रबंधक आलमगीर काजमी, 96 छात्राएं और उनके अभिभावक उपस्थित रहे।

# राजेश्वरी मॉडर्न कॉलेज में सम्मान समारोह

## जिला टॉपर याशी को पुरस्कृत कर सप्रेम भेंट की स्कूटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** राजेश्वरी मॉडर्न पब्लिक इंटर कॉलेज में हाईस्कूल की जिला टॉपर यासी को सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया। शीशा परिवार की ओर से जिला टॉपर यासी को एक स्कूटी सप्रेम भेंटकर सम्मानित किया गया।

जानकारी के अनुसार राजेश्वरी मॉडर्न पब्लिक इंटर कॉलेज कश्मीरी में हाईस्कूल की जिला टॉपर यासी की उपलब्धि को लेकर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी शेर सिंह ने कहा कि प्रत्येक बच्चे में प्रतिभा छुपी होती है। बस इन छुपी हुई प्रतिभाओं को निखारने की आवश्यकता है। यासी ने हाईस्कूल बोर्ड की परीक्षा में जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करके कालेज व अपने परिवार का नाम रोशन किया है।



राजेश्वरी मॉडर्न पब्लिक इंटर कॉलेज की छात्रा यासी ने यह सिद्ध करके दिखाया है कि ग्रामीण क्षेत्र के शैक्षिक संस्थान भी शैक्षिक स्तर पर अपना मुकाम रखते है। ग्रामीण क्षेत्र के इस संस्थान ने ऐसी उपलब्धि हासिल की है कि ग्रामीण क्षेत्र के संस्थानों के लिए मिसाल बनकर भी उभरा है।

प्रधानाचार्य अमित चौहान ने कहा कि उनके लिए गर्व की बात है कि उनके कालेज की छात्रा ने हाईस्कूल परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त कर उनके कालेज का नाम रोशन किया है। गोमती देवी वेलफेयर सोसायटी के एमडी बिजेंद्र चौहान की ओर से उनके प्रतिनिधि गजेंद्र सिंह एडवोकेट ने यासी को एक स्कूटी संप्रेम भेंट देकर सम्मानित किया।

# आईए क्लासेज ने किया मेधावियों को सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** आई.ए. क्लासेज की ओर से मेधावियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें अभिभावक और गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे।

आई.ए. क्लासेज नगीना की ओर आई.ए. क्लासेस का नाम रोशन करने वाले मेधावी बच्चों को मैनेजर इम्तियाज अली, जुबेर अहमद व गौतम द्वारा एक बैंक्वेट हॉल में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि एम एम इंटर कॉलेज नगीना के प्रिंसिपल शाहिद अली गौहर रहे। समाजसेवी वसीम अहमद की अध्यक्षता व शेख नगीनवी के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में आई.ए. क्लासेस के संचालक इम्तियाज अली ने कहा कि हमारा यह आई.ए. क्लासेज कई सालों से नगीना में शिक्षा के क्षेत्र में काम कर रहा है। आई.ए. क्लासेज में पढ़ने वाले छात्रों जिनमें तोबा टॉपर रही। वसीम सेकंड व समीक्षा तृतीय स्थान पर रहे। इनके अलावा मोहम्मद फैज, कशिश, मोहम्मद यूसुफ, मोहम्मद इब्राहिम, अजय कुमार, वंश कुमार, मुताहिर, मेराज इन सभी को अच्छे नंबर लाने पर आई.ए. क्लास की तरफ से ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर एम.एम. इंटर कॉलेज के प्रिंसिपल शाहिद अली गौहर ने कहा कि नगीना में आई.ए. क्लासेस एक उभरता हुआ सितारा है। उन्होंने नगीना और आसपास के बच्चों और उनके पेरेंट्स से अपील की कि अपने बच्चों को आई.ए. क्लासेस में एडमिशन कराकर व नीट, जेईई, मेडिकल लाइन में रेगुलर क्लास कराकर अपने बच्चों का उज्जवल भविष्य बनाएं। इस मौके पर समाजसेवी तंजील आलम, शेख नगीनवी व शिक्षा के क्षेत्र में काम कर रहे वसीम अहमद अंसारी, वसीम मुल्तानी, तहजीब आलम, मेराज हुसैन, नूर अहमद, खालिद अंसारी, आफताब आलम, जुबेर आदि गणमान्य मौजूद रहे।

# यंग भारत ओलंपियाड का समापन समारोह

## पुरस्कार पाकर बच्चों में दिखाई दिया उत्साह



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** विकास भवन सभागार में आज जिला प्रशासन बिजनौर और स्किलिंग यू, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित, यंग भारत ओलंपियाड का समापन समारोह आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्ण बोरा, मुख्य विकास अधिकारी एवं विशिष्ट अतिथि के रुप में प्रवीण कुमार राजभर, सी.ई.ओ., स्किलिंग यू शोभायमान रहे।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ.आकाश अग्रवाल ने अवगत कराया कि यंग भारत ओलंपियाड परीक्षा का आयोजन तीन चरणों में कराया गया था, जिसमें तीन वर्गों में प्रथम चरण में 60776 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया एवं तीन चरणों के बाद आज तीनों वर्गों में 10-10 (कुल 30) विजेताओं को सम्मानित किया गया है। एसआरजी. अरुण जिंघाला ने पिछले ओलंपियाड परीक्षा से इस परीक्षा तक की प्रमुख बातों का स्मरण कराया तो वहीं विशिष्ट अतिथि प्रवीण राजभर ने विद्यार्थियों को अपना व्यवसाय अथवा स्टार्टअप प्रारंभ करने का जोश दिलाया। उन्होंने यह भी घोषणा की कि इस ओलंपियाड में पंजीकरण कराने वाले समस्त 60000 विद्यार्थियों को उनकी कंपनी की ओर से 12000 रुपए के कोर्स नि:शुल्क दिए जा रहे हैं। इसके लिए प्रत्येक विद्यार्थी को स्किलिंग यू की एप में, पंजीयन के समय दिए गए मोबाइल नंबर से लॉगिन कर, कोर्सेज में जाना है एवं वहां उपलब्ध कराए गए कोर्स को पूर्ण करना है। मुख्य विकास अधिकारी श्री पूर्ण बोरा ने बच्चों को अभिप्रेरित करते हुए, उन्हें करियर के संबंध में गाइड किया। उन्होंने विद्यार्थियों से देश में वैज्ञानिक सोच को आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि आज देश को सर्वाधिक आवश्यकता अच्छे डॉक्टर, इंजीनियर एवं वैज्ञानिकों की है जिनकी मेहनत से हम जल्द ही विकसित देशों की श्रेणी में खड़े होंगे, उन्होंने शिक्षा और व्यवसाय में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के बढ़ते हुए प्रभाव की चर्चा भी की। पुरस्कार पाकर बच्चों का उत्साह चरम पर था। सभी बच्चों को शतरंज भी वितरित किए गए।

कार्यक्रम के अंत में विशिष्ट योगदान देने हेतु, परीक्षा नोडल डॉ. आकाश अग्रवाल को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# पूर्व संभाग प्रभारी डॉ. एनपी सिंह ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

## फार्मेसी कॉलेजों की समस्याओं पर जताई चिंता



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** मुरादाबाद मंडल के पूर्व संभाग प्रभारी डॉ. एन.पी. सिंह ने लखनऊ स्थित मुख्यमंत्री आवास पर जाकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान डॉ. एनपी सिंह ने प्रदेश में फार्मेसी कॉलेजों से जुड़ी समस्याओं और मुरादाबाद मंडल के जनपदों में अधिकारियों द्वारा कार्यों में अनावश्यक देरी को लेकर विस्तार से चर्चा की।

डॉ. एन.पी. सिंह ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि फार्मेसी शिक्षा क्षेत्र में विद्यार्थियों और संस्थानों को कई प्रकार की प्रशासनिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने विशेष रूप से लाइसेंस, पंजीकरण और निरीक्षण की प्रक्रियाओं में आ रही बाधाओं की ओर ध्यान आकृष्ट किया। इसके अलावा मंडल के जनपदों मुरादाबाद, अमरोहा, रामपुर, सम्भल और बिजनौर में अधिकारियों द्वारा जनहित के कार्यों में ढिलाई और देर को लेकर भी चिंता जताई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने डॉ. सिंह की बातों को गंभीरता से सुनते हुए तत्काल प्रभाव से इन समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित विभागों को निर्देशित करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि जनहित के कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और जो भी अधिकारी अनावश्यक विलंब कर रहे हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। सभी ने प्रदेश में स्वास्थ्य और शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने पर बल दिया। डॉ. एन.पी. सिंह ने बताया कि आगामी दिनों में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिन को पूरे मुरादाबाद मंडल में बड़े हर्षोल्लास और सेवा भाव से मनाया जाएगा। इस अवसर पर विविध सामाजिक और जनकल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें गरीबों को स्वास्थ्य सेवा, दवा वितरण, पौधरोपण और स्वच्छता अभियान प्रमुख रूप से शामिल रहेंगे।

डॉ. एनपी सिंह ने यह भी कहा कि सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाना हम सभी का कर्तव्य है और मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में प्रदेश विकास के नए आयाम गढ़ रहा है। इस महत्वपूर्ण भेंटवार्ता के दौरान डॉ. संजय तोमर, दुष्यंत माहेश्वरी, डॉ. अय्यूब, दिव्य सेन सिंह और शशिक. ांत शर्मा भी मौजूद रहे।

## एक नजर

### फार्मेसी के छात्रों का शैक्षिक भ्रमण



**बिजनौर।** आज कृष्णा फार्मेसी कालेज के छात्रों का पतंजलि औषधीय उद्यान और क्रिस्टल वर्ल्ड के लिए शैक्षिक भ्रमण आयोजित किया गया। इस दौरान छात्रों ने औषधीय पौधों के बारे में जानकारी प्राप्त की और क्रिस्टल वर्ल्ड में वॉटर स्लाइड्स, रेन डांस, सी वेव्स, भूलभुलैया जैसे आकर्षक गति. विधियों का आनंद लिया। प्राचार्य डा. अंकित कुमार सैनी ने कहा कि इस तरह के भ्रमण छात्रों की मानसिक और शारीरिक वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस आयोजन में डा. दशरथ सिंह, सीमा त्यागी, दीपिका पाल और दीपक कुमार का विशेष योगदान रहा।

### भीड़भाड़ वाले चौराहों पर पुलिस की गश्त



**नगीना।** थाना क्षेत्र में पुलिस ने सोमवार को विशेष पैदल गश्त अभियान चलाया। पुलिस टीम ने पहाड़ी दरवाजा, बड़ा मंदिर, मौलगंज और स्टेशन रोड जैसे भीड़भाड़ वाले इलाकों में गश्त की। क्षेत्राधिकारी अंजनी कुमार चतुर्वेदी के नेतृत्व में यह अभियान चलाया गया। टीम में थाना प्रभारी तेजपाल सिंह के अलावा कई उपनिरीक्षक व पुलिस के जवान शामिल थे। पूरी पुलिस टीम गश्त के दौरान सतर्क रही। इस पैदल गश्त का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करना और आम नागरिकों में सुरक्षा की भावना जगाना था। पुलिस की यह गश्त स्थानीय लोगों के बीच सकारात्मक संदेश लेकर गई। ज्ञात हो कि मुस्लिम पक्ष की याचिका को खारिज करते हुए इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने संभल में शाही जामा मस्जिद के सर्वेक्षण के लिए निचली अदालत द्वारा जारी आदेश को बरकरार रखा। सीओ अंजनी कुमार ने कहा कि कोर्ट के फैसले को ध्यान में रखते हुए नगीना पुलिस द्वारा पैदल गश्त की जा रही है। साइबर स्पेस पर भी नजर रखी जा रही है। मेरी सभी से अपील है कि ऐसी कोई टिप्पणी न करें, जिससे कोर्ट की गरिमा पर सवाल उठे और साथ ही किसी दूसरे समुदाय पर कोई टिप्पणी न करें। कोई अभद्र टिप्पणी न की जाए।

# भीषण गर्मी से राहत देने के लिए ठंडे मीठे शरबत का वितरण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** ज्येष्ठ महीने की भीषण गर्मी एवं बड़ा मंगलवार को देखते हुए भीषण गर्मी से राहत देने के लिए समाज सेवियों द्वारा ठंडे मीठे शरबत का वितरण किया गया।

ठंडे मीठे शरबत को पीकर आने जाने वालों ने भीषण गर्मी से राहत पाई और पिलाने वालों को शुभ आशीर्वाद दिया। रोडवेज तिराहे पर समाज सेवा द्वारा बड़े मंगल के अवसर पर भीषण गर्मी से राहत देने के लिए आने जाने वाले राहगीरों को ठंडा मीठा शरबत पिला कर राहत दिलाने की कोशिश की। आने जाने वाले राहगीरों ने बड़ी संख्या में ठंडा मीठा शरबत पीकर पिलाने वालों को शुभ आशीर्वाद दिया और कहा कि इसी प्रकार समाज की सेवा करते रहे। शरबत पिलाने वाले समाज सेवियों में चेतराम सैनी, अजय सैनी, जगदीश अरोड़ा, संजय अग्रवाल, सागर सैनी, ऋतिक सैनी, चंचल सैनी, धीरज सैनी आदि शामिल रहे।

# अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर प्रतियोगिता

## दिव्या चौहान रही प्रथम स्थान पर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के अवसर पर स्थानीय कन्या इंटर कॉलेज में भाषण एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती रेखा देवी के मार्गदर्शन में किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेता राघव शरण गोयल ने शिरकत की और रानी अहिल्याबाई होल्कर के जीवन आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि रानी अहिल्याबाई होल्कर नारी शक्ति और आदर्श शासन की प्रतीक थीं। उनके जीवन से प्रेरणा लेकर आज की छात्राओं को भी समाज निर्माण में अपना योगदान देना चाहिए।



प्रतियोगिता में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। भाषण प्रतियोगिता में दिव्या चौहान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं मीनाक्षी ने द्वितीय और अंजना रानी ने तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। भाजपा कार्यकर्ता श्री डी.एस. चौहान ने भी छात्राओं को संबोधित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और रानी अहिल्याबाई के जीवन मूल्यों को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया।

इस अवसर पर कार्यक्रम की सफलता में शिक्षिकाएं श्रीमती सविता रानी, श्रीमती नीरज, श्रीमती नीना वर्मा, श्रीमती अमृता चौहान, श्रीमती नीतू, श्रीमती सुषमा कुमारी और श्रीमती ऊषा रानी ने विशेष योगदान दिया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी ने रानी अहिल्याबाई होल्कर की स्मृति को नमन करते हुए उनके द्वारा किए गए जनकल्याणकारी कार्यों को प्रेरणादायी बताया।

**पीएमश्री विद्यालय में सात दिवसीय कार्यशाला का हुआ समापन**

# बच्चों के अंदर हो शिक्षा की गुणवत्ता: सीडीओ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** नगर के पीएमश्री विद्यालय में अंतरराष्ट्रीय बौद्ध संस्थान संस्कृति विभाग लखनऊ के तत्वाधान में सात दिवसीय कार्यशाला का प्रशिक्षण का समापन हुआ। जिसमें मुख्य विकास अधिकारी द्वारा बच्चों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भटट ने बुद्व के चित्र के सामने मोमबत्ती प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की संचालिका ममता राजपूत ने सभी आगंतुको को पंचशील की पटीका पहनाकर उनका स्वागत किया। मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भटट ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम विद्यालय में होते रहने चाहिए। जिससे हमारी संस्कृति का भान होता रहे। वही विद्यालय के शिक्षकों से कहा कि बच्चों के अंदर शिक्षा की गुणवत्ता होनी चाहिए। विद्यालय के अध्यापकों को कहा कि आप राष्ट्र की नींव है। आप जैसा बच्चों को सिखा देंगे उसी तरह वह देश का नेतृत्व करेंगे। सत्यवीर आनंद ने बच्चों को काफी अच्छा प्रशिक्षण देकर बुद्व के ज्ञान की बातों को बताया। यह एक सराहनीय कार्य है। कार्यक्रम संचालिका ममता राजपूत ने कार्यक्रम की योजना बताई कि किस तरह से हमने सात दिन में पहले तीन दिन बुद्व के जीवन से लेकर मधय परिनिर्माण का घटनाक्रम बच्चों को बताया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता निबंधा प्रतियोगिता व चित्रकला प्रतियोगिता कराई गई। जो आपके सामने यह सभी चित्र बच्चों ने बनाए हैं। गौतम बुद्व के ऊपर नृत्य नाटक सीखा कर आज आप सभी के सामने इसका मंचन किया गया। कार्यक्रम के समापन पर पीएमश्री विद्यालय के प्रधानाचार्य रूप किशोर शर्मा, रामा कान्वेंट स्कूल प्रध ानाचार्य सुधा गौतम, उड़ान आर्टिस्ट ग्रुप के प्रबंधक योगेंद्र राजपूत, संस्कार भारती के सदस्य डा. राहुल यादव, पूजा गुप्ता, डिंपल वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।



बबराला- पीएमश्री विद्यालय में अतिथियों को बुद्व चित्र प्रदान करते।

# एक्सीएन विद्युत को आयोग के आदेश की अवहेलना पड़ी भारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** बिजली चोरी की फर्जी रिपोर्ट कराने के मामले में मांगी गई सूचना उपलब्ध न कराना एक्सईएन विद्युत को भारी पड़ गया। याची की अपील पर राज्य सूचना आयोग के आदेशों के अवहेलना पर पच्चीस हज़ार के जुर्माने से अधिरोपित किया गया।

**O सूचना उपलब्ध न कराने पर लगा पच्चीस हजार का जुर्माना**

नगर के मौहल्ला दीपा सराय निवासी मौहम्मद साजिद खलिद ने उनके परिसर पर की गई कथित बिजली चोरी के नाम पर दर्ज कराई गई प्रथम सूचना रिपोर्ट की सच्चाइ जानने के लिए बिजली विभाग सम्भल के अधि शासी अभियंता/जनसूचना अधि कारी से सूचना का अधिकार अधिनियम कानून 2005 के तहत गत वर्ष कुछ बिंदुओं पर सूचना मांगी गई थी। याची के अधिवक्ता चौधरी सुआलेहीन रज़ा ने बताया कि तय समय से जानकारी न देने से आहत आवेदक ने उत्तर प्रदेश राज्य सूचना आयुक्त ने आयोग के निर्देशों/आदेशों की लगातार अवहेलना करने तथा याची को मांगी गई जानकारी उपलब्ध न कराने का दोषी मानते हुए अधिशासी अभियंता नवीन गौतम पर पच्चीस हज़ार रूपये का जुर्माना से अधिरोपित करते हुए उक्सीएन को जानकारी उपलब्ध कराने के आदेश दिए हैं।

## नौ जून को डा. इंद्रेश के सम्भल आगमन की सम्भावना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** आरएसएस के आनुषांगिक संगठन मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. इंद्रेश नौ जून को सम्भल आगमन होने की सम्भावनाएं है। जिसे लेकर तैयारियों को शुरू कर दिया गया है। इसे लेकर मंगलवार को डा. इंद्रेश जी से नगर पालिका परिषद के पूर्व चैयरमेन हाजी नुसरत इलाही ने वर्चुअल संवाद कर वार्ता की। इसके बाद से डा. इंद्रेश के आगमन की सम्भावनाएं तेज हो गयी है। वार्ता के बाद पूर्व चैयरमेन नगर पालिका परिषद हाजी नुसरत इलाही ने कार्यक्रम को लेकर समीक्षा बैंठक आयोजित की।



**तराई किसान यूनियन कार्यकर्ताओं ने सौंपा उपजिलाधिकारी को ज्ञापन**

# एमएसपी गारंटी कानून किया जाए लागू

**शाह टाइम्स, ब्यूरो**

**सम्भल।** तराई किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर किसानों की समस्याओं के समाधान की मांग की।

मंगलवार को उपजिलाधिकारी वंदना मिश्रा को सौंपे गए ज्ञापन में तराई किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन सौंपकर एमएसपी गारंटी कानून सी 2 प्लस 50 प्रतिशत फार्मूले के साथ लागू करने तथा स्मार्ट मीटर पर पूर्ण रोक होने और किसानों की आय दोगुनी होनी के अलावा किसानों की पूर्ण रूप से कर्ज़ा माफी तथा कृषि उपकरणों पर पूरी तरह से जीएसटी को खत्म करने के साथ हजरत नगर गढ़ी गांव में पानी का निकासी का रास्ता साफ हो सके इसके लिए तालाबों की सफाई कराने की मांग की। जबकि सम्भल सराय तरीन में सीर पाइप लाइन के लीकेज को रोकने ओर अबु सइद वाला लालकी वाला कब्रिस्तान को दंबंगो के कब्ज़े से मुक्त कराने, बिजली की आपूर्ति हर जगह और सभी के लिए उपलब्ध होने व लगातार रहने एवं कृषि बीज और खाद डी ए पी की काला बाज़ारी बंद होने, सरकारी खाद विक्रेता के पास खाद की मात्रा पूरी होने और यूरिया खाद के साथ निजि विक्रेता द्वारा अतिरिक्त सामग्री बेचना एक अवैध व्यवहार है इसे रोकने की पूरी तरह से प्रतिबंध लगाने की मांग की। के पास खाद की मात्रा पूरी होने और भाकियू किसान यूनियन टिकैत के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत पर मुजफ्फर नगर में कार्यक्रम के दौरान किए गए हमले की निंदाकर आसामाजिक तत्वों पर कार्रवाई की मांग की। इसमें रफी खान, मौ. नदीम, चो. अबबास, आमिर प्रधान आदि मौजूद रहे।

## संदिग्ध हालत में फांसी पर लटका मिला शव

**बबराला( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** संदिग्ध परिस्थितियों में फाँसी के फंदे पर लटका मिला युवक का शव बबराला गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में युवक सदिग्धा परिस्थितियों में फंदे से लटका मिला घर में किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। इसी बात को लेकर अपने घर में पहुंच पंखे की कुंडली में डालकर दुपटा से आत्महत्या कर ली।परिजनों व गांव वालों ने पुलिस बिना बताए गंगा घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया।

# हिंसा के फरार आरोपियों के घरों पर नोटिस चस्पा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** हिंसक वारदात के फरार आरोपियों की गिरफ्तारी को शिकंजा और तेज कर दिया है। पुलिस ने आरोपियों की कुर्की से पूर्व उनके घरों पर नोटिसों को चस्पा कर मुनादी करायी।

विगत वर्ष 24 नवम्बर 24 को शाही जामा मस्जिद का दूसरी बार सर्वे कराने के दौरान हिंसा भड़क गयी थी। हिंसक वारदात में पांच की गोली लगने से मौत हुई थी जबकि उपद्रवियों ने कई वाहनों को फूंक डाला था। पथराव में दर्जनों पुलिस कर्मियों के अलावा प्रशासनिक अधिकारी भी घायल हुए थे। करीब पांच माह पूर्व हुई हिंसक वारदात की जांच चल रही है। जांच अन्तिम दौर में पहुंचने और अदालत में आरोप पत्र दाखिल करने से पूर्व फरार व वांछित चल रहे आरोपियों को गिरफ्तार करने का प्रयास तेज कर दिया गया है, लेकिन आरोपी हत्थे नहीं चढ़ पाये हैं। जांच अन्तिम दौर में पहुंचते ही पुलिस ने फरार चल रहे आरोपियों की गिरफ्तारी और कुर्की की कार्यवाही से पूर्व मंगलवार को नखासा थाना पुलिस ने अदालत से जारी की गई 84 बीएनएसएस की कार्यवाही को राहिल, शारिक, अता, फैज़ान और समद के घरों पर चस्पा की गई। इसी साथ पुलिस ने लाउडस्पीकर से मुनादी भी करायी।

# 92.20 कुंतल प्लास्टिक एकत्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** जिला पंचायत राज अधिकारी उपेन्द्र कुमार पाडेय ने बताया कि जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया के निर्देशन में जिले के विकास खंडों से प्लास्टिक को एकत्र कर जनपद के विकासखंड बहजोई के ग्राम सादातबाड़ी में स्थित प्लास्टिक वेस्ट मेनेजमेंट युनिट में भिजवाया गया। असमोली में 23 कुंतल, बनियाखेड़ा से 20-05 कुंतल, जुनावई से 11.70 कुंतल, तथा पंवासा से 13.45 कुंतल और सम्भल से 16 कुंतल कुल 92.20 कुंतल प्लास्टिक एकत्र कर भिजवाया गया। डीपीआरओ ने बताया कि सड़कों में प्रयोग में लाया जायेगा।

# काशीपुर तालाब का क्षेत्रीय वनाधिकारी ने किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स, संवाददाता**

**बबराला।** विकास खंड जुनावई के अर्न्तगत स्थित दो तालाबों का वनाधि कारी ने निरीक्षण किया।

**O एएसपी अनुकृति शर्मा ने गोद ले रखा है गांव**

गुन्नौर तहसील क्षेत्र के ग्राम काशीपुर गांव को अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी अनुकृति शर्मा ने गोद ले रखा है। एएसपी अनुकृति शर्मा काशीपुर गांव के विकास और कछुओं के संरक्षण के लिए हमेशा प्रयासरत रहती हैं। मंगलवार को गुन्नौर रेंज के सभी स्टाफ संग वनाधिकारी सम्भल वंदना फोगाड ने काशीपुर गांव का निरीक्षण किया। वनाधिकारी ने ग्रामीणों से तालाब की साफ सफाई एवं गंदगी न करने की अपील की। इस दौरान क्षेत्रीय वनाधिकारी बृज मोहन व वनकर्मी मौजूद रहे।



सम्भल-प्रभागी वन अधिकारी काशीपुर ग्राम के तालाब का निरीक्षण करते।

# आम आदमी के सांसों से दूर हुई मिट्टी के घड़े की खुशबू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** कभी पानी का मटका (घड़ा) निम्न एवं मध्यम वर्गीय ही नही धनवानों के घरों की शान बढ़ाता था, मगर आज यह गुज़रे ज़माने की बात हो गई। अब मटका धनवान ही नही,बल्कि गरीबों से भी दूरी बनाए है, या यूं कहें कि उन्हें मामूली मिट्टी का मटका नसीब नही हो रहा। गरीबों का फ्रिज कहा जाने वाला मटका बीते कल की बात हो गई है।

सम्भल क्षेत्र में माटी के बर्तन बनाने वालों की भरमार थी। कई मौहल्ले ऐंसे हैं जहां मिटटी के बर्तन और अन्य नक्काशीदार खूबसूरत सामान बनाकर बाज़ार में बेचते थे,मगर समय का चक्र ऐसा पलटा कि आज इन्हे देखने के लिए आंखे तरस रही हैं। ऐसा नही है कि बर्तन बनाने वाले (कुम्हार) अब यहां नहीं रहते। वे यहां रहते तो है मगर अब उन्होने धंधा और आधुनिता के इसका प्रचलन काफी कम होने से इसे त्यागकर दूसरा काम करना शुरू कर दिया है। अब यहां इक्का दुक्का कुम्हार ही माटी के बर्तन बनाते है वह भी मांग के अनुरूप। इस काम से जुड़े अली हुसैन का कहना है कि मंहगाई बढ़ने के कारण लागत अधिक और मुनाफा कम है, इसलिए इस काम से मन ऊबा नही,बल्कि छोड़ने के लिए मजबूर कर दिया है। इसका दूसरा कारण यह भी है कि पहले मिट्टी भी आसपास मिल जाया करती थी, लेकिन आबादी बढ़ने के साथ मिट्टी का टोटा हो गया और अब दूर दराज क्षेत्र से मिट्टी मंगानी पड़ती है। माटी के मटके (घड़ा) कम होने की बाबत बताया कि अब इनकी मांग न के बराबर है, क्योंकि इनकी जगह बिजली से संचालित आधुनिक फ्रिज ने ले ली है। इस कारण इनकी मांग न के बराबर हो गई है। इस मामले में एक कवि की यह पंक्तियां माटी कहे कुम्हार से तू क्यों जोते मोए, एक दिन ऐसा आएगा मैं जोतूंगी तोय, सटीक बैठती है। मिट्टी के अभाव में कुम्हारी कला ने यह काम लगभग बंद कर दिया है। जिससे माटी के बर्तन कम ही दिखाई देते है। इसके अभाव में उन गरीबों पर गहरा आघात पहुंचा है जो माटी के मटके को फ्रिज समझकर घर में पानी भरकर रखा करते थे, ताकि इसका पानी पीकर भयंकर गर्मी में भी ठण्डक का एहसास लें और गले को तर कर लें।

## प्राचीन तीर्थों के लगे मानचित्र

**सम्भल।** कलैक्ट्रेट सभागार में बेसिक शिक्षा विभाग की डीटीएफ एवं पीएमश्री विद्यालय की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों की उपलब्धियों से सम्बंधित पीपीटी का प्रर्दशन किया गया। डीएम ने सम्बंधि त को निर्देशित करते हुए की कि कस्तूरबा गांधी विद्यालयों के यूब्यूब चैनल, फेसबुक, इंस्टाग्राम, टिवटर, हैंडल बनाये जाने वाली गतिविधि यों को अपलोड किया जाये जबकि सभी कक्षाओं में जिले के प्राचीन तीर्थों का मानचित्र लगाने के निर्देश दिए।

# राजमाता अहिल्याबाई होल्कर जयंती पर करायी प्रशनोत्तरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** राजमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर राजमाता के देशहित में किए गए कार्यों और जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला।

हयात नगर मंडल के शक्ति केन्द्र के तत्वावधान में आचार्य मुक्तेश हकीम रईस सरस्वती इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में प्रशनोत्तरी, भाषण एवं रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम में सुरेश अटल, पूर्व मंडलाध्यक्ष सय्यद शान अली, निर्वतमान जिला अध्यक्ष भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा शामिल रहेइसके अलावा प्रधानाचार्य यतेन्द्र कुमार भाटी समेत स्टाफ भरी मौजूद रहा और प्रतियोगिता के मेधावियों को सम्मानित किया।

# गर्मी से लोगों का हाल हुआ बेहाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** भीषण गर्मी की वजह से लोगों का हाल बेहाल है। गर्मी की तपिश के कारण लोगों का सड़कों पर निकलना मुश्किल हो रहा है। दोपहर के समय सड़कें सूनी पड़ी रहती हैं।

**O मुख्य मार्ग, बाज़ारों में दोपहर को पसरा सन्नाटा**

गर्मी का पारा बढ़ता जा रहा है। पिछले तीन दिनों से गर्मी लगातार बढ़ती जा रही है।सूरज निकलने के साथ ही गर्मी का प्रकोप शुरू हो जाता है। जो सूरज ढलने तक रहता है। कामकाजी लोगों के साथ ही घर मे काम करने वाली गृहणियाँ भी गर्मी से व्याकुल हैं। छोटे बच्चों का हाल तो और भी बुरा है। इस भीषण गर्मी में बिजली की आंख मिचौली काफी परेशान कर रही है। ध ूप में घर से निकलना मुश्किल हो रहा है। सुबह से लेकर शाम तक आसमान से आग बरसती रही। जबकि लू के थपेड़े आग में घी डालने का काम करते रहे। भयंकर गर्मी में लोगों ने दोपहर को घरों से निकला बंद कर दिया जबकि बाजारों में भी पूरी तरह से सन्नाटा पसरा रहा। दुकानदार दुकानों पर बैठकर ऊंघते ही दिखायी देते रहे। इसके अलावा सब्ज़ी बाजार में भी सब्जी विक्रेता हाथ पर हाथ बैठे दिखायी दिए। मुख्य मार्ग पर सूने-सूने रहे। वाहनों का आवागमन भी कम रहा। स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति भी काफी कम रही।कार्यालयों में भी फरियादियों की संख्या न के बराबर रही।

# भाजपा मंडल बबराला की बैठक में कार्यक्रम सफल बनाने को रणनीति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** नगर के निरीक्षण भवन में भाजपा मंडल बबराला की बैठक हुई। बैठक आगामी कार्यक्रम तिरंगा यात्रा अभियान, पूर्ण श्लोक,महारानी अहिल्याबाई होलकर त्रि शताब्दी स्मृति अभियान के अंतर्गत होने वाले सम्मेलन को भव्य व सफल बनाने के लिए भाजपा कार्यकर्ता को निर्देश दिए गये।भाजपा मंडल अध्यक्ष बबराला योगेन्द्र सिंह ने बताया कि कार्यक्रम के अनुसार 22, 23 को तिरंगा यात्र व 30 मई को महारानी अहिल्याबाई होल्कर की त्रिशताब्दी स्मृति में सम्मेलन होगा।इस अवसर पर योगेंद्र यादव मंडल अध्यक्ष ,हरिओम गुप्ता,विपिन कुमार, नीरज, मोहरपाल, मोनू, अमन, संजीव, उषा शर्मा, रोहित शर्मा, शुभम, प्रभास कृष्ण, कुमरपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

**O तीस मई को होगा सम्मेलन**

## कार व बाइक की टक्कर में दम्पति घायल

**बबराला।** इको कार और बाइक में आमने-सामने की भिड़ंत में तीन लोग घायल हो गए। घायलों को 108 एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गुन्नौर लाया गया। जहां चिकित्सक ने तीनों को गम्भीर हालत में मेडिकल कॉलेज अलीगढ़ को रैफर कर दिया। ईको कार सवारियां भरकर गुन्नौर से सहसवान की तरफ जा रही थी।

## शौर्य तिरंगा यात्रा का आयोजन 21 को

**बबराला( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** गुन्नौर में तिरंगा यात्रा आज बबराला आतंक के खिलाफ भारतीय सेना के द्वारा आपरेशन सिंदूर में अदम्य साहस और शोर्य को नमन करने हेतु विशाल शौर्य तिरंगा यात्रा का आयोजन 21 मई बुधवार को कस्बा गुन्नौर में भारतीय जनता पार्टी द्वारा किया जायेगा।तिरंगा यात्रा शाम 4 बजे गुन्नौर ब्लॉक से प्रारंभ होकर नेहरू चौक गुन्नौर पर समाप्त होगी। यात्रा में जिलाध्यक्ष हरेंद्र रिंकू के साथ विध ानसभा के सभी पदाधिकारी सम्मिलित होंगे। यह जानकारी विधानसभा इकाई गुन्नौर सहसंयोजक व जिला मंत्री भाजपा कुमोद वार्ष्णेय ने दी है।

# भीषण गर्मी व लू के थपेड़े बन रहे अभिशाप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** भीषण गर्मी के प्रकोप से लोगों का जीना मुहाल हो गया है। खासकर वृद्वों के लिए गर्मी अभिशाप बनती जा रही है। गर्मी अपने पुराने रिकार्ड तोड़ती जा रही है। जिससे सड़क सूनी-सूनी नज़र आ रही है।

सुबह से लेकर रात तक तपती गर्मी व लू के थपेड़ों ने आम जन जीवन पूरी तरह तहस नहस कर दिया है। आलम यह बन गया है कि बाजारों की रौनक उड़ गई है। देर सांय को मामूली हवा के झोंके से राहत मिलने पर ही लोग घरों से निकलने को मजबूर हैं। जबकि मानसून में अभी कई दिन हैं,लेकिन गर्मी का भयंकर रूप ने लोगों को घरों में कैद रहने को विवश कर दिया। बुजुर्गों कें अनुसार जिस तरह से गर्मी का प्रकोप बढ़रहा है इस बार भी सभी रिकार्ड ध्वस्त होने के आसार हैं। हांड़-मांस को जलाने वाली गर्मी के चलते घरों में ही रहने के कारण बाज़ार और सड़कें सूनी-सूनी हैं। एक दिन पूर्व रात में गर्मी से कुछ राहत महसूस हुई,लेकिन सोमवार को फिर से गर्मी का हाल अधिक भयंकर रहा।



सम्भल-राजमाता अहिल्याबाइ होल्कर जयंती पर रंगोली बनाती छात्राएं।

## दस दिवसीय कार्यशाला का होगा आयोजन

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** उड़ान अकादमी लेखपाल कालोनी बबराला में लोक जनजाति विभाग लखनऊ द्वारा दस दिवसीय ग्रीष्मकालीन कार्यशाला का आयोजन (बुध ावार) से किया जाएगा। कार्यक्रम संचालिका ममता राजपूत को लोक जनजाति विभाग से कार्यशाला को जिले की विलुप्त हुई कलाओं को जीवित करने के लिए नियुक्त किया है। ममता राजपूत ने बताया कि क्षेत्र की कलाओं पर कार्य करते हुए लोक जनजाति विभाग में उन्हें कलाओं के बारे में व आगे बढ़ाने के लिए जिले में ऐसी कार्यशाला करने के लिए आदेशित किया है। इसके लिए ग्रीष्मकालीन कार्यशाला रखी गई है।जो उड़ान अकादमी पर कराई जाएगी। इसमें प्रतिभागी भाग लेंगे।अपने जिले की कला आगे बढ़े इसके लिए कार्यशाला में लड़के,लड़कियां व महिलाएं प्रतिभाग कर सकती हैं।

# दूरसंचार के जनक पूर्व पीएम का कांग्रेसी करेंगे गुणगान

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** भारत के पूर्व प्रध ानमंत्री दूरसंचार क्रांति के जनक युवा हृदय सम्राट स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि ग्राम पंचायत हसन पुर मुंजबता ब्लाक पंवासा में श्री शाहनवाज हुसैन की बैठक निकट नूरानी मस्जिद पर जिला व शहर कांग्रेस कमेटी व वरिष्ठ कांग्रेस जन के नेतृत्व में जन चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक, पूर्व प्रत्याशी लोकसभा/विधानसभा, पूर्व/वर्तमान वर्तमान शहर अध्यक्ष, पूर्व जिला अध्यक्ष एवं जिला शहर के निवर्तमान पदाधि कारी व प्रदेश, जिला, के समस्त विभागों प्रकोष्ठों के पदाधि कारीगण सभी जिला अध्यक्षों युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, महिला कांग्रेस, ओबीसी, पिछड़ा वर्ग, अति पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक कांग्रेस, 'दलित, प्रकोष्ठ कांग्रेस सेवादल , किसान कांग्रेस, विधि प्रकोष्ठ , सोशल आउटरीच ,सोशल मीडिया के सभी साथी और समस्त फ्ंटल संगठन एवं विभाग प्रकोष्ठ के सम्मानित पदाधिकारी नेता व कार्यकर्ता जन चौपाल में पहुंचने का आह्वान किया।

**O हसनपुर मुंजब्ता में किया जाएगा कार्यक्रम आयोजित**

# रचनात्मक, रोमांच और आत्म अभिव्यक्ति से सजी दो दिवसीय कार्यशाला

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** डीएवी फर्टिलाईजर पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय समर कैम्प का समापन हो गया।

बबराला स्थित स्कूल में 19 व 20 मई को कक्षा 4 से 7 तक के विद्यार्थियों ने इस शिविर में उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर का उददेश्य छात्रों ने रचनात्मक, आत्म-अनुशासन तथा सामाजिक सहभागिता जैसे जीवनोपयोगी गुणों का विकास करना रहा। उदघाटन सत्र में विद्यालय की समन्वयिका विनीता श्रीवात्सव ने कहा कि समर कैम्प बच्चों को अपनी छिपी प्रतिभा उजागर करने का अवसर देता है। उन्हे टीम भावना व आत्म विश्वास की और प्रेरित करता है। प्रथम दिवस में आर्ट एंड क्राफ्ट, नृत्य, संगीता, मूवी शो व लिटिल शेफ्स जैसी गतिविधियॉ आयोजित की गई। शाम को एडवेंचर एक्टिविटि और स्प्लैश जोन ने शिविर को और अधिक रोमंचक बना दिया। रात्रिकालीन सनसेट फिएस्टा में विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। विद्यालय रात्रि भोजन और विश्राम की उत्तम व्यवस्था की गई। दूसरे दिवस की शुरूआत प्रातः भ्रमण व योगाभ्यास से हुई। फन गेम्स और सामूहिक गतिविधियों ने पूरे दिन को सक्रिये एवं आनंदमय बनाए रखा। समापन समारोह में प्रधानाचार्यआनंद स्वरूप सारस्वत ने कहा कि समर कैम्प केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं बल्कि विद्यार्थियों के सर्वागीस विकास की दिशा में एक सशक्त प्रयास है। इन दो दिनों में बच्चों ने रचनात्मकता, अनुशासन, सहयोग और आत्मविश्वास जैसे जीवन मूल्यों को आत्मसात किया।



# पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के एक आरोपी को किया गिरफ्तार

**■ पूर्व ब्लाक प्रमुख सहित पांच लोगों पर हुआ था गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** पूर्व ब्लाक प्रमुख ललित कौशिक सहित पांच लोगों पर पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए मीरापुर माफी गांव के भूरा पुत्र धर्मी को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया।

बिलारी के कोतवाली प्रभारी अमरनाथ वर्मा ने बिलारी के मोहल्ला रहमतनगर निवासी पूर्व सभासद नगर पालिका परिषद बिलारी चेतेंद्र सिंह उर्फ चेतन चौधरी, मीरापुर गांव निवासी विजय वीर पुत्र भूरा जाटव, भूरा जाटव पुत्र धर्मी, मोहल्ला रहमतनगर निवासी पूर्व सभासद चेतेन्द्र चौधरी के भाई राजीव कुमार, मुरादाबाद के दीनदयाल नगर रामगंगा विहार सिविल लाइन के रहने वाले पूर्व ब्लाक प्रमुख ललित कौशिक पर गैंगस्टर एक्ट की कार्यवाही की है। दर्ज कराई रिपोर्ट के मुताबिक गैंग लीडर चेतेंद्र सिंह है। जिस पर बिलारी कोतवाली में आठ आठ मुकदमे दर्ज हैं, आरोप कि यह गैंग भौतिक व आर्थिक लाभ अर्जित करके गैंग बनाकर लोगों को धमकाकर रुपए की मांग करता है। धोखाधड़ी करके परिवार का पालन पोषण करता है। कोई भी उनके डर और आतंक से मुकदमा पंजीकृत कराने और गवाही देने का साहस नहीं करता। इसको लेकर पुलिस ने उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया। वहीं पुलिस ने आरोपी भूरा को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया अन्य आरोपियों की तलाश चल रही है जबकि कई आरोपी अभी भी जेल में बंद है।

## 60 विद्यालयों में आज से शुरू होगा समर कैंप

**कांठ।** शासन के निर्देश पर ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान परिषदीय उच्च प्राथमिक कंपोजिट विद्यालयों में 21 मई से 10 जून के बीच समर कैंप आयोजित होगे। जिसमें बच्चों की पढ़ने लिखने की क्षमता और बुनियादी गणित की दक्षताओं को बेहतर बनाने के लिए रोचक गतिविधियां कराने के निर्देश दिए गए। समर कैंप का क्रियान्वयन अंशकालिक अनुदेशकों एवं शिक्षामित्र द्वारा किया जाएगा। शिक्षकों द्वारा भी स्वेच्छा से इसमें सहयोग प्रदान किया जाएगा। प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के स्वयंसेवकों ने भी प्रतिभाग किया। समर कैंप में फाउंडेशन द्वारा निर्मित शैक्षिक सामग्री के प्रयोग एवं नवाचारी गतिविधियों के माध्यम से सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। समर कैंप की समीक्षा और निगरानी के लिए बीईओ को सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए गए हैं।

# कार की टक्कर से आइसक्रीम विक्रेता की मौत, मचा कोहराम

**चन्दौसी।** पीछे से आ रही कार ने आइसक्रीम विक्रेता को टक्कर मार दी जिससे उसकी मौत हो गयी। सड़क दुर्घटना की खबर परिजनों को लगी तो मई गांव के लोगों ने औरछी चौराहे के पास जाम लगा दिया।

घटनाक्रम के अनुसार, अतहर अली उम्र 65 वर्ष पुत्र अख्तर अली नि0 मई रोजाना की तरह मंगलवार को आईसक्रीम बेच रहा था। सुबह 08 बजे के करीब जब वह मई वाले रास्ते से औरछी चौराहा की ओर जा रहा था तभी ओएलएफ होटल के पास पीछे से आ रही कार ने उसे टक्कार मार दी। कार चालक कार लेकर फरार हो गया। हालांकि घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई जिसमें कार के नंबर के आधार पर रिकॉर्ड निकाला जा रहा है जिसमें वाहन स्वामी स्थानांतरण करने वाला बब्लू पुत्र उदयपाल नि0 कैथल चन्दौसी जिला संभल आ रहा है।

फिलहाल जैसे ही परिवार वालों की सड़क दुर्घटना का पता चला तो काफी संख्या में ग्रामीण औरछी चौराहे पर पहुंचे जहां जाम जैसी स्थिति पैदा हो गई। मौके पर इंस्पेक्टर चन्दौसी मोहित बालियान, एसएसआई पुलिसकर्मियों के साथ पहुंचे और भीड़ को समझाकर जाम खुलवाया। शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## एक नजर

### टीएमयू सीसीएसआईटी की कशिश मिस व पार्थ मिस्टर फेयरवेल बने

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ कम्प्यूटिंग साइन्सेज एंड इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी-सीसीएसआईटी की ओर से बीसीए की फेयरवेल पार्टी पुनर्मिलाम: 2025 में पार्थ भटनागर को मिस्टर फेयरवेल तो कशिश को मिस फेयरवेल चुना गया। स्टुडेंट्स सौम्या चंद्रवंशी ने मिस ब्यूटीफुल और संभव गुप्ता ने मिस्टर हैंडसम का खिताब अपने नाम किया। मिस और मिस्टर फेयरवेल के चयन के लिए रैंप वॉक, टैलेंट और प्रश्न-उत्तर राउंड की प्रतियोगिताएं हुई, जिसके निर्णायक मण्डल में श्री विकास देशवाल, डॉ. प्रीति रानी, श्री अजय चक्रवर्ती आदि शामिल रहे। इससे पूर्व फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग के डीन प्रो. राकेश कुमार द्विवेदी, सीसीएसआईटी के एचओडी डॉ. शंभू भारद्वाज, बीसीए प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर्स डॉ. रंजना शर्मा एवम् श्री हरजिंदर सिंह, प्रॉक्टर प्रो. प्रदीप कुमार आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवम् सरस्वती वंदना के संग ऑडी में फेयरवेल पार्टी पुनर्मिलाम का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर बीसीए सेकंड ईयर के स्टुडेंट्स- अनमोल, महक, मुस्कान, आयुषी, माधवी और अंकित ने गणेश वंदना पर मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी। टीएमयू के ऑडिटोरियम में स्टुडेंट्स ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से सभी का दिल जीत लिया। अंत में सभी स्टुडेंट्स डीजे पर जमकर थिरके। संचालन बीसीए सेकंड ईयर के स्टुडेंट्स- वैष्णवी, वैभव, ध्रुव और हिताक्षी ने किया।



### टिमिट के बीबीए के विद्यार्थियों का 6.20 लाख के पैकेज पर चयन

**मुरादाबाद।** टिमिट-कार्पोरेट रिसोर्स सेन्टर के सफलतम प्रयासों के फलस्वरूप टिमिट में लगातार कम्पनियों का रिक्रूटमेंट के लिये आना जारी है इसी के चलते एजूकेशन क्षेत्र की प्रतिष्ठित हाइक एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी ने टिमिट के बीबीए फाइनल ईयर (2025 पास आउट बैच) के विद्यार्थियों के लिए रिक्रूटमेंट ड्राइव का आयोजन किया इस रिक्रूटमेंट ड्राइव में बीबीए फाइनल ईयर विद्यार्थियों ने भाग लिया। कंपनी के एचआर टीमने कम्पनी व जॉब प्रोफाइल के बारें में सम्पूर्ण जानकारी प्रेजेन्टेशन के माध्यम से दी और विद्यार्थियों के 3 सिलेक्शन राउंड आयोजित किये।सभी कठिन चयन प्रक्रिया के बाद अंतिम रूप से बीबीए के 2 विद्यार्थियों के नाम घोषित किये जिनके नाम क्रमश: खुशी धाल व मयंक रस्तोगी है। जिन्हें बिजनेस डेवलपमेंट एग्जीक्यूटिव की पोस्ट पर 6.20 लाख के वार्षिक पैकेज पर ज्वाइनिंग प्रदान की है। यह टिमिट की गुणवत्ता का साक्षात प्रमाण है। चयनित छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की हार्दिक बधाई दी व कहा कि टिमिट पूरे मंडल में सर्वोत्तम है व हमारे छात्रों को उच्चतम स्तर का प्लेसमेंट दिया जा रहा है।



खुशी धाल



मयंक रस्तोगी

### अहिल्याबाई होलकर जयंती पर पब्लिक इंटर कॉलेज में कार्यक्रम आयोजित

**कांठ।** पब्लिक इंटर कॉलेज उमरी कलां में रानी अहिल्याबाई होलकर की 300 वीं जयंती के उपलक्ष्य में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे सुमित दिवाकर जिला मंत्री भाजपा युवा मोर्चा, डॉ जितेंद्र कुमार, प्रधानाचार्य रियासत अली, कॉलेज के समस्त अध्यापगण मौजूद रहे। प्रतियोगिता में 150 छात्र/ छात्राओं में से 12 छात्र /छात्राओं ने प्रतिभाग किया। सभी प्रतिभागी छात्र /छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रथम स्थान -शीजा उस्मान, द्वितीय स्थान - सफिया नौमान, तृतीय स्थान - दानिया ने प्राप्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रधानाचार्य एवं समस्त अध्यापकगणों का सहयोग रहा।



### पॉपकार्न मेकिंग मशीन की ऑनलाइन की तिथि 25 मई तक बढ़ी

**मुरादाबाद।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी मनोज कुमार गुप्ता ने बताया कि उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा वर्ष 2025-26 में जनपद मुरादाबाद में 10 पॉपकार्न मेकिंग मशीन के वितरण किये जाने का मुख्यालय से लक्ष्य प्राप्त हुआ है। पॉपकार्न मेकिंग मशीन के वितरण हेतु भुर्जी समाज के परम्परागत कारीगरो एवं इस उद्योग में रुचि रखने वाले अन्य व्यक्तियो को चयन उपरान्त पॉपकार्न मेकिंग मशीन नि:शुल्क वितरित की जायेगी। लाभार्थियो के पंजीकरण की प्रकिया ऑनलाइन कर दी गयी है। इसे बोर्ड के वेबसाइट पर नचाअपइण्हवअण्पद की ऑनलाइन सेवाओं के अन्तर्गत ''ऑनलाइन टूलकिट्स पंजीकरण एवं आबंटन'' के नाम से अपलोड किया गया है। ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि 25.05.2025 है। प्राप्त आवेदन पत्रों का चयन निर्धारित चयन समिति के द्वारा किया जाएगा तद्पश्चात् मुख्यालय स्तर से मशीनों की आपूर्ति प्राप्त होने पर चयनित लाभार्थियों को नि:शुल्क मशीन उपलब्ध करायी जाएगी।

# तारीख पर आए पति पत्नी के बीच मारपीट

**■ सिविल लाइंस पुलिस को शिकायती पत्र देकर की कार्रवाई करने की मांग**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** कचहरी परिसर में उस समय हड़कंप मच जब पति-पत्नी तारीख पर आये, और एक-दूसरे पर मारपीट करने लगे, पति के साथ दो अज्ञात व्यक्ति ने भी पत्नी के साथ मारपीट की और अभद्र शब्द का प्रयोग कर मौके से फरार हो गये। महिला ने मामले की शिकायत थाना सिविल लाइंस पुलिस से की है। बताते चले कि आज उमरी कलां कांठ निवासी रूबीना परवीन पुत्री जाकिर हुसैन अपने पति अब्दुल कादिर से परिवार न्यायालय में मुकदमा चल रहा है जैसे ही तारीख लेकर कोर्ट परिसर से बाहर आयी वैसे उसके पति व दो साथी अभद्र शब्द व मारपीट करने लगे। महिला की चीख-पुकार सुनकर लोग इकटठा हो गए। लोगों को इकटठा होता देख तीनों लोग मौके से फरार हो गये। महिला ने थाना सिविल लाइंस पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की मांग। महिला ने शिकायती पत्र में कहा है कि वह न्यायालय परिवार न्यायाधीश की कोर्ट में अपने मुकदमें की तारीख पर आयी थी। वही तारीख पर महिला का पति अब्दुल कादिर व उसके साथ दो अन्य व्यक्ति भी थे। उपरोक्त व्यक्ति न्यायालय के बाहर महिला का इंतजार कर रहे थे जैसे ही महिला तारीख लेकर बाहर आयी उक्त लोगों ने महिला को गंदी-गंदी गालियां देने लगे। महिला ने गालियों का विरोध किया तब उसके पति व अज्ञात लोगों ने महिला के साथ जमकर मारपीट की और मौके से जान से मारने की धमकी देते हुये फरार हो गये।

# टीएमयू पैरामेडिकल की कल्चरल इवेंट एमएलटी ओडेसी में हुनर का जलवा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज की ओर से आयोजित दो दिनी कल्चरल एंड एजुकेशन इवेंट एमएलटी ओडेसी-2025 में स्टुडेंट्स ने अपने हुनर का जलवा बिखेरा। इवेंट की थीम फ्रॉम सेल्स टु सेलिब्रेशन: ऑनरिंग साइंस एंड आर्ट टुगेदर रही। शुभारम्भ मौके पर मेडिकल कॉलेज में पैथोलॉजी की एचओडी प्रो. सीमा अवस्थी ने कहा, प्रयोगशालाएं चिकित्सा विज्ञान की रीढ़ हैं और आधुनिक विज्ञान की नींव इन्हीं प्रयोगशालाओं पर टिकी है। पीजी स्टुडेंट्स- कामरान, मोहम्मद आसिफ, सुशील, मुकुल और सोनम आदि ने रिसर्च से जुड़े पोस्टर्स प्रस्तुत किए। इससे पूर्व प्रो. सीमा अवस्थी ने बतौर मुख्य अतिथि, पैरामेडिकल के प्राचार्य प्रो. नवनीत कुमार, एचओडी डॉ. रूचि कांत आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। मुख्य अतिथि ने का बुके देकर स्वागत और अंत में स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। एमएलटी ओडेसी में स्टुडेंट्स ने स्टॉल, खेल, पोस्टर्स प्रजेंटेशन, सांस्कृतिक प्रोग्राम्स के जरिए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। स्पोर्ट्स प्रतियोगिता के तहत थ्रॉ बॉल में कैफ और मुजम्मिल, लूडो में मुजीब, रिहान, आलिम और शहरोज, कॉइन ड्रॉप गेम में सुहैल और अजरुद्दीन, जबकि एक्सओ गेम स्टॉल की मेजबानी डीएमएलटी फर्स्ट ईयर के स्टुडेंट्स ने की।

महाभारत पर आधारित स्किट में स्टुडेंट्स आयुष, मोइनुद्दीन, लवलीश, निष्ठा, दीपिका, भूमिका, कैफ, आदित्य, कृष्णा, विकास, यतेन्द्र, वंशिका, गायत्री, ऋद्धि आदि ने नैतिक मूल्यों को जीवंतता प्रदान की। दो दर्जन से अधिक छात्र-छात्राओं ने बॉलीवुड और पंजाबी मैसअप गीतों पर पंजाबी-राजस्थानी रीमिक्स डांस, फ्यूजन डांस, पंजाबी-हरियाणवी डांस, रीमिक्स डांस, सोलो डांस का जलवा बिखेरा। कार्यक्रम में बैजनाथ दास, डॉ. अर्चना जैन, श्रीमती वर्षा राजपूत, श्रीमती साक्षी बिष्ट, शिवमोहन, मिस रश्मि तोमर, श्री शिवम अग्रवाल के संग-संग पैरामेडिकल के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। संचालन स्टुडेंट्स मुकुल, कामरान, मो. आसिफ, सुशील, वर्तिका, लवलीश आदि ने किया।



# हजरत शेख सलाउद्दीन के सालाना उर्स के कुल शरीफ में उमड़े अकीदतमंद

**■ विधायक फहीम इरफान ने चादरपोशी कर दिया एकता का संदेश**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** क्षेत्र के गांव तिसावा चांदपुर के जंगल में स्थित हजरत शेख सलाउद्दीन की दरगाह पर सालाना उर्स का आयोजन किया गया। जिसमें कुल शरीफ में हजरत सैयद ने मुल्क और मिल्लत की तरक्की के लिए विशेष दुआ कराई।

बीती देर रात दरगाह परिसर में कव्वाली का प्रोग्राम आयोजित किया गया, जिसमें तस्लीम आसिफ कव्वालों ने हजरत शेख सलाउद्दीन की शान में कलाम पेश किये। मंगलवार की सवेरे ही अकीदतमंदों की लंबी कतार लग गई, सभी ने चादरपोशी कर विशेष दुआ की, कुल शरीफ 10:38 पर संपन्न हुआ, इससे पहले नातिया कार्यक्रम हुआ जिसमें उलेमा इकराम ने नूरानी खिताब किया और दरगाह पर आने वाले सभी अकीदतमंदों को दुआओं से नवाजा। इस मौके पर कुल शरीफ में शिरकत करने पहुंचे विधायक मोहम्मद फहीम इरफान ने कहा कि सूफी संतों की दरगाह से अमन का पैगाम मिलता है, यहां पर सभी वर्गों के लोग आते हैं और फैजयाब होते हैं, उन्होंने कहा कि उनके वालिद मरहूम विधायक हाजी मोहम्मद इरफान ने दरगाह के लिए सौंदर्यीकरण का कार्य कराया था, वह भी दरगाह को और सुंदर बनाने का कार्य करेंगे, उन्होंने सभी अकीदतमंदो को एकता का पैगाम दिया। इस दौरान मुख्य रूप से कुल शरीफ कार्यक्रम में सज्जादानशीन खलील अहमद, हाजी मोहम्मद उस्मान एडवोकेट, जमील अहमद, पूर्व ग्राम प्रधान रियाज अहमद, मुजीब अहमद, सत्तार हुसैन, सफीक अहमद, मोहम्मद रिजवानुद्दीन आदि सहित हजारों की संख्या में अकीदतमंद मौजूद रहे।



# किसानों ने बिजली समस्या को लेकर एसडीओ को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मूंढापांडे।** क्षेत्र स्थित दलपतपुर बिजलीघर में भारतीय किसान यूनियन (लोक शक्ति) के कार्यकर्ताओं ने एकत्र होकर अपनी समस्याओं को लेकर प्रदर्शन किया और एसडीओ दलपतपुर को एक ज्ञापन सौंपा।

किसान यूनियन के प्रदेश महासचिव फुरकान अहमद ने ने बताया कि क्षेत्र में लंबे समय से बिजली आपूर्ति अनियमित है, जिससे किसानों को सिंचाई में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा, ट्रांसफॉर्मर की बार-बार खराबी और फाल्ट की शिकायतों के बावजूद समय पर समाधान नहीं हो पा रहा है,यूनियन के पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं किया गया तो वह बड़ा आंदोलन करेंगे, एसडीओ ने किसानों को उनकी मांगों पर शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया,इस दौरान अकरम पूर्व प्रधान,रहीस अहमद, डब्बू आदि मौजूद रहे।



# कब्रिस्तान बनने से स्थानीय लोगों के आवागमन में बाधा

## उपजिलाधिकारी से की शिकायत, नहीं मान रहे अतिक्रमणकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** नगर के मौहल्ला गणेश कॉलोनी के गुलडेहरा रोड के वाशिंदों ने उपजिलाधिकारी चन्दौसी से सड़क किनारे अवैध कब्रिस्तान बनाये जाने के संबंध में शिकायत की है। लोगों का कहना है कि हमारे मकानों के पीछे गुलडेहरा रोड पर अतिक्रमण कर अवैध रुप से सड़क के किनारे-किनारे कब्रिस्तान काफी लंबाई तक बना दिया गया है जिससे सड़क की चौड़ाई काफी हद तक कम हो गई है और गणेश कॉलोनी की कई गलियां और रास्तों को जबरन बंद कर दिया गया है जबकि तहसील चंदौसी में इसका कब्रिस्तान का कोई रिकार्ड उपलब्ध नहीं है और इन लोगों के पास कब्रिस्तान का कोई कागज भी नहीं है। कभी कभार खाली प्लाटों में होकर निकलते हैं तो अवैध कब्जाधारी लोग मरने मारने पर उतारू हो जाते हैं। वैसे भी प्लाटों में होकर कोई स्थायी रास्ता नहीं चल सकता। यहां पास में ही एक मजार भी है। उक्त के अलावा इस गुलडेहरा रोड के सीता आश्रम पुलिस चौकी के ठीक सामने से प्रारंभ होते ही एक निजी धर्मशाला मालिक ने भी लगभग 02 मीटर सड़क को दबाकर दीवार बनवाई है जिससे रास्ता काफी संकरा हो गया है और यातायात में दिक्कतें आ रही हैं। लोगों द्वारा उपजिलाधिकारी से मांग की गई कि गुलडेहरा रोड पर अवैध कब्रिस्तान को पूर्ण रूप से हटवाकर गणेश कॉलोनी के बंद रास्ते खुलवाये जाएं तथा सीता आश्रम पुलिस चौकी से आरंभ हुए रास्ते पर निजी धर्मशाला की दीवार को हटाकर सड़क को समरूपता में लाया जाए। शिकायतकर्ताओं में बंटी रस्तोगी, रायसिंह, अरविंद सिंह, रिंकू, शंकर लाल, राजवीर शर्मा, चंद्रपाल, देव ठाकुर, विपिन ठाकुर, अन्नू रस्तोगी, पप्पू ठाकुर, अरविंद, राजीव, चेतेंद्रकुमार, हरिओम, चंद्रवती, मूलचंद शर्मा आदि रहे।

## स्कूटी से घर लौट रहे दंपत्ति पर हमला

**चन्दौसी।** अपने प्रतिष्ठान से घर लौट रहे दंपति पर नकाबपोश हमलावरों ने अचानक घात लगाकर हमला बोल दिया एवं उनके साथ मारपीट की परंतु आसपास के लोगों के आ जाने पर हमलावर भाग खड़े हुए। दंपत्ति ने हमलावरों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज करायी है। पुलिस ने हमलावरों को तलाशना शुरु कर दिया है। घटनाक्रम के अनुसार, सरवन एवं उसकी पत्नी ममता वार्ष्णेय का रामबाग रोड पर मकान है, जहां कोई लघु उद्योग या प्रतिष्ठान खोल रखा है। सोमवार को रात्रि लगभग 08 बजे के करीब अपनी पत्नी के साथ सरवन स्कूटी से वापिस आ रहे थे, जैसे स्कूटी रामबाग धाम से आगे निकली, नकाबपोश हमलावरों ने हमला बोल दिया। महिला ममता का आरोप है कि पति को बुरी तरह मारा, गले में पड़ी सोने की चौन भी छीन ली एवं स्कूटी को बीच सड़क पर गिरा दिया। राहगीरों के हस्तक्षेप से हमलावरों बाइक छोड़कर भाग गये। पुलिस चौकी भी पास है, लेकिन पुलिस पहुंचने में विलंब हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरु कर दी। इधर पुलिस ने तहरीर के आधार पर नामजद रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों को तलाशना शुरु कर दिया है।

# टीएमयू एमएससी नर्सिंग के आशुतोष मिस्टर व भारती बनी मिस फेयरवेल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के तीर्थंकर महावीर कॉलेज ऑफ नर्सिंग की ओर से एमएससी नर्सिंग की फेयरवेल पार्टी- रॉयल ओडेसी में आशुतोष राना को मिस्टर फेयरवेल तो रिया भारती को मिस फेयरवेल एमएससी चुना गया। मिस और मिस्टर फेयरवेल के लिए तीन राउंड में स्टुडेंट्स के हुनर को परखा गया। फर्स्ट राउंड में रैंप वॉक, दूसरे राउंड में इंट्रोडक्शन और अंतिम राउंड प्रश्नोत्तरी के आधार पर मिस और मिस्टर फेयरवेल का चयन किया गया। मिस और मिस्टर फेयरवेल के निर्णायक मंडल में प्रो. अनुषी सिंह और डॉ. सुमन वशिष्ठ शामिल रहे। इससे पूर्व नर्सिंग कॉलेज की डीन प्रो. एसपी सुभाषिनी, प्रिंसिपल प्रो. एम. जेसलीन, वाइस प्रिंसिपल प्रो. रामनिवास आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके फेयरवेल पार्टी रॉयल ओडेसी का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर स्टुडेंट्स की ओर से बलून बुस्टर, म्यूजिकल चेयर, टेस्ट चेकर सरीखे मनोरंजक खेलों में भी अपनी प्रतिभा दिखाई। रॉयल ओडेसी में सांस्कृतिक प्रोग्राम्स की शुरुआत सरस्वती वंदना के संग हुई। एमएससी फर्स्ट ईयर की स्टुडेंट्स शिवाली और इशिका ने काली एक्टिवा..., जबकि एकांशु सिंह ने ये काली-काली आंखें....गीत पर नृत्य की प्रस्तुति दी। एमएससी सेकेंड ईयर के छात्र आशुतोष ने ओ जाने जाना...गीत पर नृत्य पेश करके खूब तालियां बटोरीं, तो रिया भारती ने दोस्ती पर कविता पाठ करके खूब वाहवाही लूटी। एमएससी फर्स्ट ईयर के स्टुडेंट्स- नवदीप, खुशी, शीला आदि ने कॉमेडी एक्ट से सभी को गुदगुदाया। ऐकाशं सिंह ने गिटार के संग पानी दा रंग बेख के... गीत गाकर सभी का दिल जीत लिया। फेयरवेल पार्टी में डॉ. सपना सिंह, डॉ. योगेश कुमार, डॉ. रामकुमार गर्ग, प्रो. जितेन्द्र सिंह, प्रो. विजीमोल, प्रो. लिंसी जोसेफ, श्री वेदमूर्ती, श्रीमती एकजोत कौर, श्री नफीस अहमद, मिस शिवांगी गुप्ता, मिस विभा कुमारी के संग-संग एमएससी नर्सिंग के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। संचालन छात्रा खुशी जसपर ने किया।




**बेदखली सूचना**

मैने अपने पुत्र शाहिद हुसैन, पुत्र वाजिद हुसैन निवासीगण महेशपुर खेम मुरादाबाद व पुत्र आबिद हुसैन निवासी गढ़ी चांदपुर ब्लॉक भगतपुर टांडा मुरादाबाद को गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखलकर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमे बाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा। **छिददा पुत्र स्वर्गीय मंगला निवासी ग्राम महेशपुर खेम पोस्ट मानपुर पीपलसाना, थाना भगतपुर तहसील व जिला मुरादाबाद।**

**बेदखली/संबंध विच्छेद सूचना**

मैने अपने पुत्र शमशाद अली व पुत्रवधू नवाल अंसारी को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखलकर पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमे बाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद मेरा व मेरे पुत्र नौशाद व इरशाद एवं उनकी पत्नी शकीना बेगम उर्फ शबाना से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **श्री फुरकान अली पुत्र श्री तुल्लन नि० मोहल्ला बगिया वाला वार्ड न.-5 भोजपुर तह० व जिला मुरादाबाद।**

**बेदखली सूचना**

मैने अपने पुत्र अभिषेक सैनी व पुत्रवधू श्रीमती रजनी सैनी को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखलकर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमेबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। पतराम सैनी पुत्र स्वर्गीय हरस्वरूप सैनी व श्रीमती रामवती सैनी पत्नी पतराम सैनी निवासीगण मोहल्ला गुलाबबाड़ी गत्ता फैक्ट्री के पीछे थाना कटघर तहसील व जिला मुरादाबाद।

## ब्लाक प्रमुख की अध्यक्षता में क्षेत्र पंचायत की बैठक संपन्न

**ठाकुरद्वारा।** मंगलवार को ब्लॉक सभागार में ब्लॉक प्रमुख संजना सैनी की अध्यक्षता में क्षेत्र पंचायत समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी स्वास्थ्य विभाग से प्रमोद कुमार ने जच्चा बच्चा और बीमारियों पर प्रकाश डाला और कृषि विभाग से नौबहार सिंह ने किसानों को सब्सिडी की व उत्तम बीज और जिप्सम की जानकारी दी । मीटिंग के दौरान सप्लाई इंस्पेक्टर राजवीर सिंह ने भी कार्यक्रम केदौरान नए यूनिट व सही मात्रा में राशन वितरण की जानकारी दी और खंड विकास अधिकारी ने क्षेत्र पंचायत द्वारा कराए गए सभी कार्यों पर चर्चा की । इस दौरान ब्लाक प्रमुख पति डा0 वीर सिंह सैनी ने सभी सदस्यों को बताया की ब्लॉक प्रमुख निधि से अब तक 187 कार्य कराए जा चुके हैं । जिसमें हर ग्राम पंचायत में काम कराया गया और प्रत्येक ग्राम प्रधान और क्षेत्र पंचायत सदस्य का सम्मान किया गया । इस दौरान वन नेशन-वन इलेक्शन एक देश एक चुनाव पर भी चर्चा की गई । जिसमें प्रस्ताव रखा गया कि विकासखंड की तरफ से भी प्रस्ताव बनाकर मान्य राष्ट्रपति और भारत सरकार को दिया जाएगा। जिससे कि एक देश एक चुनाव से देश पर चुनाव का कम खर्च पड़े और एक देश एक चुनाव से देश के बहुत सारे लोगों को समाज की सेवा करने का मौका मिले इसी बीच कुछ सदस्यों ने अपनी परेशानियां भी राखी जिनका जल्द से जल्द अधिकारियों ने निस्तारण करने का आश्वासन दिया।

## लेखपालों की लापरवाही से नेशनल हाईवे पर लगा ढाई घंटे जाम

**ठाकुरद्वारा।** यूपी-उत्तराखंड बोर्डर से गुजरने वाले खनन के डंपरों की वजह से नेशनल हाईवे लगभग दो घंटे जाम की गिरफ्त में रहा। इस दौरान एक तरफ जहां खनन वाहनों के ड्राईवर परेशान नजर आए तो वहीं दूसरी तरफ राहगीरों को जाम के कारण भारी दिक्कत का सामना करना पड़ा। बता दें कि यूपी - उत्तराखंड बोर्डर पर खनन वाहनों की टीपी चेक करने के लिए तहसील प्रशासन की तरफ से लेखपालों की ड्यूटी लगाई जाती है। इसी क्रम मे बीती रात 8 बजे से सुबह 7 बजे तक लेखपाल अक्षय यादव व जितेंद्र कुमार की ड्यूटी थी लेकिन दोनों की लेखपाल ड्यूटी के निर्धारित समय सें लगभग ढाई घंटे की देरी से पहुंचे। इस दौरान वन विभाग व पुलिस प्रशासन ने लेखपालों की गैर मौजूदगी के कारण टीपी चेक न होने की वजह से वाहनों को रोके रखा,।

ढाई घंटे खनन के वाहन रुके रहने की वजह से लगभग 4 किमी लंबा जाम लग गया। जाम की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जाम को खुलवाने का प्रयास किया तो वन विभाग ने तैनात लेखपाल द्वारा बिना टीपी चौक किए वाहनों को जाने से रोक दिया। जाम के कारण ठाकुरद्वारा- काशीपुर मार्ग पर अफरा तफरी का माहोला। ढाई घंटे बाद लेखपालों ने टीपी चौक की तो अन्य वाहनों चालको को राहत महसूस की।

## लेखपालों ने साधी मीडिया कर्मियों के सवालों पर चुप्पी

**ठाकुरारा।** ढाई घंटे की लेट लतीफी के बाद मौके पर पहुंचे लेखपाल अक्षय यादव व जितेंद्र कुमार न मीडिया के सवालों पर चुप्पी साधे रहे,कई बार जिम्मेदार अधिकारी होने का हवाला देना पर व इस प्रकार की बड़ी लापरवाही के बारे में सवाल करने पर भी दोनों लेखपाल चुप्पी साधे रहे।

ऐसे सुस्त कर्मचारियो व अधिकारियों की लापरवाही से आमजनता का परेशानी का सामना करना पड़ता है। देखना है कि स्थानीय अधिकारी इस मामले में कोई संज्ञान देते है या फिर इस मामलें को ठंडे वस्तों देते है।

## आलमगीरपुर में एक सप्ताह में दूसरा पकड़ा गया तेदुंआ, ग्रामीणो में दहशत

**ठाकुरद्वारा।** फिर आलमगीरपुर में तेदुंए पुलिया के नीचें दिखायी देने पर ग्रामीणो में दहशत फैल गई सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद काबिंग कर तेदुए को पकड़ लिया । तेदुंआ पिंजड़े में आने के बाद ग्रामीणों से राहत की सास ली।

बतादें कि कोतवाली क्षेत्र के गांव आलमगीरपुर में एक सप्ताह पूर्व खेत पर काम रहे किसान पर हमला बोल कर घायल कर दिया था। तेदुंए के हमले के बाद ग्रामीण लाठी डंडे लेकर मौके पर पहुंचे। जहां पर ग्रामीणो की मदद से वन विभाग की टीम ने तेदुंए को पकड़ लिया। इसके बाद ग्रामीणों ने राहत महसूस की। लेकिन मंगलवार की सुबह गांव के निकट पुलिया में तेदुंआ दिखायी तो ग्रामीणो में दहशत फैल गई। ग्रामीणों तेदुंआ दिखायी देने की सूचना पर लाठी डंडे लेकर मौके पर पहुचे। इसके बाद ग्रामीणों ने तेदुंए की सूचना वन विभाग को दी। वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर तेदुंए से निजात दिलाए जाने के लिए फिर घेराबंदी कर पिंजड़ा लगा दिया। घंटो मशक्कत के बाद वन विभाग की टीम ने तेदुंए को पकड़ लिया और वन विभाग की चौकी ले आए। इसके बाद ग्रामीणों राहत महसूस की।

**कार्यालय ग्राम पंचायत सुल्तानपुर खद्दर मुस्तकम**
**विकास खण्ड-डिलारी (मुरादाबाद)।**

पत्रांक: मीमो/मनरेगा/ग्राम पंचायत/निविदा/2025-26 दिनांक: 20.05.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

विकास खण्ड डिलारी की ग्राम पंचायत सुल्तानपुर खद्दर मुस्तकम में मनरेगा योजना अन्तर्गत मैन रोड से हरपाल के घर तक मिट्टी नाली सीसी टाईल्स निर्माण कराया जाना है। उक्त कार्य हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु सीलबंद निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 03.06.2025 की दोपहर 3.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है एवं उसकी दिन दोपहर 3.30 बजे समिति के सामने खोली जायेगी। कार्य से संबंधित बिल ऑफ क्वान्टिटी निविदा पत्र के साथ कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। निविदा की शर्ते एवं प्राक्कलन आदि किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है। नियमानुसार धरोहर राशि एनएससी/बैंक ड्राफ्ट/एफडीआर के रूप में जमा करनी होगी, जो ग्राम पंचायत के नाम बंधक होगी। अवकाश की दशा में उक्त निविदा अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | सामग्री की अनुमानित लागत | जमानत की 2 प्रतिशत राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य पूर्ण अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मैन रोड से हरपाल के घर तक मिट्टी नाली सीसी टाईल्स कार्य। | ईंट, बारीक रेत, बजरफुट, बजरी, सीसी टाईल्स आदि। | 261250/- | 5226/- | 300 | 2 माह |

**मुख्य शर्तें:-**
1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म टिन नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. कार्यों का अनुबन्ध सक्षम स्तर से अनुमोदन/स्वीकृति प्राप्त होने के उपरान्त किया जायेगा। 3. इस निविदा को बिना कारण बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास होगा। सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होंगी।

**ग्राम प्रधान/सचिव**
**ग्राम पंचायत सुल्तानपुर खद्दर मुस्तकम**
**विकास खण्ड डिलारी, मुरादाबाद**

**कार्यालय ग्राम पंचायत सुल्तानपुर खद्दर (चन्दूपुरा)**
**विकास खण्ड-डिलारी (मुरादाबाद)।**

पत्रांक: मीमो/मनरेगा/ग्राम पंचायत/निविदा/2025-26 दिनांक: 20.05.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

विकास खण्ड डिलारी की ग्राम पंचायत सुल्तानपुर खद्दर (चन्दूपुरा) में मनरेगा योजना अन्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कराया जाना है। उक्त कार्य हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु सीलबंद निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 03.06.2025 की दोपहर 3.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है एवं उसकी दिन दोपहर 3.30 बजे समिति के सामने खोली जायेगी। कार्य से संबंधित बिल ऑफ क्वान्टिटी निविदा पत्र के साथ कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। निविदा की शर्ते एवं प्राक्कलन आदि किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है। नियमानुसार धरोहर राशि एनएससी/बैंक ड्राफ्ट/एफडीआर के रूप में जमा करनी होगी, जो ग्राम पंचायत के नाम बंधक होगी। अवकाश की दशा में उक्त निविदा अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | सामग्री की अनुमानित लागत | जमानत की 2 प्रतिशत राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य पूर्ण अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | चौबा मास्टर के घर से पीडब्लूडी रोड तक नाली मिट्टी, सीसी टाईल्स निर्माण कार्य। | ईंट, बारीक रेत, बजरफुट, बजरी, मिट्टी, सीसी टाईल्स आदि। | 294809.00 | 5900/- | 300/- | 2 माह |
| | राम सिंह सैनी के घर से सीसी रोड तक नाली मिट्टी, सीसी टाईल्स निर्माण कार्य। | ईंट, बारीक रेत, बजरफुट, बजरी, मिट्टी, सीसी टाईल्स आदि। | 285990.97 | 5720/- | 300/- | 2 माह |

**मुख्य शर्तें:-**
1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म टिन नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. कार्यों का अनुबन्ध सक्षम स्तर से अनुमोदन/स्वीकृति प्राप्त होने के उपरान्त किया जायेगा। 3. इस निविदा को बिना कारण बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास होगा। सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होंगी।

**ग्राम प्रधान/सचिव**
**ग्राम पंचायत सुल्तानपुर खद्दर (चन्दूपुरा)**
**विकास खण्ड डिलारी, मुरादाबाद**

# अवैध प्लॉटिंग पर गरजा मुरादाबाद विकास प्राधिकरण का बुलडोजर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** विकास प्राधिकरण द्वारा अवैध निर्माणों एवं प्लॉटिंग के विरुद्ध कठोर प्रवर्तन कार्यवाही लगातार जारी है। उपाध्यक्ष अनुभव सिंह, आई.ए.एस. के निर्देशों पर प्राधिकरण प्रवर्तन दल द्वारा नगर क्षेत्र मुरादाबाद में एक विशेष प्रवर्तन अभियान संचालित किया गया। कार्यवाही का विवरण उत्तर प्रदेश नगर योजना एवं विकास अधिनियम, 1973 की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत जोन-1, सब-जोन-2, थाना मझोला क्षेत्र में बिना प्राधिकरण की वैध स्वीकृति के की गई निम्नलिखित अवैध प्लॉटिंग के विरुद्ध विधिक एवं प्रवर्तन कार्यवाही की गई। प्रथम प्रकरण वाद संख्या 21/2023 उत्तरदायी व्यक्ति रमेश कुमार ग्राम सोनकपुर, मिलक भोला सिंह, निकट प्रधानमंत्री आवासीय योजना भूमि का कुल क्षेत्रफल: लगभग 15 बीघा बिना प्राधिकरण स्वीकृति के अवैध रूप से प्लॉटिंग एवं भूखण्डों का विक्रय। प्रवर्तन दल द्वारा मौके पर पहुंचकर नियमानुसार धारा 27 एवं 28 के अंतर्गत विधिक प्रवर्तन कार्यवाही करते हुए समस्त अवैध प्लॉटिंग को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त किया गया। द्वितीय प्रकरण वाद संख्या 676/2023 उत्तरदायी व्यक्ति अमरपाल एवं जुल्फिकार ग्राम भोला सिंह की मिलक, निकट प्रधानमंत्री आवासीय योजना भूमि का कुल क्षेत्रफल: लगभग 10 बीघा अवैध रूप से प्लॉटिंग कार्यवाही प्रवर्तन दस्ते एवं पुलिस बल की उपस्थिति में नियमानुसार धारा 27, 28 के अंतर्गत समस्त अवैध प्लॉटिंग को ध्वस्त कर भूमि को शासकीय अधिपत्य में लिया गया। ध्वस्तीकरण की समस्त कार्यवाही निर्विघ्न एवं शांतिपूर्ण रूप से सम्पन्न कराई गई। प्राधिकरण की सख्त चेतावनी एवं जनहित में अपील मुरादाबाद विकास प्राधिकरण समस्त नागरिकों, भू- स्वामियों एवं संपत्ति खरीदने/बेचने वालों से अपील करता है कि वे किसी भी भूखण्ड, प्लॉट अथवा निर्माण कार्य का क्रय-विक्रय अथवा निर्माण प्रारंभ करने से पूर्व प्राधिकरण से अनिवार्य रूप से वैध स्वीकृति प्राप्त करें। अन्यथा, प्राधिकरण द्वारा अवैध प्लॉटिंग एवं अनधिकृत निर्माणों के विरुद्ध सख्त विधिक कार्यवाही करते हुए, उन्हें तत्काल प्रभाव से ध्वस्त अथवा सील कर दिया जाएगा तथा संबंधित के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही भी की जाएगी। प्राधिकरण का उद्देश्य नगर क्षेत्र में नियोजित, सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित नगरीय विकास को सुनिश्चित करना है, जिसके लिए नागरिकों का सहयोग अत्यावश्यक है। प्राधिकरण द्वारा ऐसे अवैध निर्माण एवं प्लॉटिंग के विरुद्ध प्रवर्तन कार्यवाही भविष्य में भी इसी प्रकार प्रभावी रूप से जारी रहेगी



## टीपी नगर चौकी प्रभारी पर गंभीर आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने वाली एक महिला को चौकी प्रभारी द्वारा धमकाने और अभद्र व्यवहार का आरोप लगाया गया है। शिकायतकर्ता बुशरा पत्नी अशरफ अली ने कुछ दिन पूर्व अपने पति के रिश्तेदारों द्वारा पीछा करने और गलत इरादे से व्यवहार करने की शिकायत ऑनलाइन दर्ज कराई थी। मामला तब विवादों में आ गया जब टीपी नगर चौकी प्रभारी नरेंद्र कुमार ने महिला को चौकी बुलाकर, बिना दोनों पक्षों को सुने ही शिकायत के निस्तारण का दबाव बनाना शुरू कर दिया। आरोप है कि चौकी प्रभारी ने न सिर्फ पीड़िता को फटकारा बल्कि उसके साथ नशे की हालत में अभद्र भाषा का प्रयोग भी किया। महिला का कहना है कि जब चौकी प्रभारी ने मुझे ही दोषी ठहराने की कोशिश की। उन्होंने न तो मेरी बात सुनी और न ही मामले की निष्पक्ष जांच की। उल्टा मुझ पर समझौते का दबाव बनाया गया बुशरा ने बताया। स्थानीय लोगों के अनुसार, वे पहले भी कई बार फरियादियों के साथ कठोर व्यवहार और निष्पक्षता की कमी को लेकर विवादों में रहे हैं। इस प्रकार के घटनाक्रम पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली और जनसेवा के दावों पर सवाल खड़े करते हैं। यदि पीड़ितों को न्याय की उम्मीद में पुलिस चौकी जाना भी भय का कारण बने तो यह कानून व्यवस्था के लिए गंभीर संकेत है।

## तीन आरोपी फरार तीनों को किया गिरफ्तार

**डिलारी।** थाना डिलारी पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान लगभग डेढ़ करोड़ की पुरानी करेंसी के साथ तीन आरोपितों सोमवार को गिरफ्तार कर लिया, तीन अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हुए ,मुख्य आरोपितो को मंगलवार को थाना डिलारी पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया, सोमवार की रात लगभग 1:00 बजे थाना डिलारी पुलिस डिलारी करनपुर मार्ग पर चेकिंग अभियान के दौरान गस्त कर रही थी। तभी मुखबिर की सूचना पर गांव होशपुरा की पुलिया के पास 6 लोग कार में बैठे संदिग्ध अवस्था में दिखाई दिए,गस्ती पुलिस ने दौड़कर तीन आरोपियों समेत प्रतिबंधित नोटों से भरी स्विफ्ट डिजार कार को कब्जे में ले लिया, तीन आरोपि जिनके साथ डील होनी थी। अंधेरे का फायदा उठाकर खिड़कियां खोलकर कार से कूद कर फरार हो गए। जिनको मंगलवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। वर्ष 2016 से पहले नोटबंदी के दौरान चलन वाले 500 और 1 हजार के नोट लगभग डेढ़ करोड़ प्रतिबंध मुद्रा कार की डिग्गी में रखें, प्लास्टिक के कट्टों में बरामद की, छह आरोपित विक्की गौतम, मोहम्मद यासीन, दिव्यांग मोहम्मद रियाज, युसूफ, फैशल, सत्तार, के नाम अभियोग पंजीकृत कर जनपद अमरोहा निवासी विक्की गौतम, जनपद रामपुर के थाना टांडा निवासी मोहम्मद यासीन, दिव्यांग ,मोहम्मद रियाज को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में पुलिस को बताया कि सोमवार की रात लगभग 1:00 बजे मुजफ्फरनगर से पार्टी आनी थी। जिनके साथ नोटों की डील होनी थी। ओरिजिनल मुद्रा का 10% लेकर नोट बदलने का काम काफी दिनों से कर रहे।

# एसडीएम की अध्यक्षता में जिला स्तरीय उद्योग बंधु समिति की बैठक आयोजित

**मुरादाबाद।** अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्री गुलाब चन्द्र की अध्यक्षता में जिला स्तरीय उद्योग बंधु समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में अपर जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को उद्योग बंधुओं द्वारा प्रस्तुत की गयी प्रत्येक समस्याओं/प्रकरणों को प्राथमिकता स्तर पर संज्ञान लेते हुए गंभीरतापूर्वक, पारदर्शिता के साथ ससमय निस्तारण करने हेतु यथोचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में मकबकरा द्वितीय कैत वाली मस्जिद हजीरा के सामने खराब सड़क के संबंध में एवं कैत वाली मस्जिद के सामने संवरसे. विल लीक होने के संबंध में नगर निगम के संबंधित अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त कार्य को ठीक करा दिया गया। इसके साथ ही बैठक में बुद्धिविहार में परशुराम चौक से दिल्ली रोड को जाने वाली खराब सड़क संबंधित, काशीराम नगर में सड़क की टाइल्स टूटी होने संबंधित, इण्डिया गार्डन वाली लेन में बनाई गयी सड़क अधूरी होने संबंधित, वेब सिनेमा रोड सीवर लाइन के काम की बजह से खुदी होने के कारण खराब स्थिति संबंधित, मुरादाबाद शहर में ई-रिक्शा और आटोरिक्शा की बजह से जाम की स्थिति से संबंधित इत्यादि विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गयी, जिस पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने संबंधित अधिकारी यथोचित कार्यवाही कर उद्योग बंधुओं द्वारा रखी गयी समस्याओं का निस्तारण करने के निर्देश दिए। बैठक में एसपी सिटी रणविजय सिंह, संयुक्त आयुक्त उद्योग श्री योगेश कुमार, डिप्टी कमिश्नर जीएसटी मुरादाबाद, सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण एवं उद्योग बंधु उपस्थित रहें।

## प्रतियोगिता में अंग्रेजी भाषा का महत्व बताया

**सुरजननगर।** चौकी क्षेत्र के गाँधी स्मारक महाविद्यालय सुरजन नगर-जयनगर मुरादाबाद में मंगलवार को एम ओ यू अनुबन्ध के अन्तर्गत आर एल एस मैमोरियल डिग्री कॉलेज किसानपुर, जसपुर, उत्तराखण्ड के द्वारा अतिथि व्याख्यान आयोजित किया गया। आर० एल० एस० मैमोरियल डिग्री कॉलेज किसान पुर की और से डॉ० शीतल चौहान असि० प्रोफेसर के द्वारा प्रतियोगिताओं में अग्रेजी भाषा का महत्व विषय पर दिया गया। कार्यक्रम के अन्त में महाविद्यालय के प्राचार्य के द्वारा अतिथि को धन्यवाद व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में डॉ० ओम प्रकाश, डॉ० देवेन्द्र प्रकाश, अनुज कुमार, कुलदीप व्यास अरूण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में रितिका विश्नोई, रोहित, नेहा, पारूल, दीपक आदि छात्र छात्रा उपस्थित रहें।

**सूचना**

जनता आम को वाजा हो कि मुझ मुकिर के पिता श्री सैफुल इस्लाम पुत्र श्री मोहम्मद अली निवासी मौहल्ला बाड़ा शाह सफा/ रेती स्ट्रीट तहसील व जिला मुरादाबाद ने मुझ मुकिर फहद इस्लाम पुत्र श्री सैफुल इस्लाम निवासी मौहल्ला बाड़ा शाह सफा/ रेती स्ट्रीट तहसील व जिला मुरादाबाद को अपनी चल व अचल सम्पत्ति से पूर्णत: दिनांक 11.05.2025 को ऑक कर दिया है और मुझ मुकिर से तमाम सामाजिक सम्बन्ध तोड़ लिये है जिसे मैं मुकिर स्वीकार करता हूं और आज के बाद मुकिर का भी अपने पिता उपरोक्त श्री सैफुल इस्लाम से कोई वास्ता बाकी नहीं रहा है/फकत

**बेदखली सूचना**

मैने अपने पुत्र फैजान को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखलकर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में फैजान के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमेबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **नासिर अली पुत्र वाजिद अली निवासी मोहल्ला लाइनपार ढक्का थाना मझोला, जिला मुरादाबाद**

# खनन इंस्पेक्टर ने की छापेमारी मिट्टी से भरे डंपर को किया सीज

**ठाकुरद्वारा।** मंगलवार को खनन इंस्पेक्टर सुरज कुमार द्वारा ताराबाद , मुनीमपुर के जंगलो में अवैध रूप मिट्टी भराव करने की सूचना पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान विभाग विभाग इंस्पेक्टर निर्धारित स्थान से दूसरे स्थान पर मिट्टी डालने के आरोप में सीज की कार्रवाई की है। खनन कारोबारियो में खनन विभाग द्वारा छापेमारी अभियान की सूचना पर हड़कंप मच गया। बता दें कि तहसील क्षेत्र के गांव ताराबाद-मुनीमपुर के जंगल में अवैध रूप से उपजाऊ मिट्टी का अवैध खनन करने की सूचना उपजिलाधिकारी को दी गई। एसडीएम के आदेश पर लेखपाल शानेआलम, आनंद कुमार, गजेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे। जहां पर मौ0 रफीद पुत्र मियांजान निवासी भायपुर तारा सिंह पुत्र ईश्वर सिंह निवासी मुनीमपुर के खेत से बुधनगर स्थित नेशनल भटटा मालिक द्वारा जेसीबी से मिट्टी उठाई जा रही थी । वही तारा सिंह के खेत से खनन कारोबार जेसीबी मशीन और डंपर से मिटटी ढुलाई की जा रही



था। मौके पर लेखपालों ने जेसीबी और डंपरों से अवैध रूप से मिटटी कार्य की सूचना एसडीएम प्रीति सिंह व खनन इंस्टेक्टर सूरज सिंह को दी गई। सूचना के करीब 3 घंटे बाद खनन इंस्टेक्टर मौके पर पहुंचे। जहां पर घंटो जांच की। खनन इंस्पेक्टर ने बताया कि जांच में कोई अवैध रूप से खनन किये जाने का तथ्य नही मिला है। लेकिन एक तारा सिह के खेत से निर्धारित स्थान पर मिट्टी न डाले जाने के तथ्य मिले। इस पर डंपर के खिलाफ सीज की कार्वाई की गई है। खनन इंस्पेक्टर से मोबाइल फोन पर जानकारी करने का प्रयास किया , लेकिन फोन रिसीव न होने के कारण अन्य कार्रवाई की जानकारी नही हो सकी है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत सुन्दरपुर चाऊपुरा**
**विकास खण्ड-छजलैट (मुरादाबाद)।**

पत्रांक मीमो/मनरेगा/ग्रा.पं./निविदा/2025-26 दिनांक: 20.05.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत सुन्दरपुर चाऊपुरा विकास खण्ड छजलैट मुरादाबाद की ग्राम सभा की आयोजित बैठक में पारित कार्ययोजना के सापेक्ष मनरेगा योजनान्तर्गत निर्माण कार्य ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने है। इच्छुक पंजीकृत ठेकेदार सामाग्री आपूर्ति दिनांक 27.05.2025 को 2.00 बजे तक अपनी अपनी निविदायें अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/ व्यापार कर विभाग में पंजीकरण की छायाप्रति सहित नियमानुसार जमानत राशि के साथ एफ० डी० आर० आदि संलग्न करते हुए अपनी अपनी निविदायें सामाग्री आपूर्ति हेतु अधोहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते हैं। निविदायें स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। निविदायें ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 27.05.2025 को अपराहन 3.30 बजे खोली जायेंगीं।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | कार्य की माप | अनुमानित लागत | जमानत राशि | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मंदिर से सतपाल सैनी के मकान तक मिट्टी सीसी टाईल्स निर्माण कार्य। | - | 352242/- | 2% | 200/- | 2 माह |
| 2 | भूरे के मकान से सूरवीर के मकान तक मिट्टी नाली टाईल्स निर्माण कार्य। | - | 351009/- | 2% | 200/- | 2 माह |

**शर्तें-**
1. आयकर, व्यापार कर नियमानुसार देय होगा। ठेकेदारों को आयकर एवं व्यापार कर एवं टिन नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देना होगा।
2. निविदा को निरस्त करने का पूरा अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को होगा।
3. कोई भी निविदा सशर्त स्वीकार नहीं की जायेगी।

**सचिव/ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत सुन्दरपुर चाऊपुरा**
**विकास खण्ड छजलैट, मुरादाबाद**

## विद्युत विभाग लगा रहा स्मार्ट मीटर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** विद्युत बकाया जमा न करने वाले एवं विद्युत चोरी करने वाले अब सावधाना हो जाएं क्योंकि अब विद्युत चोरी रोकने के लिए सरकार ने घरों पर स्मार्टमीटर लगाने शुरु कर दिए हैं। पहले लोग केबिल में कट लगाकर या वाईपास कर असानी से बिजली चोरी कर लेते थे जिससे सरकार को प्रतिमाह करोड़ों रुपये का नुकसान होता था। इधर बिल वसूली के लिए भी विद्युतकर्मियों को डोर-टू-डोर जाना पड़ता, फिर भी लोग बिजली का बिल जमा नहीं करते। बिजली का हजारों रुपये बिल बकाया हो जाता था। इससे पहले विद्युत चोरी रोक दी। अब सरकार ने बिल जमा करने का झंझट ही समाप्त कर दिया है। स्मार्ट मीटर घरों पर उनकी क्षमता सामान्यत: 02 किलोवाट का लगाया जा रहा है, उसकी विशेषता यह है कि जैसे उपभोक्ता 5000 रु0 का बिल बकाया हो जायेगा तो तुरंत बिजली कट हो जायेगी, किसी लाइनमैन को बिजली कनेक्शन काटने नहीं आना पड़ेगा। वहीं केबिल भी गोल वाला लगाया जा रहा है जिससे कट लगाना आसान नहीं है और न ही बंदर काट पायेंगे। अब बिल जमा न करने का झंझट भी समाप्त होगा। अधिशासी अभियंता के अनुसार, उपभोक्ता रोजाना के बिजली खर्च का भी आंकलन कर सकेंगे।

### एक नजर

## भारतीय किसान यूनियन भानू के कार्यकर्ता उठा रहे हैं जनहित के मुद्दे

**कुन्दरकी।** भारतीय किसान यूनियन भानू के कार्यकर्ता लगातार जनहित के मुद्दे उठा रहे हैं। भानु गुट के कार्यकर्ताओं का कहना है। किसानों का उत्पीड़न किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मुरादाबाद जनपद के कुन्दरकी बिजली घर भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में जमा



होकर बिजली विभाग द्बारा लगाए जा रहे स्मार्ट मीटरो का विरोध किया। किसान यूनियन के लोगो का कहना है, यह मीटर सबसे पहले ग्रामीण इलाके में लगाये जा रहे हैं। जबकि इसका काम सबसे पहल शहरी इलाके में किया जाना चाहिए। इन मीटर से किसानों को सबसे ज्यादा दिक्कत का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा यदि बिजली विभाग द्वारा उनकी मांगे नहीं मानी गई तो धरना सड़क पर किया जाएगा। इस मौके पर जिलाध्यक्ष दानिश पाशा मंडल अध्यक्ष बाबू पाशा मंडल प्रवक्ता आजम राणा जिला उपाध्यक्ष हाजी इमरान खान नगर अध्यक्ष रूपेश खान नगर महासचिव रेहान खान आशु सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## भारत शौर्य तिरंगा यात्रा का हुआ आयोजन

**मुरादाबाद।** भारतीय सेना के द्वारा ऑपरेशन सिंदूर में अदम्य शौर्य,साहस और पराक्रम को नमन करते हुए भारतीय सैनिकों के सम्मान में भारत शौर्य तिरंगा यात्रा का शुभारंभ महानगर के नगर एवं देहात विधानसभा में किया गया।भारत शौर्य तिरंगा यात्रा नगर विधानसभा में मुख्य अतिथि नगर विधायक रितेश गुप्ता एवं देहात विधानसभा में मुख्य अतिथि पूर्व विधानसभा प्रत्याशी डा. के के मिश्रा रहे। नगर विधानसभा में भारत शौर्य तिरंगा यात्रा का शुभारंभ नगर विधायक रितेश



गुप्ता ने तिरंगा दिखाकर गौतम बुध पार्क काशीराम से किया यात्रा बैंक कालोनी ब्रेड फैक्टरी होते हुए फैमली पार्ट निकट महिलाल पब्लिक स्कूल पर सम्पन्न हुई । देहात विधानसभा में मुख्य अतिथि डा .के के मिश्रा ने रामगंगा विहार मंडल के प्रेम स्वीट से तिरंगा यात्रा का शुभारंभ किया जो कि स्टेडियम रोड, रामगंगा विहार पुलिस चौकी हाईस्ट्रीट होते हुए परम्परा - 3 कालोनी गेट पर सम्पन्न हुई। जगह जगह भारत शौर्य तिरंगा यात्रा का फूल मालाओं से स्वागत एवंअभिनंदन किया गया। नगर विधायक रितेश गुप्ता ने कहा कि आपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय सैनिकों और नौजवानों का अभिनंदन किया हम सभी देशवासी भारतीय सेना के शौर्य पराक्रम को सैल्यूट करते है ऐसे माहौल में भारतीय सैनिकों ने पाकिस्तान में उनके घर में घुस कर मारा और पाकिस्तान के हौसले परास्त कर दिए। भारत शौर्य तिरंगा यात्रा में नगर विधायक रितेश गुप्ता महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला, पूर्व सांसद वीर सिंह, देहात विधानसभा में मुख्य अतिथि पूर्व विधानसभा प्रत्याशी डॉ के के मिश्रा, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य राजू कालरा, हरे कृष्णा समिति महंत धीरसंतदास कार्यक्रम संयोजक विशाल त्यागी सह संयोजक धर्मेश सैनी व अभिषेक चौबे, महानगर मीडिया प्रभारी राजीव गुप्ता आदि सैकड़ों की संख्या में समाज सेवी महानगर वासी भाजपा महानगर मोर्चा प्रकोष्ठों के पदाधिकारीगण पार्षदगण शामिल रहे।

## पेयजल और सीवरेज योजनाओं के लिए नगर पंचायतो को अब अधिक धन मिलने सम्भावना

**कांठ।** प्रदेश सरकार अमृत-2.0 योजना के तहत पेयजल, सीवरेज, पार्क सहित अन्य योजनाओं में तेजी लाने के लिए अपने खजाने से और अधिक राशि प्रदान करेगी। नगरीय निकायों की माली हालत को देखते हुए सरकार ने उसका अंश भार और घटा दिया है। निकायों का घटा हुआ अंश भार प्रदेश सरकार वहन करेगी। निकायों से पूंजी न मिल पाने के कारण कई जगह योजनाएं अटकी हुई हैं, जिन्हें अब गति मिल सकेगी। सोमवार को नगर विकास विभाग ने इसका शासनादेश जारी कर दिया। प्रमुख सचिव अमृत अभिजात की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि 10 लाख से अधिक आबादी वाले नगरीय निकायों को 15 प्रतिशत के बजाय अब आठ प्रतिशत अंश देना होगा। प्रदेश सरकार 67 प्रतिशत व केंद्र सरकार 25 प्रतिशत राशि देगी।एक लाख से 10 लाख तक की आबादी वाले नगरीय निकायों को 10 प्रतिशत के बजाय अब मात्र चार प्रतिशत अंश देना होगा। प्रदेश सरकार 62.67 प्रतिशत व केंद्र सरकार 33.33 प्रतिशत हिस्सा देगी। एक लाख से कम आबादी वाले नगरीय निकायों को अब 10 प्रतिशत के बजाय मात्र दो प्रतिशत अंश देना होगा। इसमें 48 प्रतिशत प्रदेश सरकार व 50 प्रतिशत हिस्सा केंद्र सरकार देगी।

## अधिशासी अधिकारी से मिला सफाई मजदूर कांग्रेस ट्रेड यूनियन का प्रतिनिधि मंडल

**चन्दौसी।** अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस ट्रेड यूनियन के जिलाध्यक्ष नंदू वाल्मिकी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मण्डल ने नगरपालिका परिषद चंदौसी के अधिशासी अधिकारी को बुके देकर अभिवादन और भव्य स्वागत किया। साथ ही सफाई कर्मचारियों की लंबित मांगों का निस्तारण करने की चर्चा की। अधिशासी अधिकारी ने सफाई कर्मचारियों की सभी लंबित मांगों का शीघ्र ही निस्तारण करने का आश्वासन दिया। नगर पालिका अध्यक्षा लता वार्ष्णेय और उनके पति समाजसेवी अखिलेश खिलाड़ी द्वारा आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के वेतन में 422.85 रु बढ़ाए जाने, सफाई कर्मचारियों का एरियर व चयन वेतनमान, अन्य देयों का भुगतान माह जून के वेतनमान में बढ़कर आने का आदेश जारी किए जाने पर अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस ट्रेड यूनियन के पदाधिकारियों व वाल्मिकी समाज के लोगों ने भूरि भूरि प्रशंसा की। इस दौरान प्रकाश वाल्मिकी, प्रवीण कुमार बंटी, विजेन्द्र कुमार, सनी कमल, शिवनंदन वाल्मिकी, शैलू वाल्मीकि, बाबू भाई, अमित वाल्मिकी, सुजीत कुमार, अमित वाल्मिकी, सचिन वाल्मिकी, बंटी वाल्मिकी, विक्की, विक्रम सिंह, उतिल, आशीष कुमार छोटू लाल, मटरू सिंह, ऋतिक वाल्मीकि आदि उपस्थित रहे।

## साक्षी सेवा समिति ने लगाया समरकैंप

**चन्दौसी।** साक्षी सेवा समिति चंदौसी के तत्वाधान में मंगलवार को डी.वी. पब्लिक स्कूल में ग्रीष्म कालीन प्रशिक्षण शिविर (समर कैंप) का आयोजन किया गया। समर कैंप का शुभारंभ समिति की प्रदेश अध्यक्ष रंजना शर्मा, वरिष्ठ प्रदेश कार्यकारणी सदस्य उर्मिला शर्मा, आशा सारस्वत द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। रंजना शर्मा द्वारा बताया गया कि साक्षी सेवा समिति एक सामाजिक संस्था है जो समाज के अभावग्रस्त लोगों के उत्थान लिए सेवा कार्य करती हैं। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए हर वर्ष के भांति इस इस वर्ष भी डी.वी. पब्लिक स्कूल स्थित सैनी पैलेस आवास विकास चंदौसी में बच्चों के लिए समरकैंप का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार को समर कैंप में बच्चों को अध्यक्ष रेनू शर्मा द्वारा ब्यूटीशियन का कोर्स सिखाया गया, साक्षी स्टार सदस्य सलोनी रस्तौगी ने डांस, सुनीता शर्मा ने ढोलक, निधि गुप्ता ने ड्राइंग, श्रेया ने मेंहदी का प्रशिक्षण दिया। साक्षी स्टार सदस्य, बबिता बिंदल, शालिनी गोयल, दमयंती सिंह, रजनी रस्तौगी, मीरा दुबे, आरोही शर्मा, जयश्री, छवि रस्तौगी आदि ने कैंप में सहभागिता की। स्कूल डायरेक्टर एड. कमल पाल, शिक्षिका पूजा, रेनू, दीक्षा, रूबी, निशा तथा सुषमा सैनी, विमलेश शर्मा आदि ने कैंप में सहयोग दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रेनू शर्मा ने की व संचालन बबिता बिंदल ने किया।

## कृषक इण्टर कॉलेज में राजमाता अहिल्याबाई होल्कर जी की 300वीं जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित

**ठाकुरद्वारा।** शासन के निर्देशानुसार राजमाता अहिल्याबाई होल्कर जी की 300 वीं जयंती के स्मृति अभियान के उपलक्ष्य मे कृषक इण्टर कालेज शरीफनगर में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गयी कार्यक्रम संयोजक कपिल कुमार



चौहान के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया कालेज के प्रधानाचार्य डॉ० बलराम सिहं जी ने विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों को माता अहिल्याबाई होल्कर के जीवन के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही उनके विचारों को साझा किया और उन पर अमल करने की अपील की कालेज के प्रधानाचार्य डॉ० बलराम सिहं के निर्देशन में विद्यालय में रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गयी इस दौरान अहिल्याबाई होल्कर कार्यक्रम के संयोजक कपिल कुमार चौहान, कुलदीप कुमार रघुवंशी, त्रिलोक चन्द, जिला पंचायत सदस्य पति राहुल चौहान, मण्डल महामंत्री शरद विश्नोई , रोहिताश देशबन्धु, शक्ति केन्द्र संयोजक ब्रजराज सिहं जी, कालेज स्टाफ के सदस्य एवं छात्र - छात्रायें उपस्थित रहे।

# अहमदाबाद में होगा IPL का फाइनल

● क्वालिफायर-2 भी यहीं होगा, प्लेऑफ के दो मैच मोहाली में होंगे, आरसीबी-एसआरएच मैच लखनऊ में शिफ्ट



**मुंबई, वार्ता।** आईपीएल 2025 का फाइनल मैच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। इसी मैदान पर क्वालिफायर-2 भी खेला जाएगा।

यह फैसला मंगलवार को बीसीसीआई की एक बैठक में लिया गया। बोर्ड ने बताया कि क्वालिफायर-1 और एलिमिनेटर मैच मोहाली के पास मुल्लानपुर स्टेडियम में खेला जाएगा। इतना ही नहीं, रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच 23 मई को बेंगलुरु में होने वाले मैच को बारिश के कारण लखनऊ शिफ्ट कर दिया है। भारत-पाकिस्तान तनाव के कारण 9 मई को आईपीएल को रोका गया था। फिर 17 मई से लीग के शेष मैचों की शुरुआत हुई। अब तक मौजूदा सीजन के 61 मैच खेले जा चुके हैं। अभी 13 मैच बचे हुए हैं। हैदराबाद की टीम लखनऊ में ही रुकेगी हैदराबाद की टीम मंगलवार को बेंगलुरु के लिए रवाना होने वाली थी, लेकिन टीम ने उड़ान कैंसिल कर दी है। अब टीम बेंगलुरु के खिलाफ मैच तक लखनऊ में ही रुकेगी। बताया जा रहा है कि मौसम विभाग ने बेंगलुरु में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। प्लेऑफ की 3 टीमें तय, चौथे के लिए दिल्ली-मुंबई में रेस मौजूदा सीजन में तीन टीमें प्लेऑफ में पहुंच चुकी हैं। इनमें गुजरात टाइटंस, रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु और पंजाब किंग्स शामिल हैं। 18 मई रविवार को दिल्ली में गुजरात ने दिल्ली को दिल्ली कैपिटल्स को 10 विकेट से हराया था। गुजरात की इस जीत से गुजरात, बेंगलुरु और पंजाब ने प्लेऑफ में प्रवेश कर लिया था। दुनिया का सबसे बड़ा स्टेडियम है नरेंद्र मोदी स्टेडियम नरेंद्र मोदी स्टेडियम दुनिया का सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियम है। इसकी दर्शक क्षमता 1 लाख 32 हजार है। इससे पहले दुनिया के सबसे बड़े क्रिकेट स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न का नाम शुमार था। एमसीजी की क्षमता एक लाख दर्शक है। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल 2025) में लीग स्टेज के 61 मैच खत्म हो चुके हैं। सनराइजर्स हैदराबाद की जीत ने लखनऊ सुपरजायंट्स को प्लेऑफ की रेस से बाहर कर दिया। भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़े टकराव के कारण बीसीसीआई ने आईपीएल को एक सप्ताह के लिए टाल दिया है। बीसीसीआई ने इसकी जानकारी शुक्रवार को दी। बोर्ड ने कहा कि उसने खिलाड़ियों की चिंता, प्रशंसकों की भावनाओं को ध्यान में रखकर ये फैसला लिया है।

# दिलचस्प होगा 63वां मुकाबला

**मुंबई, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के 63वें मुकाबले में बुधवार को मुम्बई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स टूर्नामेंट के अंतिम प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए भिड़ेंगी।

दिल्ली कैपिटल्स वर्तमान में 12 मैचों में 13 अंकों के साथ अंक तालिका में पांचवें स्थान पर और उसका नेट रन रेट (-0-260) है जिसने उसकी प्लेऑफ में पहुंचने की संभावनाओं को जटिल बना दिया है। दिल्ली कैपिटल्स को प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए हर हाल में मैच जीतना होगा। इस बीच 12 मैचों में 14 अंकों के साथ चौथे स्थान पर काबिज पूर्व चैंपियन मुंबई घरेलू मैदान पर दिल्ली की चुनौती ध्वस्त कर प्लेऑफ में पहुंचना चाहेंगी। हार्दिक पांड्या की अगुवाई वाली मुंबई ने अपनी लय हासिल कर ली है। उसने टूर्नामेंट में अब तक सात मुकाबले जीते है और उनकी टीम सभी विभागों में संतुलित दिख रही है। मुंबई के लिए सूर्यकुमार यादव ने 12 मैचों में 180 से अधिक की आश्चर्यजनक स्ट्राइक रेट से 510 रन बनाकर बेहतरीन प्रदर्शन किया है। रोहित शर्मा, रेयान रिकेल्टन और विल जैक्स ने भी अच्छा प्रदर्शन किया है। तिलक वर्मा और नमन धीर ने मध्य क्रम में महत्वपूर्ण रन बनाए हैं। अगर गेंदबाजी की बात की जाये तो जसप्रीत बुमराह और ट्रेंट बोल्ट ने पावरप्ले और डेथ ओवरों में महत्वपूर्ण विकेट लिए हैं। जबकि पांड्या ने नौ से थोड़ा अधिक इकॉनमी रेट से 13 विकेट लिए हैं। दीपक चाहर और कर्ण शर्मा प्रभावशाली विकल्प रहे है। दिल्ली के लिए पिछले मैच में केएल राहुल की नाबाद 112 रनों की पारी खेली लेकिन उनकी शतकीय पारी टीम को जीत नहीं दिला पायी। उन्होंने 11 पारियों में 60 से अधिक की औसत से 493 रन बनाये है। वहीं दूसरे सलामी बल्लेबाज अभिषेक पोरेल ने टूर्नामेंट में अब तक (295 रन) बनाये है। दिल्ली के मध्यक्रम अक्षर पटेल, ट्रिस्टन स्टब्स और आशुतोष शर्मा शामिल हैं। इनके प्रदर्शन में निरंतरता की कमी रही है और इससे टीम को करीबी मुकाबलों में नुकसान उठाना पड़ा है। मिशेल स्टार्क के टूर्नामेंट से बाहर होने के बाद, दिल्ली की नजरें मुस्तफिजुर रहमान और दुष्मंथा चमीरा पर टिकी है। कुलदीप यादव ने सात से कम की इकॉनमी से 12 विकेट लेकर प्रभावशाली प्रदर्शन किया है, जबकि अक्षर का ऑलराउंड प्रदर्शन महत्वपूर्ण बना हुआ है। ऐसा माना जा रहा है कि वानखेड़े की पिच से पहली पारी में सीम मूवमेंट मिलने की उम्मीद है, लेकिन मैच आगे बढ़ने के साथ ही यह बल्लेबाजी के लिए अनुकूल हो जाएगी।

अंतिम प्लेऑफ के लिए मुंबई और दिल्ली में होगी आर-पार की भिड़ंत

## संक्षिप्त खेल समाचार

### वर्षा प्रभावित मैचों के लिए दो घंटे का अतिरिक्त समय

**मुम्बई, वार्ता।** देशभर में मानसून की शुरुआत को देखते हुए आईपीएल के लीग चरण के बारिश से प्रभावित होने वाले मैचों के लिए दो घंटे का अतिरिक्त समय दिया जायेगा। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की शासकीय परिषद ने बारिश के कारण बाधा होने की स्थिति में पूरे 40 ओवर का मैच कराये जाने के लिए 120 मिनट का अतिरिक्त समय दिये जाने निर्णय लिया है। इससे पहले केवल प्लेऑफ मैचों में दो घंटे का अतिरिक्त समय दिया जाता है। लेकिन देश भर में मॉनसून की शुरुआत को देखते हुए आईपीएल ने यह निर्णय लिया है। इस निर्णय के तहत अब दो घंटे के अतिरिक्त समय के साथ पूरा 20 ओवर का मैच के लिए दोपहर होने वाले मैच को शाम 5-30 बजे तथा शाम को होने वाले मैच को 9-30 बजे रात तक शुरू किया जा सकता है।

### किदांबी श्रीकांत ने किया मलेशिया मास्टर्स के मुख्य ड्रॉ के लिए क्वालीफाई

**मलेशिया, वार्ता।** भारतीय बैडमिंटन स्टार किदांबी श्रीकांत ने मंगलवार को मलेशिया मास्टर्स 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट में पुरुष एकल वर्ग में मुख्य ड्रॉ के लिए क्वालीफाई किया। यहां स्टेडियम एक्सियाटा एरिना केएल स्पोर्ट्स सिटी में खेले गये मुकाबले में किदांबी श्रीकांत ने चीनी ताइपे के शटलर कुओ कुआन-लिन और हुआंग यू काई को हराकर मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई। काबिज किदांबी श्रीकांत ने 29 मिनट तक चले मुकाबले में चीनी ताइपे के कुओ कुआन-लिन को 21-8, 21-13 से हराकर आसान जीत दर्ज की। श्रीकांत का दूसरा क्वालीफाइंग मैच दुनिया के 86वें नंबर के खिलाड़ी हुआंग यू काई के खिलाफ थोड़ा अधिक चुनौतीपूर्ण था। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी ने पहला गेम गंवा दिया, लेकिन अगले दो गेम में वापसी करते हुए मैच 9-21, 21-12, 21-16 से जीत लिया और मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई। पुरुष एकल क्वालीफायर में भारत के अन्य दो खिलाड़ी बाहर हो गए।

### पेंचक सिलाट में दमन और दीव ने जीते दो स्वर्ण पदक

**दीव, वार्ता।** मेजबान दादरा और नगर हवेली तथा दमण और दीव ने खेलो इंडिया बीच गेम्स के पहले संस्करण के दूसरे दिन मंगलवार को पेंचक सिलाट प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण अपने नाम किए। पेंचक सिलाट इंडोनेशिया की एक पारंपरिक मार्शल आर्ट शैली है।दमन और दीव के प्रसन्ना नरेंद्र बेंद्रे ने सीनियर पुरुष 'तुंगल' (कलात्मक) वर्ग में स्वर्ण पदक जीता, जबकि महिला वर्ग में मेजबान टीम की कीर्तन मनोज. कुमार आचार्य ने भी स्वर्ण पदक अपने नाम किया। घोघला बीच पर सुबह के सत्र में पेंचक सिलाट की एक और कलात्मक स्पर्धा में पंजाब के आर्यन ने सीनियर पुरुष 'क्रिएटिव सोलो' वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने ओडिशा के सोहिल गुरुंग को हराया। बीच सॉकर प्रतियोगिता की शुरुआत सोमवार को हुई थी।

# सरकार खिलाड़ियों को सुविधाएं मुहैया कराने के लिए प्रतिबद्ध: रेखा गुप्ता

■ हम युवाओं को खेलों की सभी सुविधाएं देगें : सीएम रेखा गुप्ता


**नई दिल्ली, वार्ता।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पिछली सरकार पर खिलाड़ियों की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए मंगलवार को कहा कि उनकी सरकार खिलाड़ियों को सभी सुविधाएं मुहैया कराने के लिए प्रतिबद्ध है। श्रीमती गुप्ता ने आज यहां तालकटोरा स्टेडियम में दिल्ली खेल-2025 के उद्घाटन के बाद कहा कि दिल्ली के खिलाड़ियों को सभी सुविधाएं मिलनी चाहिए जो उनके लिए अनिवार्य हैं। उन्होंने कहा कि हमने पिछली सरकारों के समय में देखा है कि दिल्ली के खिलाड़ियों को सुविधाएं नहीं मिलने के कारण उन्हें अन्य राज्यों में जाकर अपना नाम पंजीकृत करवाना पड़ता था। हम युवाओं को खेलों की सभी सुविधाएं देंगे ताकि दिल्ली के खिलाड़ी दिल्ली के साथ रहें और दिल्ली का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के साथ-साथ उनको आर्थिक सहयोग भी प्रदान करेगी। दिल्ली सरकार ने अपने खेल बजट को दोगुना किया है और खिलाड़ियों के पुरस्कार राशि को भी चार गुना किया है ताकि दिल्ली का खिलाघी किसी भी क्षेत्र में पिछड़ा न रहे। उन्होंने कहा कि मैं विकसित भारत की तर्ज पर विक.

# हैदराबाद की जीत ने लखनऊ के सपने तोड़े

● प्लेऑफ की रेस में अब सिर्फ दिल्ली-मुंबई बचे यशस्वी जायसवाल बन सकते हैं टॉप स्कोरर

**नई दिल्ली, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल 2025) में लीग स्टेज के 61 मैच खत्म हो चुके हैं। सनराइजर्स हैदराबाद की जीत ने लखनऊ सुपरजायंट्स को प्लेऑफ की रेस से बाहर कर दिया। जीटी, आरसीबी और पीबीकेएस ने अंतिम-4 में जगह बना ली है, चौथे स्थान के लिए दिल्ली और मुंबई में भिड़ंत है। लखनऊ के इकाना स्टेडियम में सुपरजायंट्स ने 205 रन बनाए। हैदराबाद ने 18.2 ओवर में 4 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। लखनऊ सुपरजायंट्स को 12 मैचों में 7वीं हार मिली, टीम के 5 जीत से 10 ही पाइंट्स हैं। एलएसजीअब आखिरी 2 मैच जीतकर भी 14 पाइंट्स तक ही पहुंच पाएगी, जो प्लेऑफ में पहुंचने के लिए काफी नहीं है। टीम के 2 मैच गुजरात और बेंगलुरु से बचे हैं, इन्हें जीतकर एलएसजीटॉप-2 टीमों की जंग को रोमांचक बना सकती है। सनराइजर्स हैदराबाद प्लेऑफ स्टेज से पहले ही बाहर हो चुकी है। टीम को 12 मैचों में चौथी ही जीत मिली, एक बेनतीजा मैच मिलाकर एसआरएच के 9 पाइंट्स हो गए। उनके 2 मैच बेंगलुरु और कोलकाता से बचे हैं। ज्ञज्ञत तो बाहर ही है, लेकिन बेंगलुरु को हराकर एसआरएच उन्हें टॉप-2 की रेस से बाहर कर सकती है। आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स और राजस्थान रायल्स के बीच दिल्ली में मैच खेला जाएगा। दोनों ही प्लेऑफ स्टेज से बाहर हैं। राजस्थान 9वें और चेन्नई 10वें नंबर पर है। दोनों के 6-6 पाइंट्स हैं, ऐसे में आज का मैच हारने वाली 10वें नंबर पर रहेगी। वहीं जीतने वाली टीम के पास 9वें नंबर पर रहकर लीग स्टेज खत्म करने का मौका रहेगा। आज राजस्थान के सभी मैच खत्म हो जाएंगे, वहीं चेन्नई का 1 मैच गुजरात से बाकी रहेगा। गुजरात के साई सुदर्शन आरेंज कैप लीडरबोर्ड में टॉप पर पहुंच गए, उनके नाम 617 रन हैं। शुभमन उनके बाद दूसरे नंबर पर मौजूद हैं। राजस्थान के यशस्वी जायसवाल 523 रन बनाकर तीसरे नंबर पर हैं। वे आज 95 रन बनाकर नंबर-1 पर पहुंच सकते हैं। गुजरात के प्रसिद्ध कृष्णा टूर्नामेंट में 21 विकेट लेकर टॉप गेंदबाज बने हुए हैं। उनके बाद सीएसके के नूर अहमद ने 20 और आरसीबी के जोश हेजलवुड ने 18 विकेट लिए हैं। नूर आज 2 विकेट लेकर पर्पल कैप हासिल कर सकते हैं। लखनऊ के निकोलस पूरन ने 1 छक्का लगाया। इसी के साथ उन्होंने टॉप सिक्स हिटर के रिकार्ड में अपनी पोजिशन मजबूत कर ली। उनके नाम 12 मैच में 35 छक्के हो

# अभिषेक को मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना



● आईपीएल की आचार संहिता का उल्लंघन के लिए निलंबित

**लखनऊ, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की आचार संहिता का उल्लंघन के लिए सनराइजर्स हैदराबाद के बल्लेबाज अभिषेक शर्मा पर मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। वहीं लखनऊ सुपर जायंट्स के स्पिन गेंदबाज दिग्वेश राठी को इस सत्र में तीसरी बार उल्लंघन का दोषी पाए जाने पर एक मैच के निलंबन के साथ मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना भी लगाया गया है। यह घटना सोमवार को लखनऊ सुपर जायंट्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच खेले गए मैच के दौरान आठवें ओवर में उस समय जब राठी ने अभिषेक शर्मा को आउट किया।

राठी ने अभिषेक को आउट करने के बाद उन्हें 'नोटबुक' में एंट्री का इशारा किया और फिर दोनों खिलाड़ियों के बीच बहस हुई। इस दौरान अंपायर माइकल गॉफ को बीच-बचाव करना पड़ा। राठी को इस सत्र में तीसरी बार आईपीएल के आचार संहिता का उल्लंघन का दोषी पाया गया। इस सत्र में राठी के खिलाफ कुल पांच डिमेरिट अंक जोड़े गए हैं, इस कारण उन्हें एक मैच के लिए निलंबित किया गया है। वह अब वह गुरुवार को गुजरात टाइटंस के साथ होने वाले मैच में नहीं खेल पाएंगे। अभिषेक की इस सत्र में पहली गलती को देखते हुए उन पर मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। हालांकि मैच के बाद दोनों खिलाड़ी शांत नजर आए और हाथ मिलाते हुए एक-दूसरे के साथ मजाक करते दिखे। उल्लेखनीय है कि सनराइजर्स हैदराबाद ने यह मुकाबला छह विकेट से जीत लिया था।

# यूएई ने बांग्लादेश को हराया



● मोहम्मद वसीम ने 42 गेंदों पर 82 रन बनाए, सीरीज 1-1 से बराबरी पर

**शारजाह, वार्ता।** यूएई ने बांग्लादेश के खिलाफ शारजाह में खेले गए टी-20 सीरीज के दूसरे मुकाबले में 2 विकेट से जीत हासिल की। इसके साथ ही तीन टी-20 मैचों की सीरीज में 1-1 की बराबरी भी कर ली है।

पहला टी-20 मैच बांग्लादेश ने 27 रन से जीता था। यूएई की यह बांग्लादेश के खिलाफ टी-20 में पहली जीत है। इस जीत के लिए यूएई ने 206 रन का बड़ा टारगेट चेज किया। टी-20 में यह यूएई का सबसे बड़ा रनचेज है। यूएई ने टास जीतकर चुनी थी गेंदबाजी यूएई के कप्तान मुहम्मद वसीम ने बांग्लादेश के खिलाफ टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था। बांग्लादेश ने पहले बैटिंग करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट पर 205 रन बना डाले।

बांग्लादेश की शुरुआत काफी बेहतरीन रही। पहले विकेट के लिए ओपनर तजिंद हसन और लिटन दास के बीच 55 गेंदों पर 90 रन की साझेदारी हुई। साबिर खान ने तंजिद हसन को आउट का पार्टनरशिप तोड़ी। बांग्लादेश के लिए सबसे ज्यादा तंजिद हसन ने 33 गेंदों पर 59 रन बनाए। कैप्टन लिटन दास ने 32 गेदों पर 40 रन बनाए, जबकि तौहीद हृदोय ने 24 गेंदों पर 45 रन बनाए। वहीं यूएई के लिए सबसे ज्यादा 3 विकेट मुहम्मद जवाद उल्लाह ने लिए। मोहम्मद वसीम ने यूएई के लिए बनाए 82 रन 205 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी यूएई को कप्तान मोहम्मद वसीम और मोहम्मद जोहब ने अच्छी शुरुआत दी। दोनों के बीच 63 गेंदों पर पहले विकेट के लिए 107 रन की साझेदारी हुई। मोहम्मद जोहब ने 34 गेंदों पर 38 रन बना कर आउट हो गए। मोहम्मद वसीम ने 42 गेंदों पर 82 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी में 9 चौके और 5 छक्के जड़े। एक गेंद रहते जीती यूएई यूएई को आखिरी ओवर में जीत के लिए 12 रन की जरूरत थी। यूएई ने 19.5 ओवर में ही इस लक्ष्य को हासिल कर लिया। उन्होंने एक गेंद पहले ही मैच को जीत लिया। बांग्लादेश के लिए शोरिफुल इस्लाम, नाहिद राणा और रिशाद हुसैन ने 2-2 विकेट लिए। तीन मैचों की सीरीज का आखिरी और निर्णायक मैच 21 मई को शारजाह में ही खेला जाएगा।

# खेल की परिस्थितियां और प्रारूप बीच कबड्डी को इंडोर कबड्डी से ज्यादा कठिन बनाते हैं: सुनीता

**दीव, वार्ता।** दिल्ली की लड़कियों की कबड्डी टीम की कोच सुनीता ने कहा कि खेल की परिस्थितयां और प्रारुप समुद्र तटों पर खेली जाने वाली बीच कबड्डी को इंडोर कबड्डी से ज्यादा कठिन बनाती हैं। बीच कबड्डी इनडोर कबड्डी की तुलना में कहीं अधिक चुनौतीपूर्ण है क्योंकि इसमें खिलाड़ियों को प्राकृतिक परिस्थितियों से जूझना पड़ता है। इस खेल के दौरान रेत में पैर धंसने से दौड़ना और दिशा बदलना मुश्किल हो जाता है। इसके साथ ही तेज धूप और समुद्री हवा खिलाड़ियों की सहनशक्ति की कड़ी परीक्षा लेती है। कभी समुद्र की ठंडी हवा चलती है तो कभी वह पूरी तरह से थम जाती है। ये सभी चीजे प्रदर्शन को प्रभावित करती हैं। दिल्ली की टीम की कोच ने कहा कि गैर-तटीय राज्यों के खिलाड़ियों के लिए यह परिस्थितियां और भी कठिन होती हैं क्योंकि वे इनसे अनजान होते हैं। वह कहती हैं कि यहाँ कृत्रिम रेत का टर्फ तो अच्छा है, लेकिन पूरा वातावरण बेहद अलग और चुनौतीपूर्ण है। उन्होंने कहा कि यह एक पूरी तरह से अलग माहौल है। सुंदर समुद्र के किनारे खेलना एक अनोखा अनुभव है। कबड्डी तो वैसे ही भारत में काफी लोकप्रिय है। उम्मीद है कि खेलो इंडिया बीच गेम्स के माध्यम से बीच कबड्डी भी अपनी पहचान बनाएगी। मैट कबड्डी के अलावा समुद्र तटों पर भी एक कबड्डी खेली जाती है, जिसे बीच कबड्डी कहा जाता है। जहां तक नियमों का सवाल है तो बीच कबड्डी और पारंपरिक कबड्डी के मूल तत्व समान हैं, लेकिन कुछ बदलाव किए गए हैं ताकि यह समुद्र तट की परिस्थितियों के अनुकूल रहे।

# बेयरस्टो, ग्लीसन और असलंका को मुंबई इंडियंस ने किया अनुबंधित

■ एमआई ने बेयरस्टो के साथ 5.25 करोड़ रुपये का करार किया



**मुंबई, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की फ्रैंचाईची मुंबई इंडियंस ने इंग्लैंड के जॉनी बेयरस्टो, रिचर्ड ग्लीसन और श्रीलंका के चरित असलंका को विल जैक्स, रयान रिकलटन और कॉर्बिन बॉश के स्थान पर अस्थायी तौर पर टीम में जगह दी है।

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि मुम्बई इंडियंस ने बेयरस्टो को 5-25 करोड़ रुपये, तेज गेंदबाज ग्लीसन को एक करोड़ और असलंका को 75 लाख रुपये में अनुबंधित किया है। ये खिलाड़ी मुंबई इंडियंस प्लेऑफ में जगह बनाने पर टीम के साथ उपलब्ध रहेंगे। मुम्बई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच बुधवार प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए भिड़ंत होगी।

जैक्स 26 मई को मुम्बई इंडियंस का अंतिम लीग मैच खेलने के बाद वेस्टइंडीज के खिलाफ इंग्लैंड की एकदिवसीय श्रृंखला के कारण टूर्नामेंट बीच में ही छोड़ देंगे। वहीं, रिकलटन और बॉश वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल की तैयारी के लिए दक्षिण अफ्रीका की राष्ट्रीय टीम से जुड़ेंगे। बेयरस्टो ने आईपीएल के पांच सत्र में 50 मैच खेले हैं। वह वर्ष 2019-20 में सनराइजर्स हैदराबाद और 2022 और 2024 में पंजाब किंग्स के लिए खेल चुके है। लीग बेयरस्टो ने में 34.54 की औसत और 144.45 की स्ट्राइक रेट के साथ रन बनाए हैं। इसमें दो शतक भी शामिल हैं।

# केआईबीजी के जरिए कर रहे हैं स्पोर्ट्स क्रांति की शुरुआत: खेल मंत्री मनसुख मांडविया



● हम सिर्फ औपचारिकता के तौर पर आयोजन नहीं करते, हम एक मिशन पर है: मांडविया

**दीव, वार्ता।** केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा कि हम खेलो इंडिया बीच गेम्स (केआईबीजी) के जरिए स्पोर्ट्स क्रांति की शुरुआत कर रहे हैं। डॉ. मांडविया ने सोमवार को दीव के घोघला बीच पर एक रंगारंग समारोह में केआईबीजी खेलों की शुरुआत करते हुए कहा कि आज हम केवल एक खेल आयोजन का उद्घाटन नहीं कर रहे हैं, बल्कि हम भारत की पहली बीच स्पोर्ट्स क्रांति की शुरुआत कर रहे हैं।

मेरा मानना है कि जहाँ लहरें हैं, वहाँ जोश होना चाहिए। जहाँ रेत है, वहाँ जोश की आग होनी चाहिए और खेलो इंडिया बीच गेम्स ने आज हम सभी के दिलों में वह आग जला दी है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के तहत, हम सिर्फ औपचारिकता के तौर पर आयोजन नहीं करते हम एक मिशन पर हैं। और यह मिशन खेलों को रोजगार से जोड़ता है। विकसित भारत के लिए, खेलो इंडिया युवाओं के लिए अपने सपनों को हासिल करने का एक पक्का रास्ता है। उन्होंने कहा कि नए खेल, घरेलू खेल बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और दुनिया को यह मजबूत संदेश देने का एक तरीका है कि भारत किसी भी पैमाने के अंतर्राष्ट्रीय खेल आयोजनों की मेजबानी करने में सक्षम है। खेल मंत्री ने कहा कि बीच वॉलीबॉल जैसे खेल न केवल युवाओं को शौक के तौर पर आकर्षित करते हैं, बल्कि उन्हें करियर के अवसर भी प्रदान करते हैं। यह पहली बार है कि भारत के समुद्र तटों पर इतने बड़े पैमाने पर प्रतिस्पर्धी खेल आयोजित किए जा रहे हैं। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक संदेश के जरिये खेलों की 'परिवर्तनकारी शक्ति' पर प्रकाश डाला और कहा कि खेलो इंडिया बीच गेम्स देश के खेल इतिहास में एक महत्वपूर्ण क्षण है। उन्होंने केंद्र शासित प्रदेश दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव में खेल आयोजकों और भारतीय खेल प्राधिकरण को इसके आयोजन को लेकर बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बीच गेम्स भारत के खेल कैलेंडर में हलचल मचाने का वादा करते हैं। श्री मांडविया ने कहा कि खेलो इंडिया बीच गेम्स के आयोजन स्थल के रूप में दीव का चयन 'उचित' था।

उन्होंने कहा कि सूर्य, रेत और पानी का यह संगम शारीरिक चुनौती को बढ़ाता है और साथ ही हमारी तटीय विरासत का जश्न मनाता है। जब लहरें तटों से टकराती हैं और खिलाड़ी प्रतिस्पर्धा करते हैं। भारत खेलों में एक नया अध्याय लिखेगा। उन्होंने कहा कि हमारे जैसे विविधतापूर्ण देश में खेलों में हमेशा एक अनूठी शक्ति रही है जो संस्कृतियों, क्षेत्रों और भाषाओं को जोड़ती है। खेलों की जीवंत ऊर्जा मनोरंजन से कहीं आगे निकल जाती है और यह एक परिवर्तनकारी शक्ति बन गई है, जो राष्ट्रीय गौरव और हमारे युवाओं की आकांक्षाओं का प्रतीक है।

## प्राइवेट बस और पिकअप की टक्कर में बैटरी व्यापारी की मौत, परिवार में मचा हड़कम



**भोजपुर।** बीति रात्रि 1:00 बजे दिल्ली से सवारियां लेकर आ रही प्राइवेट बस के ड्राइवर ने लापरवाही से गाडी चलाते हुए पिकअप को रौंद डाला पिकअप में बैठे बैटरी व्यापारी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई मौत का समाचार सुनकर परिवार में कोहराम मच गया। आनन फानन में पुलिस ने शब को सील करके और पोस्टमार्टम करने के लिए जिला मुख्यालय भेजा अचानक हुई मौत से परिवार के लोग गहरे सदमे में है। नगर पंचायत के मोहल्ला मनिहारान निवासी एवं वार्ड नंबर 10 से पार्षद कय्यूम का छोटा भाई इंतजार हुसैन 19 मई की सुबह 11:00 बजे पुरानी बैटरी खरीदने के लिए बदायूं गया था रात करीब 1 बजे वापस लौटते समय कुंदरकी थाने के पास दिल्ली से सवारियां लेकर बिसौली जा रही एक प्राइवेट बस ने पिकअप में जोरदार टक्कर मार दी जिसमें इंतजार 26 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गयी।

## पुलिस ने वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**भोजपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देश पर उप निरीक्षक पंकज राठी ने वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए गए अभियान के अंतर्गत प्रधान न्यायालय से भरण पोषण में फरार चल रहे गांव ठीकरी निवासी मौहम्मद मेराज पुत्र गुलाब शाह को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। आरोपी के खिलाफ धारा 125 द0प्र0सं0 भरण पोषण रिकवरी वारण्ट माननीय न्यायालय प्रधान न्यायाधीश मुरादाबाद ने जारी कर गिरफ्तार कर अदालत में पेश करने के निर्देश पुलिस को दिए थे।

# पुराने कपड़ों के गोदाम में लगी आग

### एक दर्जन दमकल गाड़ियों ने 15 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद पाया काबू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोजपुर।** गांव रानी नांगल में पुराने कपड़ों के गोदामों में आग पहली बार नहीं बल्कि छठवीं बार लगी है। इस बार की आग अब तक की सबसे भयंकर थी। आग पर काबू पाने के लिए रामपुर,अमरोहा, मुरादाबाद,कांठ, टांडा , बिलारी की दमकल विभाग की 12 गाड़ियों और राणा शुगर मिल बेलबाड़ा और नगर पंचायत भोजपुर धर्मपुर के पानी के टैंकरों को 15 घंटे तक कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। तब जाकर मंगलवार दोपहर 11बजे आग पर काबू पाया जा सका।आग लगने की शुरुआत मौहम्मद फैजान के गोदाम से शुरू हुई और देखते ही देखते मौहम्मद इमरान, बब्लू अंसारी, शाकिर हुसैन,मौ,रफी,मौ आसिम, मौहम्मद शफीक,शफीक अहमद,शफीक, शकील अहमद, रईस अहमद, हाजी फईम, जाहिद हुसैन, नाजिम अंसारी, शेरखान, मौ हनीफ, मौहम्मद आलम, मौ रफी आदि के गोदामों तक पहुंच गई। गोदामों में दस रुपए से लेकर सौ रुपए प्रति किलो तक की कीमत के करोड़ों रुपए कीमत का हजारों टन कपड़े जलकर राख हो गए।ध्पांच करोड़ से अधिक का नुकसान होने का अनुमान है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तीन-चार किमी की दूरी से आसमान में दिखाई दे रहीं आग की लपटें और धुएं का गुब्बार आग की विक. रालता बयां कर रहा था। प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक सर्वप्रथम मौके पर पहुंचे। बिजली के तारों में आग लग जाने से विद्युत आपूर्ति पूर्ण रूप से ठप हो गई। जेनरेटर चलाकर ग्रामीणों के घरों में लगे सबमर्सिबल से आबादी में पानी का छिड़काव कर आग को आबादी से दूर रखा गया। साथ ही राणा शुगर मिल बेलबाड़ा और नगर पंचायत भोजपुर से पानी के टैंकरों को आग बुझाने में लगाया। रामपुर ,टांडा, ठाकुरद्वारा, कांठ, मुरादाबाद, बिलारी अमरोहा से दमकल विभाग की 12 गाड़ियों ने पांच सौ मीटर की दूरी पर स्थित राणा शुगर मिल बेलबाड़ा से पानी भरकर लाकर 15 घंटे तक लगातार आग पर काबू पा लिया गया।



## एक नजर

### एसडीएम ने गोशालाओं का निरीक्षण कर दिए जरूरी दिशा निर्देश

**कांठ।** एसडीएम संत दास पवार ने आज गौशालाओं का निरीक्षण कर जरूरी दिशा निर्देश दिए उन्होंने गोवंश के लिए पीने के पानी, नहाने के पानी, हरा चारा धूप से बचाव आदि व्यवस्थाओं को देखा उन्होंने गौशालाओं में काम करने वाले कर्मचारियों को पशुओं की भली प्रकार देखभाल करने और समय से पानी चारा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने गौशाला के



लिए दान करने वाले चारे की सूची को भी देखा भूसा दान करने और कराने वालों को उन्होंने शाबाशी दी। कहा कि गोवंश की देखभाल में किसी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

### वाटर कूलर के फिल्टर की सुरक्षा करने को लगा जाल अब आ रहा पक्षियों के काम

**कांठ।** भीषण गर्मी के दौरान लोगों की प्यास बुझाने के लिए बिश्नोई मंदिर के सौजन्य से लगवाए गए वाटर कूलर के फिल्टर की सुरक्षा को लगा जाल अब पक्षियों के काम आ रहा है जबकि वाटर कूलर अब मौके से नदारद है बतादे की बिश्नोई मंदिर की ओर से कई साल पहले गर्मी में लोगों की प्यास बुझाने के लिए एक वाटर कूलर स्थापित कराया गया था जिसके फिल्टर को बंदरों से बचाने के लिए एक लोहे का जाल भी दीवार पर लगाया गया वाटर कूलर और फिल्टर तो वहां से हटा दिए गए लेकिन जाल अभी भी दीवार पर टंगा है और पक्षियों ने उसे अपना बसेरा बना लिया है तहसील में आने वाले लोगों ने गायब हुए वाटर कूलर को स्थापित करा कर पेयजल व्यवस्था सुचारू कराए जाने की मांग उठाई है।



### अहिल्या बाई होलकर की जयंती की पूर्व संध्या पर भाषण, वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन

**कुंदरकी।** जे एल एम इण्टर कॉलेज कुंदरकी में राजमाता अहिल्या बाई होलकर के 300 वीं जयंती की पूर्व संध्या पर भाषण बाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे मुख्य अतिथि मडंल महामंत्री ठाकुर अरविन्द कुमार पुंडीर ने राजमाता अहिल्याबाई होल्कर के जीवन पर प्रकाश डाला तथा उनके द्वारा किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कु इरम नाज, द्वितीय स्थान कु फिरदौस मालिक, तृतीय स्थान कु सदफ नाज ने प्राप्त किया कार्यक्रम मे प्रधानाचार्य रफत खान,मङंल उपाध्यक्ष पीयूष गौतम,डाक्टर असम मालिक,तस्लीम हुसैन आदि उपस्थित रहे।



### रानी नागल के पीड़ित परिवार से मिला सपा का प्रतिनिधि मंडल

**मुरादाबाद।** देहात मुरादाबाद विधानसभा के ग्राम रानीनागल मे पुराने कपड़ों के गोदामो में भीषण आग लगने से हुई। हानि का निरीक्षण करने महानगर समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधिमंडल महानगर अध्यक्ष इकबाल हुसैन अंसारी के नेतृत्व में रानीनागल पहुंचा भीषण आग से प्रभावित व्यापारियों एवं परिवारों से मुलाकात की। इस मौके पर समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष इकबाल हुसैन अंसारी ने कहा यह घटना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण चिंता जनक है जिसमें करोड़ों की संपत्ति माली नुकसान हुआ है जिससे कई परिवारों का आजीविका पर संकट आ गया है प्रशासन को चाहिए प्रभावित व्यापारियों एवं परिवारों की तत्काल राहत मुआवजा प्रदान करें साथ ही इस तरह की घटनाओं की पुन. रावृत्ति ना हो इसके लिए गोदाम की सुरक्षा व्यवस्था और गांव के नजदीक फायर स्टेशन की व्यवस्था की जानी चाहिए। इस मौके पर रानीनागल के ग्राम प्रधान नवाब हुसैन अंसारी,महानगर महासचिव गजेंद्र यादव, पूर्व जिलाअध्यक्ष लोहिया वाहिनी लालू परवेज,शहर विधानसभा अध्यक्ष कमरूज्जमा सैफी, नाजिर अंसारी आदि लोग मौजूद रहे।



### महारानी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर चित्रकला का आयोजन

**मुरादाबाद।** हैविट मुस्लिम इंटर कॉलेज मुरादाबाद मे महारानी अहिल्यावाई होल्कर की 300 वीं जयंती मानते हुए चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया भाषण प्रतियोगिता मे निखिल राणा प्रथम, मौहम्मद अयान द्वितीय तथा मौहम्मद जैन तृतीय स्थान पर रहे. इसी प्रकार ड्राइंग कम्पटीशन मे मोहम्मद हम्माद प्रथम, मौहम्मद जैन द्वितीय तथा निखिल राणा तृतीय स्थान पर रहे। सभी विजेताओं को प्रमाण पत्र वितरित किये गये. इस अवसर कॉलेज स्टॉफ,प्रधानाचार्य तथा एन एस एस अधिकारी मुशाहिद हुसैन उपस्थित रहे, कार्यक्रम अधिकारी ने विस्तार पूर्वक रानी अहिल्या वाई जी के जीवन पर प्रकाश डाला और छात्रों को उनके जीवन काल से शिक्षा प्राप्त करने की सलाह दी।



### घर में घुसकर युवक ने युवती के साथ किया दुष्कर्म का प्रयास

**बिलारी।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में आधी रात के बाद युवक तमंचा लेकर घर में घुस आया। इस दौरान बरामदे में सो रही युवती को बुरी नीयत से दबोचकर दुष्कर्म करने का प्रयास किया। शोर शराबे पर आरोपी भाग गया। एक गांव के ग्रामीण ने मुकदमा दर्ज करने को तहरीर दी कि 13 मई की रात वह उसके परिवार के सदस्य घर में सोए हुए थे, जबकि 20 साल की बेटी घर के अंदर बरामदे में सो रही थी। 13 मई को आधी रात के बाद 1:30 बजे गांव का ही मनोज पुत्र श्रीपाल तमंचा लेकर घर में घुस आया। इस बीच बरामदे में सो रही उसकी बेटी को बुरी नीयत से दबोच लिया और तमंचा दिखाकर चुप रहने को कहा। दुष्कर्म करने की नीयत से कमरे के अंदर खींचने का प्रयास किया। शोर शराबे पर परिवार के लोग जाग गए तो आरोपी मौके से फरार हो गया। तहरीर पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी।

## अतिक्रमण के खिलाफ जल्द चलेगा अभियान ईओ बना कर देंगी कार्य योजना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** नगर में फैल चुके अतिक्रमण के खिलाफ एक बार फिर अभियान शुरू होने वाला है एसडीएम ने आज कार्यालय में अतिक्रमण और अन्य मुद्दों को लेकर बैठक बुलाई जिसमें थाने से इंस्पेक्टर क्राइम नायब तहसीलदार योगेश शर्मा तहसीलदार अंजली सिंह ईओ प्रियंका चौधरी और एसडीओ सचिन रस्तोगी को बुलाकर उनसे जानकारी ली गई एसडीएम ने कहा कि अतिक्रमण हटाए जाने के बाद भी अतिक्रमण कम होने का नाम नहीं ले रहा है उन्होंने कहा कि कार्य को योजना बनाकर करने की आवश्यकता है उन्होंने ईओ से कहा कि वह जल्द ही अतिक्रमण के खिलाफ चलने वाले अभियान की कार्य योजना तैयार कर उनके समक्ष प्रस्तुत करें। उन्होंने बिजली विभाग द्वारा 29 तारीख से होने जा रही हड़ताल के बारे में भी एसडीओ से जानकारी ली हालांकि बिजली विभाग के अधिकारी अभी हड़ताल होगी या नहीं होगी इसके बारे में कोई ठोस जानकारी नहीं दे सके लेकिन प्रशासन ने इस और भी मौके की नजाकत को देखते हुए अपना ध्यान आकर्षित कर एसडीओ से जानकारी प्राप्त की है।



एसडीएम द्वारा बुलाई गई बैठक में उन्होंने अतिक्रमण को लेकर कार्य योजना बनाकर देने की जिम्मेदारी ईओ प्रियंका चौधरी को सौंपी है

## दो दिवसीय कार्यक्रम के समापन पर बच्चों को किया गया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** बिहारी आदर्श कन्या इंटर कॉलेज में राजमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती समारोह के दो दिवसीय कार्यक्रम के समापन पर बीजेपी के पूर्व मंडल अध्यक्ष राजपाल प्रजा. पति संयोजक के रूप में तथा देव. राज सिंह,अनुज विश्नोई, अंकुश चौहान मंडल अध्यक्ष एवं प्रबंधक सुशील कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित हुए । अतिथियों ने माता अहिल्याबाई होल्कर के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके माल्यार्पण किया। भाषण और वाद विवाद प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिसमें छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया तथा पुण्य श्लोका अहिल्याबाई होलकर के विषय में विस्तार से बताया। भाषण प्रतियोगिता में घोसिया खातून ने प्रथम स्थान, जानवी सिंह एवं मानसी गौतम ने संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान तथा आयशा नूर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । जिन्हें सम्मानित किया गया। संचालन नीरज यादव एवं चंद्रप्रभा देवी ने किया। प्रधानाचार्या डॉ अंजना शर्मा ने उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर दिग्विजय सिंह, राजबाला देवी, अंजू शर्मा, सीमा पारछा, दीपिका चौहान, आँचल चौहान, पूजा चौहान, रिंकल चौहान, पिंकी वर्मा विकास कुमार आदि मौजूद रहे।



## एक माह के अंदर कई अपराधियों को हुई सजा

### लगातार हो रहे कठोर कारावास से भयभीत अपराधी

- अपर जनपद न्यायाधीश ने पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत बीस वर्ष का कठोर कारावास

**चन्दौसी।** सरकार महिला के प्रति अपराधों को लेकर संवेदनशील है। महिलाओं एवं नाबालिग बालिक. ाओं के विरुद्ध अपराध किये जाने पर कठोरतम सजा का प्रावधान है जिससे अपराधी अपराध करने से बचें। पॉक्सो एक्ट के मामलों में अपराध क्षम्य नहीं है। न्यायालय ने ऐसे अपराधियों के प्रति कठोर से कठोर सजा का प्रावधान कर रखा है। जनपद न्यायालय संभल स्थित चन्दौसी में अपर जनपद न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट अवधेश सिंह द्वारा निर्णय देने के मामलों में रिकॉर्ड तोड़ना शुरु कर दिया है। एक माह के कार्यकाल में पांच मामलों में सजाएं देकर अपराधियों में भय का माहौल पैदा किया है। मंगलवार को 10 वर्षीय बच्चे के साथ कुकर्म करने वाले अपराधी को 33,500 रु0 का जुर्माना भी ठोंका है। विद्वान न्यायाधीश अवधेश सिंह द्वारा अपराध सं0 731/2020 अंतर्गत धारा 452, 323, 377, 506 व 5/6 पॉक्सो एक्ट थाना गुन्नौर के अंतर्गत चल रहे मुकदमे में बचाव पक्ष में किसी भी साक्ष्य को परीक्षत नहीं कराया गया। घटना 26 अगस्त 2020 को सायं 06:30 बजे की है, जफरुद्दीन पुत्र नसरुदद्दीन जो पड़ोसी है, बहला-फुसलाकर 10 वर्षीय नाबा. लिग को ले गया और उसके साथ जघन्य अपराध कर डाला। वहीं अभियुक्त सजा के योग्य है। हालांकि अभियुक्त पक्ष के अधिवक्ता द्वारा तर्क किया गया कि यह पहला अपराध है, कम से कम सजा दी जाये। अभियुक्त को धारा 452, 323 व लैंगिक अपराधों में दोषी पाया गया जिसमें अभियुक्त को 20 वर्ष का कठोर करावास तथा 33,500 रु. का जुर्माना ठोंका गया। विद्वान न्यायाधीश अवधेश कुमार सिंह ने आदेश दिया कि सभी सजाएं साथ चलेंगी।

## लोकमाता अहिल्या बाई होल्कर की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज सिविल लाइंस में लो. कमाता अहिल्याबाई होल्कर जी की जयंती के उपलक्ष में कार्यक्रम आयोजित किया गया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर विधायक रितेश गुप्ता रहे विशिष्ट अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र कुमार पाण्डे, सोमपाल सिंह एवं दिनेश सिसोदिया जी रहे।अतिथियों ने अहिल्याबाई होल्कर जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।नगर विधायक रितेश गुप्ता एवं जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र कुमार पांडे को बुके देकर सम्मानित किया गया।इस मौके पर नगर विधायक रितेश गुप्ता ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर जी ने अपने जीवन में बहुत से सामाजिक कार्य किए उन्होंने मंदिरों का जीर्णोद्धार कराया कुओं -तालाबों निर्माण कराया पशु पक्षी जानवरों के लिए आश्रय स्थल बनवाए महिला सशक्तिकरण के लिए कार्य किया है भारत ऐसे ही अनेकों महापुरुषों की धरती है लेकिन आज देश का दुर्भाग्य है कि बहुत से लोग महापुरुषों के ऊपर सवाल उठाते हैं और उन्हें जाति धर्मों में बाटते हैं आज सेना के जवानों को भी जाति धर्म में बांटने का कार्य किया जा रहा है उन्होंने इस मौके पर सेना की ऑपरेशन सिंदूर में शौर्य गाथा का भी वर्णन किया।जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र कुमार पांडे ने कहां की ऐसे महापुरुषों का जीवन हमें प्रेरणा देता यदि हम उनके बताए हुए रास्ते पर चलते हैं तो यही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी।अरुण कुमार शुक्ला ने अहिल्याबाई होल्कर जी की जयंती के संबंध में विद्यालय में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के बारे में जानकारी दी।इसके बाद विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को रितेश गुप्ता एवं देवेंद्र कुमार पांडे व अन्य अतिथियों द्वारा शील्ड देकर सम्मानित किया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान जीशान द्वितीय स्थान शानिब तृतीय स्थान अबुजर ने प्राप्त किया।वाद - विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान उस्मान हुसैन द्वितीय स्थान नैतिक मिश्रा और तृतीय स्थान कार्तिक ने प्राप्त किया।रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सिद्धार्थ कुमार ने द्वितीय स्थान गुरमीत व उसकी टीम ने तृतीय स्थान अनुज व ईश्वर ने प्राप्त किया।इस मौके पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में सहयोग करने वाले शिक्षक व शिक्षिकाओं,संगीता कुमारी,डॉ सोमलता चौहान,धर्मेंद्र वंश, अनूप कुमार अग्रवाल को भी शील्ड देकर सम्मानित किया गया।इस मौके पर डॉ पुनीत कुमार गुप्ता,प्रखर सिंह,विमल कुमार, मोनिका शर्मा,अतुल दुबे, दीपेंद्र कुमार, सुरेश कुमार,ओंकार सिंह, आदित्य कुमार, सुखलाल, राहुल, सुभाष वह सलामत हुसैन का विशेष योगदान रहा।इस मौके पर समस्त स्टाफ व बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



## कम्पोजिट विद्यालय जनैटा में रामायण चित्रकला कार्यशाला का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** अंतरराष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान अयोध्या उत्तर प्रदेश द्वारा संस्कार भारती मंच के माध्यम से रामायण में अभिरुचि हेतु 10 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन विकास खंड बनियाखेड़ा के कंपोजिट विद्यालय जनेटा किया गया जिसके अन्तर्गत रामायण गायन वादन, मुखौटा, हैण्डप्रॉब्स, कला, क्राफ्ट, पपेट्स, रामायण चित्रकला कार्यशाला में अपनी स्वेच्छा से चयन किया जाना था जिसके अंतर्गत कार्यक्रम समन्वयक राखी अग्रवाल द्वारा रामायण चित्रकला कार्यशाला मुखौटे एवं पपेट्स निर्माण बिन्दु का चयन कया गया। प्रथम दिवस कार्यशाला का शुभारंभ विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापक तथा ग्राम प्रधान की उपस्थिति में किया गया। तत्पश्चात पूर्ण मनोयोग से 10 दिवसीय आयोजन में बच्चों को तरह-तरह की कला (जैसे-ब्रश कलर, स्केच कलर्स, मंडाला आर्ट, राम-राम आर्ट, पेंसिल शेडिंग, पेन आर्ट आदि) के माध्यम से रामायण के पात्र, पात्रों के विभिन्न तरीकों से पपेट्स बनाना एवं कला क्राफ्ट, मुखौटे आदि का निर्माण करना सिखाया। बच्चों ने कागज पर श्रीराम, सीता, हनुमान एवं रामायण के सभी पात्रों के सुंदर-सुंदर चित्र उकेरे और रोल प्ले के माध्यम से भी अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया। बच्चों ने कला-क्राफ्ट के माध्यम से बस बनाई जिसका नाम कंपोजिट विद्यालय जनैटा संभल एक्सप्रेस रखा। बच्चों ने हनुमान रुप धारण कर जय श्रीराम के नारे लगाते हुए चलो अयोध्या चलें का आहवान किया। कार्यशाला का उद्देश्य बच्चों को पौराणिक इतिहास की और ले जाना तथा चारित्रिक निर्माण करना भी था। यह कार्यक्रम एडुलीडर्स यूपी जो कि शिक्षकों का स्वत: स्फूर्त समूह है, के माध्यम से 75 जनपदों में जनपद समन्वयकों के माध्यम से इस भव्य कार्यशाला का आयोजन कराने का अवसर प्रदान किया गया। इस कार्यशाला हेतु अंतरराष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान अयोध्या (संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश) संस्कार भारती द्वारा 75 जनपद के समस्त बीएसए को चयनित विद्यालयों में कार्यक्रम का आयोजन कराने हेतु पत्र भी जारी किया गया। इस कार्यशाला ने विद्यालय का माहौल 10 दिन तक राममयी बना दिया। बच्चों ने बहुत आनंद लिया तथा बच्चों में बहुत से कौशलों का भी विकास हुआ है। इस कार्यशाला ने हमें इवेंट मैनेजमेंट भी करना सिखाया। बच्चों को अंतरराष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान, अयोध्या (संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश) द्वारा प्रमाण पत्र भी उपलब्ध कराये गये। इस कार्यशाला हेतु कार्यक्रम समन्वयक की भूमिका में विद्यालय की सहायक अध्यापक राखी अग्रवाल, मिथलेश जाटव प्रशिक्षक की भूमिका में तथा सहायक अध्यापक मोहम्मद असलम सह-प्रशिक्षक की भूमिका में रहे। कार्यशाला के संच. ालन से समापन तक विद्यालय के अन्य स्टॉफ, ग्राम प्रधान, ग्रामवा. सियों तथा विद्यालय प्रबंध समिति का भी सहयोग रहा।



## महारानी अहिल्याबाई होलकर की स्मृति में कॉलेजों में आयोजित हुए विभिन्न कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** महारानी अहिल्याबाई होल्कर के त्रिशताब्दी स्मृति वर्ष अभियान के दूसरे दिन मंगलवार को बीएमजी इंटर कॉलेज में मुख्य अतिथि सभासद अमन कोरी एवं मुख्य वक्ता अभियान संयोजक डॉ टी.एस. पाल ने कार्यक्रम का शुभारंभ अहिल्याबाई के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित करके किया। मुख्य वक्ता डॉ टी.एस. पाल ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर के मुख्य योगदानों में से एक 12 ज्योतिर्लिंगों में सोमनाथ मंदिर है जिसका जीरणद्धार महारानी अहिल्याबाई होलकर ने करवाया। साथ ही बनारस का काशी विश्वनाथ मंदिर भी उन्ही की देन है। इस प्रकार उन्होंने देश की प्रगति में विशेष योगदान दिया। सभासद अमन कोरी ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जगाया। उन्होंने मछली, पशु-पक्षी, नदी, तालाब, कुएं-बावड़ी, पेड़-पौधे यहां तक कि मिट्टी के संरक्षण की तक बात की। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य सीमा सागर ने की एवं संच. ालन करिश्मा अग्रवाल ने किया। वहीं नगर के एस.एम. कॉलेज में मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष मनोज कठैरिया एवं मुख्य वक्ता अनुसूचित वर्ग मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष चंद्रसेन दिवाकर छोटू ने शुभारम्भ कराया। मुख्य अतिथि मनोज कठैरिया ने बताया कि भाजपा अहिल्याबाई होल्कर के 300वीं जयंती दस दिवसीय अभियान के रूप में मना रही है ताकि जन-जन तक उनके आदर्श पहुंचा सके। चंद्रसेन दिवाकर छोटू ने कहा कि अहिल्याबाई के शासन में मालवा में अपेक्षाकृत शांति, समृद्धि और स्थिरता थी और उनकी राजधानी महेश्वर को साहित्यिक, संगीत, कलात्मक और औद्योगिक गतिविधियों का केंद्र बना दिया गया था। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य राजेश गुप्ता ने की तथा संचालन ए.के. सिंह ने किया। चन्दौसी के श्रीसनातन धर्म बालिका इंटर कॉलेज में मुख्य अतिथि सभासद तरुण कुमार नीरज, प्रधानाचार्य सुषमा कुमारी, नानकचंद्र आदर्श इंटर कॉलेज में मुख्य अतिथि पूर्व जिला महामंत्री इंद्रपाल सिंह चौहान, प्रधानाचार्य सुषमा उपाध्याय ने कार्यक्रम सम्पन्न कराए जिसमें भाषण, वाद-विवाद प्रतियोगिता, अहिल्याबाई जीवन पर पर रंगोली, बालिकाओं की मैराथन दौड़ कराकर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को प्रतीक चिन्ह प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया।

# सम्पादकीय

बुधवार, 21 मई 2025

## कौन मीरजाफर, जयचंद

इस समय देश में बेहद विरोधाभासी बातें हो रही हैं। एक तरफ सरकार ऑपरेशन सिंदूर को लेकर वैश्विक कूटनीतिक समर्थन जुटाने के लिए सात संसदीय दल गठित कर विदेशों में भेज रही है, जो 21 महीने से पांच जून तक 33 देशों की यात्रा करेंगे। इन दलों में 51 राजनेता एवं आठ राजनयिक शामिल किए गए हैं और उसकी शुरुआत शिवसेना के श्रीकांत एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में आज यानि 21 मई से होने जा रही है, तो वहीं दूसरी तरफ भारत में ऑपरेशन सिंदूर को लेकर हमारे तमाम राजनी. तिक दल आपस में भिड़ते दिखाई दे रहे हैं। बात मीजर जाफर व जयचंद तक भी पहुंच गई है। इसकी शुरुआत मंगलवार को भाजपा नेता अमित माल्वीय ने की। उन्होंने दो पोस्टर जारी किए। एक में राहुल गांधी का चेहरा पाकिस्तान आर्मी चीफ आसिफ मुनीर के साथ मिक्स किया, तो इसके जवाब में कांग्रेस के प्रवक्ता पवन खेड़ा ने मंगलवार की सांय तीन बजे पोस्टर जारी किया। इसमें विदेश मंत्री एस. जयशंकर को जयचंद करार दिया गया। इससे तुच्छ राजनीति और क्या हो सकती है। ऐसे समय में जब पूरे देश को एकजुट होने की जरूरत थी, वह पूरी तरह बिखरा हुआ दिखाई दे रहा है। आखिर जो हमारा डेलिगेशन भारत का रुख रखने के लिए विदेशों में जा रहा है। उसकी इस तरह साख क्या रह जाएगी। जब देश में इस तरह आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है और विदेश मंत्री को जयचंद बताया जा रहा है और नेता प्रतिपक्ष को मीर जाफर, तो बाहर के लोग ये माजरा देखकर हमसे कितने प्रभावित होंगे यह कोई भी आसानी से समझ सकता है। सभी जानते हैं कि मीर जाफर मुगल जनरल था और उसको भारतीय इतिहास में विश्वासघात का प्रतीक माना जाता है। असल में 1757 की प्लासी की लड़ाई में उसने बंगाल के नवाब सिराजुद्दौला के खिलाफ अंग्रेजों का साथ दिया था और उसने ईस्ट इंडिया कंपनी के साथ समझौता किया था। जिसके चलते सिराजुद्दौला की हार के बाद अंग्रेजों ने मीर जाफर को बंगाल का नवाब बना दिया था, तो सिराजुद्दौला से गद्दारी करना मीर जाफर को इतना भारी पड़ा कि वह इतिहास में दर्ज हो गया और उसका नाम दशकों बाद भी गद्दारों के पर्यायवाची के रूप में इस्तेमाल किया जाता है। सवाल यह है कि जब सरकार ही अपने देश में ऑपरेशन सिंदूर को लेकर राजनीतिक दलों व जनता को पूरी तरह आश्वस्त नहीं कर पा रही है, तो कहीं न कहीं यह तो माना ही जाएगा कि सरकार की नीति में झोल है। यह ठीक है कि हर बात को बताना जरूरी नहीं होता, लेकिन यह भी सरकार की जिम्मेदारी होती है कि वह ऐसा वातावरण बनाए जहां उठते सवालों के जवाब लोगों की जिज्ञासा को शांत कर सकें। सरकार को यह भी समझना होगा कि सरकार की आलोचना करना देश की आलोचना नहीं होता। हर कोई जानता है कि विकट परिस्थितियों में आपसी भरोसे व एकजुटता के साथ ही सफलता पाई जा सकती है। ऐसे में जरूरत थी कि पूरा राष्ट्र एक धागे में माला की तरह गुथा हुआ दिखाई देता।

## निजी मदरसों के प्रति रवैया बदले सरकार



उप्र के सरकारी स्कूलों में छात्रों की घटती संख्या चिंता का विषय है, निजी मदरसों के प्रति सरकार को अपने रवैये में परिवर्तन करना वाहिए, यूपी के प्राइमरी व अपर प्राइमरी स्कूलों में सन 2023-24 में 1.74 करोड़ दाखिले हुए, किन्तु 2024-25 में मात्र 1.52 करोड़, अर्थात स्कूल दाखिला में लगभग 22 लाख की गिरावट आई, सरकारी स्कूल व्यवस्था की ऐसी बदहाल स्थिति गंभीर व चिन्तनीय है, शिक्षा के महत्व व जरूरत पर सरकार का उचित ध्यान जरूरी है, फिर भी सस्ती व सुलभ व्यवस्था के तहत मदरसों आदि की प्राइवेट व्यवस्था के विरुद्ध सरकार का रवैया सहयोग का होने के बजाय उन्हें अवैध बताकर बंद करने का होना बुनियादी शिक्षा की जरूरत को और कमजोर करने वाला गैर-जरूरी व अनुचित है, निजी मदरसों के प्रति सरकार रवैया बदले तो बेहतर रहेगा।

**-सुश्री मायावती, अध्यक्ष, बहुजन समाज पार्टी**

## समूची मानवता का शत्रु है आतंकवाद

**धारा 370 हटाए जाने के बाद घाटी में सुधार आने की उम्मीद है, सैकड़ों आतंकी मुठभेड़ में मारे गए हैं।**

**राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस 21 मई पर विशेष**



जम्मू-कश्मीर दशकों से आतंक के खौफनाक साए में जी रहा है। बीते कुछ दशकों में आतंकियों ने देश के अन्य हिस्सों में भी कभी किसी भरे बाजार में तो कभी किसी बस या ट्रेन में आतंकियों ने निर्दोषों के लहू से होली खेली है। यह एक ऐसी विकराल समस्या है, जिसने न केवल हजारों लोगों की जान ली है बल्कि अनगिनत परिवारों को तबाह किया है। बच्चे अनाथ हुए, माताएं-बेटियां विधवा हुई और बुजुर्गों की जीवन-संध्या से सहारा छीन गया। आतंकवादी ऐसे नृशंस कृत्यों के जरिए लोगों के मन में भय भरते हैं, उनका उद्देश्य हिंसा, अस्थिरता और अव्यवस्था फैलाकर समाज को तोड़ना होता है। इन विभीषिकाओं के खिलाफ देश ने जो संघर्ष किया है, उसी के सम्मान में हर साल 21 मई को राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस मनाया जाता है। यह दिन आतंकवाद के विरुद्ध संघर्ष में शहीद हुए जवानों और नागरिकों को श्रद्धांजलि देने का अवसर है। इस दिन देशभर में लोगों को यह शपथ दिलाई जाती है कि वे हर प्रकार की हिंसा और आतंकवाद का विरोध करेंगे, शांति, अहिंसा और सहिष्णुता के सिद्धांतों में विश्वास रखेंगे और देश की एकता, अखंडता व सामाजिक सद्भाव की रक्षा करेंगे।

यह दिन इसलिए भी स्मरणीय है क्योंकि 21 मई 1991 को भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की तमिलनाडु के पेरंबदूर में एक महिला आत्मघाती हमलावर द्वारा हत्या कर दी गई थी। यह हमला लिट्टे जैसे आतंकी संगठन की सोची-समझी साजिश का परिणाम था, जिसने केवल एक नेता की जान ही नहीं ली बल्कि भारतीय लोकतंत्र की जड़ों को हिलाकर रख दिया था। उसी दिन की स्मृति में राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस की शुरुआत हुई ताकि देशवासियों को यह अहसास कराया जा सके कि आतंकवाद किसी व्यक्ति, धर्म या समुदाय का दुश्मन नहीं बल्कि समूची मानवता का शत्रु है। हाल के वर्षों में भारत ने आतंकवाद के विरुद्ध जो नीति अपनाई है, वह पहले से कहीं अधिक कठोर, रणनी. तिक और सशक्त हो चुकी है। विशेषकर जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाबलों ने जिस बहादुरी से अभियान चलाए हैं, उन्होंने आतंकी नेटवर्क को बड़ा झटका दिया है। धारा 370 हटाए जाने के बाद घाटी में हालात में धीरे-धीरे सुधार आने लगा है। सैकड़ों आतंकी मुठभेड़ों में मारे गए हैं और सुरक्षाबलों ने सीमाओं पर घुसपैठ की अनेक कोशिशें विफल की हैं।

हालांकि पूरी तरह से आतंक का खात्मा अब भी शेष है। इसकी ताजा मिसाल 22 अप्रैल को अनंतनाग जिले के पहलगाम क्षेत्र में हुए आतंकी हमले में देखी जा सकती है। बैसरन घाटी में हुए इस हमले ने एक बार फिर स्पष्ट कर दिया कि आतंकवाद की जड़ें अभी भी पाकिस्तान में मौजूद हैं और वहां से संचालित आतंकी संगठन भारत की शांति व्यवस्था को चुनौती देने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। इस हमले में 26 निर्दोष पर्यटकों की जान चली गई थी। यह हमला ऐसे समय में हुआ, जब घाटी में आतंकी घटनाओं में गिरावट दर्ज की जा रही थी, जो भारत की कूटनीतिक और सुरक्षा नीति की सफलता का संकेत थी। इस नृशंस कृत्य के बाद भारत सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर नामक सैन्य अभियान चलाकर पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में स्थित आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की। रिपोर्टों के अनुसार, इसमें लगभग 100 से अधिक आतंकियों को मार गिराया गया और उनके अनेक अड्डों को नष्ट किया गया।

यह इस बात का स्पष्ट संकेत है कि अब भारत केवल रक्षात्मक रवैया नहीं अपनाएगा बल्कि आतंक के स्रोत पर आक्रमण करेगा। पहलगाम हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान पर चौतरफा दबाव बनाना शुरू किया और साथ ही सिंधु जल संधि को रद्द करने का भी बेहद निर्णायक फैसला लिया गया। यह समझौता 1960 में भारत और पाकिस्तान के बीच हुआ था, जिसके अंतर्गत भारत ने पाकिस्तान को सिंधु, झेलम और चेनाब नदियों का जल उपयोग करने का अधिकार दिया था। अब यह विचार प्रबल हो गया है कि जब पाकिस्तान बार-बार आतंकियों को शरण देता है और भारत की नागरिक आबादी को निशाना बनाता है तो ऐसे में इस ऐतिहासिक संधि को बनाए रखने का कोई औचित्य नहीं रह जाता। भारत के सैन्य अभियानों ने न केवल प्रत्यक्ष रूप से आतंकियों को नुकसान पहुंचाया है बल्कि अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भी पाकिस्तान को अलग-थलग करने में सफलता प्राप्त की है। फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) ने उसे ग्रे लिस्ट में डालकर उसकी अर्थव्यवस्था पर जबरदस्त दबाव बनाया है। संयुक्त राष्ट्र और अन्य वैश्विक संस्थानों के सामने भारत ने बार-बार पाकिस्तान के दोहरे रवैये को उजागर किया है, जहां एक ओर वह शांति की बातें करता है, वहीं दूसरी ओर अपनी धरती पर आतंकियों को संरक्षण देता है। घाटी में हो रहे सकारात्मक बदलावों की जड़ में सुरक्षा बलों की बहादुरी के साथ-साथ स्थानीय जनता की बदली मानसिकता भी है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, अब घाटी में स्थानीय युवाओं की आतंकी संगठनों में भर्ती में काफी गिरावट आई है। पहले जहां एक साल में दर्जनों युवाओं के लापता होने की खबरें आती थी, अब वह संख्या इक्का-दुक्का रह गई है। भारत की वर्तमान नीति आतंक के प्रति शून्य सहनशीलता की है और इस नीति के हर पहलू में क्रियान्वयन दिख भी रहा है। अब आतंकी हमलों का जवाब केवल बयानबाजी तक सीमित नहीं रहता बल्कि पाकिस्तान की सीमा में घुसकर उनके ठिकानों को नेस्तनाबूद किया जाता है। यह बदलाव केवल सैन्य शक्ति के उपयोग का नहीं बल्कि जन-मन के .ढ़ संकल्प का परिचायक है। बहरहाल, बेशक आतंकवाद की कमर तोड़ी जा रही है लेकिन अब भी इसकी अंतिम परछाई को मिटाना बाकी है।

जब तक देश का कोई भी कोना आतंक से मुक्त नहीं होता, तब तक यह संघर्ष जारी रहना चाहिए। आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई केवल हथियारों से नहीं बल्कि समाज की एकजुटता, सूझबूझ और जागरूकता से ही जीती जा सकती है। हर नागरिक को यह समझना होगा कि आतंकवाद केवल सीमाओं की समस्या नहीं बल्कि मानवता का साझा दुश्मन है। आज यह आवश्यक है कि हम राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस के मौके पर न केवल शपथ लें बल्कि उसे व्यवहार में भी उतारें। तभी हम एक ऐसे भारत की कल्पना कर सकेंगे, जहां शांति, सद्भाव, एकता और विकास के मूल्यों की बुनियाद पर भविष्य की इमारत खड़ी होगी।

**-योगेश कुमार गोयल**

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## आतंकवाद के विरुद्ध बदले भारत के तेवर

**आतंकवाद छद्म युद्ध है जो किसी देश को अस्थिर करने, अर्थव्यवस्था को चौपट करने तथा विकास को अवरुद्ध करने में अपनी भूमिका निभाता है। पाक प्रायोजित आतंकवाद से भारत को गहरे घाव मिले हैं जिन्हें भुलाया नहीं जा सकता। इसीलिए भारत ने आतंकवाद के विरुद्ध नीति में तेजी से बदलाव किया है।**

ढुलमुल नीति से कभी लक्ष्य न साधे जाएं, जैसे कम्पित अम्बु में प्रतिबिम्ब नहीं दिखाएं। धनुष-बाण संधान कर डोरी खींचो तान, इच्छाशक्ति दृढ़ करो सिद्धि मिले सुजान। मेरी स्वरचित ये पंक्तियां आतंकवाद पर भारत के बदलते तेजी से रुख को परिभाषित करती हैं। आतंकवाद भारत ही नहीं, विश्व मानवता के लिए एक प्राणघातक अभिशाप है जिसका दमन, मर्दन और संहार समय की नितांत आवश्यकता है। भारत ही नहीं विश्व के अनेक देश इससे उत्पीड़ित व रक्तरंजित हुए हैं और कई देशों और संस्थाओं ने आतंकवाद को पोषित और पल्लवित करने में अपना योगदान दिया है। उनमें से एक है-पाकिस्तान जो ओसामा बिन लादेन सहित अन्तर्राष्ट्रीय घोषित आतंकवादियों की शरणस्थली व पालक भूमि है। फिर भी जो देश बड़ी बेशर्मी से अपने को शान्ति प्रिय देश घोषित करता है, जबकि उसके संरक्षण में ही आतंकवाद पोषित व पल्लवित हुआ है। आतंकवाद छद्म युद्ध है जो किसी देश को अस्थिर करने, अर्थव्यवस्था को चौपट करने तथा विकास को अवरुद्ध करने में अपनी भूमिका निभाता है। पाक प्रायोजित आतंकवाद से भारत को गहरे घाव मिले हैं जिन्हें भुलाया नहीं जा सकता। इसीलिए भारत ने आतंकवाद के विरुद्ध नीति में तेजी से बदलाव किया है। भारतीय सैन्य बलों के अदम्य साहस, शौर्य व ताकत के साथ प्रधानमंत्री की आतंकवाद की जड़ों को नेस्तनाबूद करने की दृढ़ इच्छाशक्ति का परिचायक है क्योंकि पहले भारत को सॉफ्ट स्टेट माना जाता था जो आतंकी हमले के बाद निन्दा के वक्तव्य जारी करने के साथ आतंकी हमलों में पाकिस्तान के हाथ होने के साक्ष्य जुटाकर और डोजियर तैयार कर अमेरिका सहित प्रमुख देशों को उसे साझा कर कूटनीतिक अभियान चलाया जाता था और पाकिस्तान पर दबाव बनाने की कोशिश की जाती थी, क्योंकि भारत के सैन्यबलों के पास आधुनिक उन्नत हथियारों और रक्षा उपकरणों की कमी थी और सबसे बड़ी बात भारत के राजनीतिक नेतृत्व में आतंकवाद के विरुद्ध सशक्त कार्यवाही की इच्छाशक्ति का घोर अभाव था जबकि 12 मार्च 1993 के मुम्बई धमाके, 13 दिसम्बर 2001 का संसद पर हमला, 26/11/08 का मुम्बई हमले के साथ ही ट्रेन, मन्दिर, न्यायालय व सैन्य ठिकानों पर आतंकी हमले भारत की आत्मा पर हमले थे किन्तु निन्दा प्रस्ताव और डोजियर के अलावा कोई ठोस प्रत्युत्तरात्मक कार्यवाही नहीं की गई, जिसके कारण आतंकवादियों के हौसले बुलंद थे किन्तु 2014 में सत्ता परिवर्तन के साथ सरकार ने जीरो टॉलरेंस की नीति को अपनाया। परिणामस्वरूप आतंकवाद जम्मू-कश्मीर तक सीमित रह गया। 2016 में उरी आतंकी हमले के बाद भारत ने आतंकी कैम्पों पर सर्जिकल स्ट्राइक कर मुंहतोड़ जबाव दिया और पाकिस्तान को सचेष्ट करने का प्रयास किया कि उसे आतंक की कीमत चुकानी पड़ेगी किन्तु चोर चोरी से जाय हेराफेरी से न जाए, की कहावत को चरितार्थ करते हुए 2019 में पुलवामा आतंकी हमलों को अंजाम दिया, जिसका कड़ा जबाव भारत ने पाकिस्तान में एयर स्ट्राइक करके दिया। आतंकवाद पर भारत ने जीरो टॉलरेंस नीति अपनाने के साथ विश्व स्तर पर मित्र देश बढ़ाने, अर्थव्यवस्था मजबूत करने के साथ -साथ सैन्य क्षमताओं के सुदृढ़ीकरण व आधुनिककरण पर बल दिया और सैन्यबलों को परमाणु हमलों में सक्षम आईइनएस अरिहंत, अरिघात, अरिदमन पनडुब्बियों, एयर डिफेंस सिस्टम एस-400 और स्वदेशी आकाश, इजरायल की बराक मिसाइलों और हारोप ड्रोन, राफेल युद्धक विमानों से सुसज्जित किया ताकि सैन्यबल पाकिस्तानी हमलों को विफल करने के साथ लक्ष्य निर्धारित सटीक कार्यवाही करने में सक्षम हो सकें, जिसकी परिणति पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत के ऑपरेशन सिंदूर में देखने को मिली। इस ऑपरेशन में 9 जगह में से 4 पाकिस्तान और 5 पीओके की जगहों को निशाना बनाकर हमले किए गए जो लश्कर, जैश और हिजबुल मुजाहिदीन जैसे आतंकी संगठनों के प्रशिक्षण केंद्र व शरणस्थली थे। इसके साथ ही लश्कर का मुख्यालय मुरीदके और जैश के मुख्यालय बहावलपुर को भी निशाना बनाया गया। पहली बार आतंकी कैम्पों को पालने, पोसने और समर्थन देने वालों को निशाना बनाया गया। भारत ने रावलपिंडी, लाहौर और कराची समेत कई पाकिस्तानी शहरों के एयर डिफेंस रडार और सिस्टम को ध्वस्त किया। जहां से भारत पर लगातार ड्रोन और मिसाइल हमले किए जा रहे थे। इसमें इजरायली ड्रोन-हारा. ेप, युद्धक विमान राफेल, एस-400, बराक-8 और स्वदेशी आकाश रक्षा प्रणालियों का विशेष योगदान रहा। वर्तमान में भारत बुद्ध को मानने के साथ ही युद्ध से भी नहीं डरता, क्योंकि आज का भारत छेड़ने पर किसी को नहीं छोड़ता और सुदर्शन चक्रधारी कृष्ण के इस महावाक्य को चरितार्थ करने हेतु संकल्पित है कि उत्तिष्ठ कौन्तेय, युद्धाय कृतनिश्चय अर्थात मानवता की रक्षा और आताताईयों के नाश के लिए युद्ध कर। देश इस भावना को अंगीकार कर रहा है।

**-डॉ. चन्द्रप्रकाश शर्मा**

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## इस्कॉन के हुए दो फाड़: सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला





**रजनीश कपूर**
**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)**

16 मई 2025 को देश की सर्वोच्च अदालत ने एक 25 साल पुराने विवाद पर अंतिम फैसला सुनाया, जिसमें इस्कॉन बेंगलुरु को बेंगलुरु के प्रसिद्ध हरे कृष्ण मंदिर का स्वामित्व प्रदान किया गया। जबकि इस्कॉन मुंबई के इस संपत्ति पर दावे को खारिज कर दिया गया। इस ऐतिहा. सिक जीत पर इस्कॉन बेंगलुरु के अध्यक्ष और अक्षय पात्र फाउंडेशन के संस्थापक, मधु पंडित दास ने कहा कि यह विवाद संपत्तियों के स्वामित्व का नहीं था, बल्कि हमारा संघर्ष उन स्व-घोषित गुरुओं के खिलाफ था, जिन्होंने प्रभुपाद की इच्छा का उल्लंघन किया और प्रभुपाद के लिखित आदेश के विरुद्ध खुद को आध्यात्मिक गुरु घोषित कर दिया। पहले वे जोनल आचार्य बने फिर संस्था में पनपे विरोध के दबाव में उन्होंने दर्जनों गुरु बना डाले। इससे इस्कॉन का बहुत पतन हुआ। आज यह फैसला उन हजारों भक्तों की जीत है जो प्रभुपाद को ही इस्कॉन का एकमात्र आचार्य मानते हैं। हम अपनी सारी संपत्तियां इस्कॉन मुंबई के हवाले करने को पहले दिन से तत्पर रहे हैं। हमारी केवल एक ही शर्त है कि इस्कॉन में केवल प्रभुपाद ही आचार्य माने जाएं बाकी उनके आदेशानुसार ऋत्विक की भूमिका निभाएं।

1966 में न्यूयॉर्क में एक गौड़ीय वैष्णव संत श्रील प्रभुपाद द्वारा इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉन्शसनेस (इस्कॉन), की स्थापना की गई थी। जिसे आज पूरा विश्व हरे कृष्ण आंदोलन के नाम से जानता है। इस्कॉन ने विश्व भर में भगवान कृष्ण की भक्ति और वैदिक संस्कृति को फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

श्रील प्रभुपाद ने 9 जुलाई 1977 को एक लिखित निर्देश जारी किया था, जिसमें उन्होंने दीक्षा (शिष्य दीक्षा) के लिए एक ऋत्विक प्रणाली की स्थापना की थी। इसके तहत, उनके द्वारा नियुक्त 11 वरिष्ठ शिष्य ऋत्विक नए भक्तों को दीक्षा देने के लिए उनके प्रतिनिधि के रूप में कार्य करेंगे और सभी भावी भक्त केवल श्रील प्रभुपाद के ही शिष्य होंगे। श्रील प्रभुपाद ने स्पष्ट किया था कि वे इस्कॉन के एकमात्र आचार्य बने रहेंगे और उनके बाद कोई भी शिष्य स्वयं को आचार्य या गुरु घोषित नहीं करेगा।

1977 में वृन्दावन में श्रील प्रभुपाद की महासमाधि के बाद, उनके कुछ वरिष्ठ शिष्यों (मुख्य रूप से पश्चिमी) ने उनके निर्देशों की अवहेलना की और स्वयं को उत्तराधिकारी आचार्य घोषित कर लिया। उन्होंने स्वयं दीक्षा देना शुरू किया, भव्य जीवनशैली अपनाई और अपने लिए सम्मानजनक उपा. धियां और गीत रचवाए, जो श्रील प्रभुपाद की सादगीपूर्ण जीवनशैली के विपरीत था। इस स्व-घोषित गुरु प्रणाली का विरोध करने वाले भक्तों को उत्पीड़न, मंदिरों से निष्कासन, और यहां तक कि हिंसा का सामना करना पड़ा। एक चरम मामले में, वर्जीनिया में एक भक्त सुलोचना दास की 1984 में हत्या कर दी गई। अंग्रेजी में छपी एक पुस्तक, मंकी ऑन द स्टिक में इस हत्या में शामिल इस्कॉन के आज कुछ मशहूर नेतृत्व की ओर खुल कर लिखा गया है।

नवंबर 1998 में, इस्कॉन बेंगलुरु में देश-विदेश के अनेक वरिष्ठ भक्त जमा हुए और उन्होंने इस्कॉन रिफार्म मूवमेंट की स्थापना की। जिसका लक्ष्य स्व-घोषित गुरु प्रणाली का विरोध करना था। इस समूह ने श्रील प्रभुपाद को इस्कॉन का एकमात्र आचार्य मानने और ऋत्विक प्रणाली का पालन करने का संकल्प लिया। इस रुख के कारण, इस्कॉन मुंबई, जो स्व-घोषित गुरुओं द्वारा नियंत्रित थी, ने इस्कॉन बेंगलुरु के भक्तों को संगठन से निष्कासित करने और उनके मंदिर पर नियंत्रण करने का असफल प्रयास किया। बाद में इस्कॉन रिफार्म मूवमेंट की बैठकें कुआलालम्पुर और फ्लोरिडा जैसे शहरों में भी हुई। बेंगलुरु और मुंबई केंद्रों के बीच संपत्ति विवाद की शुरुआत 2000 में हुई, जब इस्कॉन मुंबई ने बेंगलुरु के हरे कृष्ण हिल मंदिर पर नियंत्रण का कानूनी दावा किया। इस्कॉन बेंगलुरु 1978 में कर्नाटक सोसाइटीज रजिस्ट्रेशन एक्ट के तहत एक स्वतंत्र संस्था के रूप में पंजीकृत थी, जबकि इस्कॉन मुंबई 1860 के सोसाइटीज रजिस्ट्रेशन एक्ट और 1950 के बॉम्बे पब्लिक ट्रस्ट एक्ट के तहत पंजीकृत थी। इस्कॉन मुंबई ने दावा किया कि बेंगलुरु केंद्र केवल उनकी शाखा है और मंदिर की संपत्ति पर उनका अधिकार है।

इस्कॉन की गुरु प्रणाली संगठन के इतिहास में एक विवादास्पद मुद्दा रही है। परंपरागत रूप से, गौड़ीय वैष्णव परंपरा में गुरु को परम आध्यात्मिक अधिकार प्राप्त होता है, जो शास्त्रों और पूर्ववर्ती आचार्यों के अनुसार शिक्षण देता है। भविष्य में अनाधिकृत और अयोग्य लोग स्वयं को गुरु बता कर इस्कॉन के भक्तों को गुमराह न कर सकें इसलिए ल प्रभुपाद ने इस्कॉन में ऋत्विक प्रणाली लागू की थी ताकि उनकी मृत्यु के बाद भी वे एकमात्र दीक्षा गुरु बने रहें। 1977 के बाद, इस्कॉन की गवर्निंग बॉडी कमीशन (जीबीसी) ने नई गुरु प्रणाली शुरू की, जिसमें वरिष्ठ भक्तों को दीक्षा गुरु नियुक्त किया गया। यह प्रणाली ईसाइयों के वेटिकन मॉडल की तरह सहमति और मतदान पर आधारित थी, जिसे उन्होंने लोकतांत्रिक कहा, जबकि भारत की सनातन परंपरा में गुरु का पद भगवान के समान माना जाता है और ऐसा पद प्राप्त करने के लिए गहरी साधना और उस संप्रदाय की परंपरा के आचार्य का आदेश सर्वोपरि होता है। अपना प्रचार करके चुनाव में ज्यादा वोट पा कर गुरु बनना सनातन धर्म के मूल सिद्धांत का भद्दा मजाक है। इस्कॉन के लाखों भक्तों को इस तथ्य का पता नहीं है इसलिए वे जीबीसी में होने वाले आंतरिक चुनाव को जीतने वाले लोगों को ही अपना गुरु माने बैठे हैं। उल्लेखनीय है कि इस्कॉन जीबीसी द्वारा बनाए गए ऐसे दर्जनों गुरुओं का पिछले वर्षों में नैतिक पतन हो चुका है और वे संन्यास लेने के बाद फिर से गृहस्थ बन गए हैं। ये भी सन्यास प्रणाली का विद्रूप स्वरूप है। सुप्रीम कोर्ट का फैसला इस्कॉन बेंगलुरु के लिए केवल एक कानूनी जीत नहीं है, बल्कि यह ल प्रभुपाद की रित्विक प्रणाली और उनकी आध्यात्मिक विरासत को बनाए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# ब्रिटेन, फ्रांस, कनाडा ने दिया इजरायल को अलटीमेटम

## कहा: गाजा में जंग नहीं रोकी, तो ठोस कार्रवाई करेंगे, 22 देशों ने मदद मुहैया कराने को कहा



**इजरायल ने 2 मार्च से गाजा में खाने-पीने की चीजों पर रोक लगा दी थी**

**पिछले ढाई महीने में गाजा में UN व बाकी एजेंसियों के खाद्य भंडार पूरी तरह से खत्म हो गए**

**तेल अवीव।** इजरायल के विरोध में अब पश्चिमी देश भी खुलकर सामने आ रहे हैं। ब्रिटेन, फ्रांस और कनाडा ने इजरायल गाजा में जंग रोकने के लिए कहा है। ऐसा न करने पर उसके खिलाफ ठोस कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। तीनों देशों ने एक संयुक्त बयान जारी किया है। इस बयान में रविवार को इजरायल की तरफ से गाजा में पहुंचाई गई मदद को नाकाफी बताया।

साथ ही हमास से उसकी कैद में मौजूद बाकी इजरायली बंधकों को जल्द रिहा करने के लिए भी कहा गया है। इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने तीनों देशों के खिलाफ पलटवार भी किया। नेतन्याहू ने कहा कि ये देश हमास को उसके हमले के लिए इनाम पेश कर रहे हैं। इसके अलावा 22 देशों ने गाजा में मदद की पूरी तरह से बहाली के लिए एक अलग बयान पर साइन किए। पांच सहायता ट्रक गाजा में पहली बार दाखिल हुए। इजरायल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने गाजा में सीमित मात्रा में खाद्य सामग्री भेजने की इजाजत दे दी है। इजरायल ने 2 मार्च से गाजा में खाने-पीने की चीजों के आने पर रोक लगा दी थी। टाइम्स ऑफ इजरायल की रिपोर्ट के मुताबिक इजरायल की वार कैबिनेट ने सैन्य अधिकारियों की सलाह पर रविवार को यह फैसला किया। हालांकि, कैबिनेट में इसे लेकर वोटिंग नहीं कराई गई क्योंकि कई मंत्री इस फैसले के खिलाफ थे। आंतरिक सुरक्षा मंत्री इतमार बेन ग्विर और दूसरे दक्षिणपंथी नेताओं ने इस फैसले की आलोचना करते हुए कहा कि यह हमास को 'आक्सीजन' देने जैसा है। पहले हमास को खत्म किया जाना जरूरी है। पिछले ढाई महीने में गाजा में यूएन और बाकी एजेंसियों के खाद्य भंडार पूरी तरह से खत्म हो गए हैं। खाने-पीने के सामानों की कमी के चलते गाजा में भुखमरी का खतरा बढ़ गया है। इस वजह से अमेरिका समेत कई देशों का इजरायल पर दबाव बढ़ रहा था, जिसके बाद पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार को गाजा पट्टी में जरूरी मदद फिर से शुरू करने का आदेश दिया। नेतन्याहू ने कहा कि गाजा में मदद पहुंचाना जरूरी है, ताकि गाजा में भूख की स्थिति न पैदा हो, क्योंकि इससे हमास के खिलाफ चल रहे सैन्य अभियान को नुकसान हो सकता है। उन्होंने कहा कि इजरायल यह सुनिश्चित करेगा कि मदद सिर्फ जरूरतमंद लोगों तक पहुंचे और हमास को न मिले।



गुवाहाटी। भारी बारिश के बाद जलभराव वाले क्षेत्र से लोगों को बचाते बचावकर्मी।

## पाक सेना प्रमुख असीम मुनीर का प्रमोशन

### पीएम शरीफ ने फील्ड मार्शल के पद पर नवाजा

**आर्मी चीफ अब पाकिस्तान सेना के दूसरे फील्ड मार्शल**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान आर्मी चीफ असीम मुनीर को प्रमोट करके फील्ड मार्शल बनाया गया है। जियो न्यूज के मुताबिक प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की कैबिनेट ने आज मंगलवार को यह फैसला लिया।

मुनीर का यह प्रमोशन भारत के खिलाफ आपरेशन बुनयान- उम-मार्सूस के दौरान आर्मी के बेहतर तरीके से लीड करने की वजह से किया गया। फील्ड मार्शल पाकिस्तान सेना में सर्वोच्च सैन्य रैंक है, जो एक फाइव स्टार रैंक के रूप में माना जाता है। यह रैंक जनरल (फोर स्टार) से ऊपर है। पाकिस्तान में फील्ड मार्शल का पद सेना, नौसेना और वायुसेना में सबसे ऊंचा होता है। पाकिस्तान के इतिहास में असीम मुनीर से पहले 1959 में अयूब खान को फील्ड मार्शल बनाया गया था। पाकिस्तान में यह रैंक केवल खास परिस्थितियों में ही दी जाती है। पाकिस्तान के पूर्व सेना प्रमुख जनरल राहील शरीफ को फील्ड मार्शल का दर्जा देने की मांग की गई थी। इसे लेकर इस्लामाबाद हाई कोर्ट में एक याचिका भी दायर की थी। इसमें कहा गया था कि जनरल शरीफ के बेहतर काम के आधार पर उन्हें यह पद दिया जाए। हालांकि अदालत ने यह कहते हुए याचिका खारिज कर दी कि उसके पास इस मामले में कोई निर्देश देने का अधिकार नहीं है।

## अफगान के बाद अब ईरान को साध रहा है भारत

**अजीत डोभाल की ईरान की सिक्योरिटी काउंसिल के सचिव से बातचीत पाकिस्तान की घेराबंदी तेज**

**नई दिल्ली।** भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने ईरान के सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद (एसएनएससी) के सचिव अली अकबर अह्मदियान से टेलीफोन पर बातचीत की। इस बातचीत में भारत-ईरान रणनीतिक संबंधों को और मजबूत करने पर चर्चा हुई।

इस दौरान चाबहार पोर्ट प्रोजेक्ट और अंतर्राष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन कारिडोर पर जोर दिया गया। भारत ने क्षेत्रीय स्थिरता में ईरान की 'रचनात्मक भूमिका' की सराहना की और चाबहार प्रोजेक्ट पर सहयोग बढ़ाने में भारत की रुचि व्यक्त की। इस प्रोजेक्ट से भारत, पाकिस्तान को बाईपास करते हुए सीधे सेंट्रल एशिया तक पहुंच बना सकता है। ईरानी सचिव अह्मदियान ने भी राजनीतिक और आर्थिक सहयोग की संभावनाओं पर जोर दिया। साथ ही क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के लिए चाबहार प्रोजेक्ट के तेजी से आगे बढ़ाने की आवश्यकता बताई। ईरान के साथ भारत की बातचीत को पाकिस्तान को घेरने के रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है। खासकर हाल के भारत-पाकिस्तान तनाव और अफगानिस्तान के साथ भारत के बढ़ते संबंधों के संदर्भ में। पाक चाबहार को अपनी भू-राजनीतिक घेराबंदी के रूप में देखता है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुरुवार को अफगानिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री मावलवी आमिर खान मुत्ताकी से फोन पर बात की थी, जो 1999 के बाद से भारत और तालिबान के बीच पहली बात थी। इससे पहले कंधार विमान अपहरण के समय भारत-तालिबान में बात हुई थी।

# चीन पाकिस्तान में बना रहा दुनिया का पांचवां ऊंचा डैम

## 700 कीट होगी बांध की ऊंचाई, पेशावर को हर दिन 30 करोड़ गैलन पानी सप्लाई होगी

**चीन ने इसे पाकिस्तान के लिए नेशनल प्रोजेक्ट बताया**

**इस्लामाबाद।** चीन ने पाकिस्तान में मोहमंद डैम के निर्माण को तेज करने की घोषणा की है, जो एक महत्वपूर्ण हाइड्रोपावर और वाटर सिक्योरिटी प्रोजेक्ट है। चीन ने यह कदम भारत और पाकिस्तान के बीच सिंधु जल संधि को लेकर बढ़ते तनाव के बीच उठाया है।

साउथ चाइना मार्निंग पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, डैम में कंक्रीट भरने का काम शुरू हो गया है। चीन ने इसे पाकिस्तान के लिए नेशनल प्रोजेक्ट बताया है। इस डैम का निर्माण चीन की सरकारी कंपनी चाइना एनर्जी इंजीनियरिंग कारपोरेशन कर रही है। इस कंपनी ने 2019 में काम शुरू किया था। यह खबर पाकिस्तान के उप-प्रधानमंत्री इशाक डार के बीजिंग दौरे से पहले आई है, जहां वे चीन के विदेश मंत्री वांग ई से मुलाकात करेंगे। मोहमंद डैम पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के मोहमंद जिले में स्वात नदी पर बन रहा है। यह एक बहुउद्देशीय कंक्रीट-फेस्ड राकफिल डैम है, जो बाढ़ कंट्रोल, सिंचाई, पीने का पानी और बिजली उत्पादन के लिए बनाया जा रहा है। 700 फीट ऊंचा यह डैम दुनिया का पांचवां सबसे ऊंचा डैम होगा। यह डैम पूरा होने पर 800 मेगावाट जल विद्युत (हाइड्रोपावर) पैदा करेगा और पेशावर को हर दिन 30 करोड़ गैलन पानी सप्लाई करेगा। इसके अलावा, यह हजारों एकड़ कृषि भूमि की सिंचाई करेगा और निचले इलाकों को मौसमी बाढ़ से बचाएगा। पाकिस्तानी अखबार डान की एक रिपोर्ट के मुताबिक डैम का काम 2027 तक कंपलीट हो सकता है। फिलहाल डैम में पावर और सिंचाई टनल की खुदाई, स्पिलवे का निर्माण और अपस्ट्रीम काफरडैम पर भी काम चल रहा है।

## ट्रम्प-पुतिन की बातचीत 'बहुत अच्छी' रही

मॉस्को/वाशिंगटन। रूस के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और उनके अमेरिकी समकक्ष डोनाल्ड ट्रम्प के बीच फोन पर हुई बातचीत पर कहा है कि दोनों शीर्ष नेताओं के बीच वार्ता बहुत अच्छी रही और अमेरिका यूक्रेनी समझौते पर मध्यस्थता से पीछे नहीं हट रहा है।

पेस्कोव ने कहा कि बेशक, बहुत प्रभावी मध्यस्थता सेवाएं प्रदान की संपर्क स्थापित किया गया है और अब, वास्तव में, सीधा संपर्क साधा जा रहा है। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि रूस और यूक्रेन को शांति संधि और युद्ध विराम पर ज्ञापन तैयार करने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि रूस और यूक्रेन दोनों पक्षों द्वारा मसौदा तैयार किया जाएगा, इन दस्तावेजों का आदान-प्रदान किया जाएगा और फिर एक एकल पाठ विकसित करने के लिए कठिन संपर्क किए जाएंगे। प्रवक्ता ने कहा कि रूस और यूक्रेन के बीच ज्ञापन तैयार करने की कोई समय सीमा नहीं है और इसकी समय सीमा एक हो नहीं सकती। इससे पहले पुतिन ने कहा था कि रूस यूक्रेन के साथ एक ज्ञापन पर काम करने के लिए तैयार है।

## अफगान भी रोकेगा पाक का पानी

**कुनार नदी पर डैम बना रहा अफगानिस्तान, ये पानी हमारा खून, इसे बहने नहीं देंगे: अफगान जनरल**

काबुल। भारत के बाद अब अफगानिस्तान भी पाकिस्तान की ओर जाने वाले पानी के प्रवाह को रोकने के लिए डैम बनाने की तैयारी कर रहा है। तालिबान सरकार के आर्मी जनरल मुबीन ने कुनार नदी पर बन रहे डैम का निरीक्षण किया। बलूच नेता मीर यार बलूच ने जनरल मुबीन के दौरे का वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया।

जनरल मुबीन ने तालिबान सरकार से इस डैम को बनाने के लिए धन जुटाने की अपील की। उन्होंने कहा: यह पानी हमारा खून है और हम अपने खून को अपनी नसों से नहीं बहने दे सकते। हमें अपने पानी को रोकना होगा। इससे हमारी बिजली की जरूरतें पूरी होंगी और हम अपनी खेती में इस्तेमाल करके पैदावार बढ़ाएंगे। तालिबान के जल और ऊर्जा मंत्रालय के प्रवक्ता मतीउल्लाह आबिद का कहना है कि इस डैम का सर्वे और डिजाइन तैयार हो चुका है, लेकिन इसे बनाने लिए पैसे की जरूरत है। तालिबान सरकार का दावा है कि यह प्रोजेक्ट पूरा हो जाता है तो इससे 45 मेगावाट बिजली पैदा होगी और लगभग 1.5 लाख एकड़ खेती को सिंचाई के लिए पानी मिलेगा। इससे अफगानिस्तान में ऊर्जा संकट और खाद्य सुरक्षा में सुधार होगा। 480 किलोमीटर लंबी कुनार नदी अफगानिस्तान के हिंदू कुश पर्वतों से निकलती है और पाकिस्तान में जलालाबाद के पास काबुल नदी में मिलती।

यह पाकिस्तान का एक अहम जल स्रोत है। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच काबुल नदी और इसकी सहायक नदियों के जल बंटवारे को लेकर कोई औपचारिक द्विपक्षीय समझौता नहीं है। पाकिस्तान पहले भी अफगानिस्तान की डैम परियोजनाओं पर चिंता जता चुका है, क्योंकि इससे उसके इलाके में आने वाली जल की आपूर्ति कम हो सकती है। पाकिस्तान मीडिया के मुताबिक कुनार नदी पर डैम बनने से काबुल नदी के जल प्रवाह में 16-17 प्रतिशत तक की कमी आ सकती है। इससे पाकिस्तान की खेती और जल आपूर्ति पर बड़ा असर पड़ेगा। पाकिस्तान पहले ही भारत की तरफ से सिंधु जल संधि को स्थगित करने और चिनाब नदी पर डैम के स्लुइस गेट (पानी का गेट) बंद होने की वजह से दबाव में है। ऐसे में कुनार नदी पर यह डैम बन जाता है तो उसे और ज्यादा मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा। भारत ने अफगानिस्तान में शहतूत और सलमा डैम जैसे प्रोजेक्ट को वित्तीय और तकनीकी मदद दी है। ये प्रोजेक्ट काबुल नदी पर हैं और पाकिस्तान के लिए जल आपूर्ति को प्रभावित कर सकते हैं। भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने 15 मई को तालिबान के विदेश मंत्री से फोन पर बात की थी। इस दौरान भारत ने काबुल नदी पर शहतूत डैम प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाने पर चर्चा की। शहतूत डैम एक जलविद्युत (हाइड्रोपावर) और सिंचाई प्रोजेक्ट है।

## चीन में सरकारी अधिकारियों के खर्च में कटौती

**बीजिंग।** चीन में सरकार ने अपने अधिकारियों को शराब और सिगरेट पर खर्च कम करने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही ट्रैवल, फूड और आफिस की जगहों पर भी खर्च में कटौती करने को कहा गया है। यह निर्णय राष्ट्रपति शी जिनपिंग और कम्युनिस्ट पार्टी की ओर से सरकारी खर्च को कम करने के लिए लिया गया है। चीन में अब आफिस में महंगे भोजन, शराब और सिगरेट नहीं परोसे जाएंगे। प्रोग्राम में भव्य फूलों की सजावट नहीं की जाएगी। चीन की शिन्हुआ न्यूज एजेंसी के मुताबिक चीन की कम्युनिस्ट सरकार ने अधिकारियों पर खर्च में कड़ाई और बचत की मांग की है। जिसमें अधिकारियों से सरकारी संसाधनों का सावधानी से इस्तेमाल करने और फिजूलखर्ची रोकने को कहा गया है। सरकार ने हो रही फिजूलखर्ची को शर्मनाक और बचत को सम्मानजनक बताया है।

## स्वास्थ्य ढांचे में निवेश आवश्यक: गुटेरेस

**जिनेवा /नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने सभी के लिए समान स्वास्थ्य सेवा का आह्वान करते हुए कहा है कि वैश्विक स्वास्थ्य ढांचे में निवेश बहुत आवश्यक है। गुटेरेस ने मंगलवार को जिनेवा में 78वीं विश्व स्वास्थ्य सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मौजूदा समय में पहले से कहीं अधिक विश्व को एक सुसंगत वैश्विक स्वास्थ्य ढांचे की आवश्यकता है जो संकटों पर तेजी से प्रतिक्रिया दे सके तथा सभी के लिए सुरक्षा और कल्याण को मजबूत कर सके। उन्होंने कहा कि कोविड-19 महामारी ने सामूहिक तैयारियों में गहरी खामियों को उजागर किया है।

Recruitment For Teaching Staff
Assistant professor Law
Qualification: (A) B.A.LL.B/LL.B and LL.M with 55% marks
(B) UGC NET or Ph.D (Law)
Salary As per Govt. Norms
Eligible candidates are invited to send their resumes to idcdeoband@gmail.com and appear for the interview within 15 days with original documents and a recent colored photograph.
❑ Experienced Candidates will be preferred.
ISLAMIA COLLEGE OF LAW
Deoband, Distt., Saharanpur
Contact No. : 9045143298, 8755525452
Email Id- idcdeoband@gmail.com

G.D. Tandon Saraswati Vidya Mandir
Kailsa, Amroha (U.P.) 244221
E-mail: gdtsvmkailsa@gmail.com
Senior Secondary School, Affiliated to C.B.S.E, New Delhi, Affiliation No. 2131946, School Code: 81795
Congratulation
CBSE Examination Result 2025
School Toppers - Class XII (2024-25)

(500/457) FAREED RAZA 91.4%
(500/441) VIVEK KUMAR 88.2%
(500/434) SHRIKANT 86.8%
(500/432) JUNAID HUSAIN 86.4%
School Toppers - Class X (2024-25)

(500/451) AAYUSH VASHISHTHA 90.2%
(500/438) SONIA CHANDEL 87.6%
(500/435) MANVI 87%
(500/425) SHRISHTI 85%
ADMISSIONS OPEN
FOR SESSION 2025-26
8057522200
8057563000